# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन


• बोकारो, बुधवार 10 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 24 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## संक्षिप्त समाचार

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के भदानीनगर ओपी क्षेत्र के देवरिया गांव में एक युवक का शव महुआ के पेड़ से लटका मिला है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान विशाल मुंडा के रूप में हुई है। उसका शव मंगलवार सुबह फंदे से लटकता पाया गया। पुलिस इसे संदेहास्पद मौत मानकर चल रही है। परिजनों के अनुसार विशाल मुंडा बीती रात करीब 10 बजे घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बालूमाथ-पांकी मुख्य मार्ग पर झाबर ग्राम स्थित बिरहोर टोला के पास बीती रात एक सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई। इस घटना के बाद मंगलवार को आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। मृतक की पहचान झाबर के बिरहोर टोला निवासी 60 वर्षीय इंद्रदेव बिरहोर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार इंद्रदेव रात में पानी लाने के लिए सड़क पार कर रहे थे। वापस लौटते समय सड़क किनारे खड़े उन्हें एक तेज रफ्तार हाइवा ने टक्कर मार दी।

### घर में चक्कर खा गिरी किशोरी, मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। मृतका की पहचान अंकिता कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अंकिता घर के अंदर बने कुएं के पास बैठकर बर्तन साफ कर रही थी। इसी दौरान उसे अचानक चक्कर आ गया। संतुलन बिगड़ने से वह पास में रखे सिलवट पर सिर के बल गिर पड़ी। गिरते ही उसके सिर और नाक से खून बहने लगा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

### मिट्टी भराई के दौरान ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोवागड़ा गांव में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। मिट्टी भराई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से 28 वर्षीय युवक मनीष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक गांव निवासी विजय दांगी का पुत्र बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मनीष अपने खेत में मिट्टी भरने का काम कर रहा था। वह ट्रैक्टर में मिट्टी लादकर उसे दूसरी जगह गिराने के लिए ले जा रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर असंतुलित हो गया और उसका अगला हिस्सा ऊपर की ओर उठ गया। इससे पहले कि मनीष कुछ समझ पाता वह ट्रैक्टर के भारी इंजन की चपेट में आ गया और उसके नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

### मुख्यमंत्री ने की पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कामकाज की समीक्षा

# राज्य के हर घर तक पाइपलाइन से पहुंचाएं शुद्ध पेयजल : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कामकाज की उच्च स्तरीय समीक्षा की। बैठक में उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 में चल रही योजनाओं की प्रगति और 2026-27 की कार्य योजना पर अधिकारियों को कई जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल की उपलब्धता जनजीवन से जुड़ा बेहद अहम विषय है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन के तहत राज्य के हर घर तक पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम समय पर पूरा किया जाए। जहां भी पेयजल संकट की संभावना हो, उन इलाकों को चिन्हित कर वहां त्वरित कार्रवाई की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने जल सहियाओं की भूमिका को लेकर भी अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल सहियाओं को आईटीआई के जरिए प्लंबर का वोकेशनल प्रशिक्षण दिलाया जाए और उन्हें चापाकलों की मरम्मत और सौर ऊर्जा वाटर सप्लाई की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी जाए। अच्छा काम करने वाली जल सहियाओं को पुरस्कृत भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी योजनाओं के ठेकेदारों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर रोज की काम की प्रगति अपडेट कराई जाए और उसकी लगातार निगरानी हो। अधिकारियों ने बैठक में बताया कि जल जीवन मिशन के तहत दिसंबर 2028 तक राज्य के शत प्रतिशत ग्रामीण घरों तक पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। भू-जल स्तर को लेकर भी मुख्यमंत्री ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जो चापाकल भू-जल स्तर गिरने के कारण बेकार हो चुके हैं उनके बोरिंग का इस्तेमाल रिचार्ज पीट के रूप में किया जाए ताकि बारिश का पानी जमीन में उतर सके। इसके अलावा लोगों को शॉक पीट बनाने के लिए भी जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाई जाए और जो गांव प्लास्टिक मुक्त बनें, उन्हें सरकार की तरफ से पुरस्कृत किया जाए। साथ ही हर आंगनबाड़ी केंद्र में भी शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नथवाणी के नामांकन में तकनीकी गड़बड़ी, होल्ड पर रखा गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** नामांकन पत्रों की जांच के दौरान एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दिग्गज उम्मीदवार परिमल नथवाणी का नामांकन पत्र फिलहाल होल्ड पर रख दिया गया है। उनके दस्तावेजों में नाम को लेकर पैदा हुए तकनीकी विवाद के बाद निर्वाची पदाधिकारी ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। मिली जानकारी के अनुसार परिमल नथवाणी द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों में नाम की विसंगति सामने आई है। कुछ सरकारी और चुनावी दस्तावेजों में उनका नाम परिमल नथवाणी दर्ज है जबकि कुछ अन्य दस्तावेजों में उनका नाम उलटकर नथवाणी परिमल लिखा हुआ है। दस्तावेजों में नाम के इस फ़ेरबदल और विसंगति को देखते हुए स्क्रूटनी के दौरान निर्वाची पदाधिकारी ने इस पर आपत्ति जताई और उनके नामांकन को फिलहाल होल्ड पर रख दिया है। अब इस तकनीकी खामी पर सफाई या सही दस्तावेज पेश करने के बाद ही आगे का फैसला होगा। एक तरफ जहां परिमल नथवाणी के नाम पर संशय बरकरार है, वहीं दूसरी ओर अन्य प्रमुख उम्मीदवारों को बड़ी राहत मिली है। जांच प्रक्रिया के दौरान झामुमो के बैद्यनाथ राम का नामांकन पत्र पूरी तरह वैध और सही पाया गया है। कांग्रेस के प्रणव झा के नामांकन पत्रों की जांच भी सफल रही और उनका पर्चा भी सही पाया गया है। निर्वाची पदाधिकारी की हरी झंडी मिलने के बाद इन दोनों उम्मीदवारों का चुनावी सफर अब अगले चरण में पहुंच गया है। परिमल नथवाणी जैसे बड़े चेहरे का नामांकन होल्ड पर जाने की खबर से राजनीतिक गलियारों में अचानक सनसनी फैल गई है। नथवाणी खेमा अब इस तकनीकी आपत्ति को दूर करने और विसंगति को स्पष्ट करने के लिए कानूनी और चुनावी विशेषज्ञों से राय-मशविरा करने में जुट गया है।

## केदारनाथ जाने के लिए निकले युवक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले के बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करसो पुल के समीप अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान हजारीबाग शहर के ओकनी निवासी विक्की सोनी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार विक्की सोनी अपने एक मित्र के साथ केदारनाथ तीर्थ यात्रा पर जाने के लिए घर से निकले थे। उनके मित्र अभिषेक कुमार उपाध्याय ने बताया कि वे विक्की को कोडरमा रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहे थे जहां से उन्हें ट्रेन पकड़नी थी। इसी दौरान करसो पुल के पास उनकी कार का टायर अचानक पंचर हो गया। दोनों सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर टायर बदलने लगे तभी यह वारदात हो गई। अभिषेक के अनुसार टायर बदलने के दौरान अचानक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात अपराधी वहां पहुंचे। बिना किसी बातचीत या विवाद के विक्की सोनी को निशाना बनाते हुए उनकी गर्दन में गोली मार दी। गोली लगते ही विक्की गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद दोनों अपराधी मौके से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। हालांकि जब तक पुलिस पहुंची तब तक विक्की सोनी की मौत हो चुकी थी। घटना की खबर मिलते ही परिजन भी घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने इस घटना पर आक्रोश जताते हुए अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर मंगलवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के कोकर स्थित समाधि स्थल पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद दोनों नेताओं ने बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि है। उनके निधन के लगभग सवा सौ वर्ष बाद भी देशभर में आदिवासी समाज सहित सभी वर्गों के लोग उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भगवान बिरसा मुंडा के महान संघर्ष, त्याग और प्रेरणादायी जीवन का ही प्रभाव है कि वे आज भी जनमानस के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने समाज और देश के लिए जो संघर्ष किया तथा जो इतिहास रचा, उसे आने वाली पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। उनके आदर्श, विचार और दिखाया गया मार्ग समाज को निरंतर प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वे और राज्य के लोग उनकी समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे हैं और आगे भी उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का यह सिलसिला जारी रहेगा। भगवान बिरसा मुंडा को झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश में आदिवासी अस्मिता, सामाजिक न्याय और स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नायक के रूप में याद किया जाता है। उनकी पुण्यतिथि पर राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

# पानी के लिए विवाद, फायरिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**धनबाद।** पानी की समस्या को लेकर मंगलवार को जमकर विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला हिंसक झड़प में बदल गया, जिससे पूरे इलाके में तनाव फैल गया। घटना बाघमारा अनुमंडल अंतर्गत सोनारडीह ओपी क्षेत्र के जोगीडीह और बहियारडीह गांव के बीच हुई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। डीएसपी अजीत कुमार विमल ने बताया कि जोगीडीह की महिलाओं ने पानी की समस्या को लेकर सड़क जाम किया था। डीएसपी के अनुसार ग्रामीणों का आरोप है कि बहियारडीह के कुछ लोग अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त हैं और उन्हीं की वजह से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित हुई है। इसी मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ और बाद में झड़प में बदल गया। दूसरे पक्ष ने बहियारडीह के दीपक कुमार साव के घर और दुकान पर हमला कर दिया। पुलिस के पहुंचने के बाद भी स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। प्रारंभिक जांच में विपक्षी पक्ष की ओर से दो राउंड फायरिंग किए जाने की बात सामने आई है। घटनास्थल से पुलिस ने दो खोखा भी बरामद किए हैं। भुक्तभोगी दीपक कुमार साव ने बताया कि मंगलवार को अचानक जोगीडीह बस्ती से करीब 50 से 60 लोग उनके घर और दुकान के सामने पहुंच गए। आते ही उपद्रवियों ने फायरिंग शुरू कर दी और आसपास खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ की। दीपक ने कहा कि परिवार के लोग घबरा गए और जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। डीएसपी ने बताया कि कुछ महिलाओं द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस वाहन पर पथराव किए जाने की भी जानकारी मिली है, जिससे बरोरा थाना की पेट्रोलिंग गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और उसका शीशा टूट गया। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## इंटरमीडिएट और स्नातक ट्रेंड सहायक आचार्य परीक्षा के 16,113 आवेदन रद्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने झारखंड इंटरमीडिएट एवं स्नातक प्रशिक्षित विशेष शिक्षा सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 के लिए आवेदन करने वाले 16,113 अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन रद्द कर दिये हैं। आयोग की ओर से जारी सूचना के अनुसार आवेदन प्रक्रिया को निर्धारित तरीके से पूरा नहीं करने के कारण यह कार्रवाई की गयी है। आयोग ने इस संबंध में विस्तृत सूचना अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भी जारी कर दी है। जेएसएससी द्वारा जारी सूचना के अनुसार कुल 15,936 ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन रद्द किये गये हैं जिन्होंने केवल प्रारंभिक चरण यानी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की थी लेकिन आवेदन के अन्य आवश्यक चरणों को पूरा नहीं किया। इसके कारण उनके आवेदन अमान्य घोषित कर दिये गये। इसके अलावा 177 ऐसे अभ्यर्थी भी हैं जिन्होंने प्रारंभिक चरण की प्रक्रिया पूरी कर ली थी लेकिन निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान नहीं किया। शुल्क जमा नहीं करने के कारण उनके आवेदन भी निरस्त कर दिये गये। आयोग ने बताया कि झारखंड इंटरमीडिएट एवं स्नातक प्रशिक्षित विशेष शिक्षा सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 (विज्ञापन संख्या-08/2025) के लिए 14 दिसंबर 2025 से 24 फरवरी 2026 की मध्यरात्रि तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद यह कार्रवाई की गयी है।

## जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात, दो घरों को किया ध्वस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**धनबाद।** जिले के टुंडी प्रखंड में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले करीब 15 दिनों से टुंडी पहाड़ पर डेरा जमाए लगभग 35 हाथियों का झुंड अब लगातार रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ रहा है। ताजा घटना में हाथियों ने दो घरों को नुकसान पहुंचाया है और घरों में रखा अनाज भी चट कर गया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात भोजन की तलाश में पहाड़ से उतरकर हाथियों का झुंड पर्वतपुर और बसहा गांव पहुंच गया। हाथियों की चिंघाड़ और पेड़ों के टूटने की आवाज सुनकर ग्रामीणों की नींद खुल गई। घरों से बाहर निकलते ही लोगों की नजर विशाल हाथियों के झुंड पर पड़ी जिसके बाद लोग जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। इसी दौरान हाथियों ने पर्वतपुर निवासी महालाल किस्कू और सुनील हेंब्रम के मिट्टी के घरों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घर के अंदर मौजूद लोगों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बड़े हाथियों ने घरों की दीवारें और ढांचे को तोड़ दिया जबकि झुंड में शामिल छोटे हाथी घरों के भीतर घुस गए और घर के अंदर रखे धान, गेहूं और अन्य खाद्यान्न देखते ही देखते चट कर गए। एक ही रात में घर और अनाज दोनों का नुकसान होने से प्रभावित परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वनकर्मियों ने मशाल, ढोल-नगाड़े और पटाखों की मदद से हाथियों को आबादी से दूर नवतार पहाड़ की ओर खदेड़ा। काफी मशक्कत के बाद हाथियों के झुंड को गांव से बाहर निकालने में सफलता मिली।

## कोल गैसीफिकेशन से बदलेगी ऊर्जा की तस्वीर : सीएमडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**धनबाद।** केंद्र सरकार ने कोल गैसीफिकेशन को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन कोयले का गैसीफिकेशन किया जाए जिससे देश को स्वच्छ ऊर्जा का नया विकल्प मिलेगा और यूरिया, अमोनिया, मेथनॉल जैसे महत्वपूर्ण उत्पादों के आयात पर निर्भरता भी कम होगी। देश की कोयला राजधानी कहे जाने वाले धनबाद में बीसीसीएल की कई बड़ी खदानें मौजूद हैं। ऐसे में कोयलांचल के लिए भी यह परियोजना औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी संभावना बनकर उभर रही है। बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में कोल गैसीफिकेशन एक ऐसी आधुनिक तकनीक बनकर उभर रही है, जो पारंपरिक कोयला उपयोग के तरीके को पूरी तरह बदल सकती है। यह तकनीक न सिर्फ स्वच्छ ऊर्जा का नया विकल्प देगी बल्कि रोजगार, उद्योग और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। श्री अग्रवाल ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर विस्तार से जानकारी दी और बताया कि आने वाले समय में कोल इंडिया और बीसीसीएल इस क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं। बीसीसीएल के सीएमडी ने बताया कि वर्तमान समय में देश में कोयले से लगभग 70 प्रतिशत बिजली का उत्पादन पारंपरिक पद्धति से किया जाता है। इस प्रक्रिया में सीधे कोयले को जलाकर ऊर्जा प्राप्त की जाती है लेकिन कोल गैसीफिकेशन तकनीक इससे कहीं अधिक आधुनिक, स्वच्छ और प्रभावी विकल्प है। श्री अग्रवाल ने बताया कि इस तकनीक में सबसे पहले कोयले को बारीक रूप में तैयार किया जाता है। इसके बाद नियंत्रित मात्रा में ऑक्सीजन और भाप यानी स्टीम का प्रवाह किया जाता है, जिससे रासायनिक प्रक्रिया के माध्यम से सिंथेटिक गैस यानी सिन गैस तैयार होती है। यह गैस सामान्य कोयले की तुलना में अधिक कैलोरी वैल्यू वाली, अधिक दक्ष और पर्यावरण के अनुकूल होती है।



C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि संवाद में छात्रों ने जाना प्राकृतिक, जैविक और आधुनिक खेती का महत्व

**बेगूसराय नगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** माया कौशल्या फाउंडेशन के द्वारा स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रजौड़ा में कृषि संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विषय से इंटर्नशिप कर रहे स्नातक सेमेस्टर-5 के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक अरविद चौधरी ने कहा कि भारत की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है और किसानों को आज कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वर्तमान समय में कृषि के क्षेत्र में शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और नई तकनीक का ज्ञान बेहद जरूरी है, जिससे किसान आधुनिक तरीके से खेती कर बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकें। कृषि विभाग में कार्यरत कृषि समन्वयक रंजीत कुमार ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि कृषि मुख्य रूप से प्राकृतिक, रासायनिक और जैविक विधियों से की जाती है। यदि इन विधियों का उपयोग सही तरीके से और निर्धारित मापदंडों के अनुसार किया जाए तो यह किसानों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है।रसायन शास्त्र के शिक्षक ओमप्रकाश ने जैविक खेती पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की उर्वरा शक्ति और मानव स्वास्थ्य के लिए जैविक खेती काफी महत्वपूर्ण है। युवाओं को अपने आसपास जैविक खेती को बढ़ावा देना चाहिए ताकि स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। युवा किसान आशुतोष कुमार ने छात्रों को कृषि क्षेत्र से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि आज खेती केवल परंपरागत कार्य नहीं बल्कि स्वरोजगार और बेहतर आय का माध्यम बन सकती है। आधुनिक तकनीक, नई किस्मों और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर युवा कृषि के क्षेत्र में बेहतर भविष्य बना सकते हैं।माया कौशल्या फाउंडेशन के सचिव रौशन कुमार ने कहा कि इंटर्नशिप कर रहे छात्र छात्रा अपने आसपास के किसानों की समस्याओं, कृषि केंद्रों और उनके समाधान से जुड़ी जानकारियों को अपनी इंटर्नशिप रिपोर्ट में शामिल करें, जिससे उनका व्यवहारिक ज्ञान बढ़ सके।कार्यक्रम का संचालन गौरव कुमार पाठक ने किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने कृषि, आधुनिक खेती और किसानों की समस्याओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

### सुरक्षित मातृत्व योजना की 10वीं वर्षगांठ पर शिविर आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मंगलवार को पीएचसी नावकोठी में जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में कुल 77 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें 24 एनीमिक तथा 1 हेपटाइटिस बी पाँजीटिव एवं एक एचआईवी पॉजिटिव महिला पाई गई। इन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा महिलाओं का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक जांच की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। इससे मां और गर्भ में पल रहे शिशु के स्वास्थ्य की स्थिति का सही आकलन किया जा सकता है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को प्रतिमाह स्वास्थ्य जांच कराने, चिकित्सकों द्वारा दी गई दवाओं का नियमित सेवन करने तथा संतुलित एवं पौष्टिक भोजन लेने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, दाल, दूध, फल, अंडा तथा आयरन व प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए, जिससे शरीर में खून की कमी न हो और मां तथा शिशु दोनों स्वस्थ रह सकें। साथ ही समय-समय पर टीकाकरण कराने और स्वास्थ्यकर्मियों के संपर्क में रहने की भी सलाह दी। पैथोलॉजिकल जांच एलटी पंकज जोशी ने किया।इस मौके पर डॉ. भारती भूषण, रवि कुमार , एएनएम शालिनी, रीणा, बेबी, रूपम, विभा ,विश्व भारती, रूपम, मंचन,सीमा सहित आशा कार्यकताश्च एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी सहित ल लाभुक उपस्थित थे ।

### बछवाड़ा थाना क्षेत्र में अपराध का बढ़ रहा ग्राफ-कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**बछवाड़ा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा दियारा एवं आसपास के इलाकों में लगातार बढ़ रही हत्या, लूट, गोलीबारी, रंगदारी एवं अन्य संगीन आपराधिक घटनाओं पर गहरी चिता व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।कांग्रेस जिला अध्यक्ष गरीब दास ने पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय को पत्र भेजकर कहा है कि बछवाड़ा थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौंसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि दिनदहाड़े डायल-112 पुलिस टीम की मौजूदगी में भी गोलीबारी एवं हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। हाल के दिनों में फतेहा में हथियारों के बल पर दुकानदारों से रंगदारी की मांग करते हुए लूट की घटना, रानी में आपसी विवाद में हुए दिनदहाड़े फायरिग तथा चमथा के पचखूट्टी दियारा में गंगा नदी में बांध निर्माण कार्य स्थल पर फायरिग करते हुए रंगदारी की मांग करते हुए सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने जैसी कई अन्य संगीन आपराधिक घटनाओं ने आम लोगों के बीच भय का माहौल उत्पन्न कर दिया है।उन्होंने आरोप लगाया कि थाना स्तर पर प्रभावी पुलिसिग एवं अपराध नियंत्रण में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में क्षेत्र की जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है।गरीब दास ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि बछवाड़ा थाना के वर्तमान थाना प्रभारी की कार्यशैली एवं अपराध नियंत्रण में बरती गई लापरवाही की उच्चस्तरीय जांच कर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाए। साथ ही दियारा क्षेत्र में स्थायी पुलिस पिकेट की स्थापना कर पुलिस गश्ती बढ़ाने तथा अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने की मांग की है ताकि दियारा क्षेत्र को अपराधियों द्वारा सेफ जोन मानकर किए जा रहे बड़ी-बड़ी घटनाएं पर अंकुश लग सके।

### जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष स्वास्थ्य महाअभियान का आयोजन

**बेगूसराय नगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफल क्रियान्वयन के 1० वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष स्वास्थ्य महाअभियान का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है।इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, साहेबपुर कमाल में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जहां कुल 183 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान 12 गर्भवती महिलाओं को उच्च जोखिम (हाई रिस्क) श्रेणी में चिन्हित किया गया। इन सभी महिलाओं के लिए आवश्यक चिकित्सीय परामर्श, नियमित अनुश्रवण एवं समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व, संस्थागत प्रसव, नियमित प्रसवपूर्व जांच तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर परिसर में स्थापित पोषण जागरूकता कॉर्नर के माध्यम से माताओं को मातृ एवं शिशु पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए शिविर में आने वाली महिलाओं एवं उनके परिजनों के लिए पेयजल, छायादार प्रतीक्षालय, कूलर एवं पंखों की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।इस आयोजन को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग (आईसीडीएस) तथा पिरामल फाउंडेशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राकेश कुमार, नोडल पदाधिकारी डॉ मीनू माया, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनीता कुमारी, सीडीपीओ संगीता कुमारी, बीसीएम रतन कुमार तथा पिरामल फाउंडेशन के दीपक मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी, एएनएम, जीएनएम एवं बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकताश्च उपस्थित थे।जिला प्रशासन द्वारा कहा गया है कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के लिए समय पर स्वास्थ्य जांच, उचित पोषण एवं नियमित चिकित्सीय परामर्श अत्यंत आवश्यक है। जिला प्रशासन इस दिशा में सभी संबंधित विभागों के सहयोग से निरंतर कार्य कर रहा है।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण, सुरक्षा का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव एवं निगरानी संबंधी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वेयरहाउस परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, बैलेट यूनिट (बीयू) हॉल, जनरेटर रूम, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता, कमरों की सीलिंग व्यवस्था तथा सुरक्षा बलों के लॉग बुक की जांच की। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए




रखने पर जोर दिया उपायुक्त ने तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय रहने का निर्देश देते हुए कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने तथा नियमित निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# धरती आबा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा अधिकारियों ने किया नमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को समाहरणालय सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन





किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, अपर समाहर्ता वैभव कुमार सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, स्वाभिमान और जन अधिकारों के प्रतीक थे। उन्होंने आदिवासी समाज सहित वंचित एवं शोषित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनका संघर्ष, त्याग और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करता है। उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने कहा कि धरती आबा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के साथ-साथ सामाजिक न्याय एवं स्वाभिमान की लड़ाई लड़कर इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व समाज को सदैव प्रेरित करता रहेगा श्रद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और योगदान को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

# विशेष वाहन जांच अभियान, 102 वाहनों का कटा चालान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को शहर के अंबेडकर चौक पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 102 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल ₹1.47 लाख का जुमार्ना वसूला गया।जांच अभियान में यातायात निरीक्षक, मोटर वाहन निरीक्षक (एमवीआई), डीआरएसएम तथा परिवहन विभाग की टीम शामिल रही। अधिकारियों ने दोपहिया वाहनों, ई-रिक्शा (टोटो)



एवं अन्य वाहनों के दस्तावेजों की गहन जांच की।

इस दौरान ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन निबंधन प्रमाण पत्र, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, हेलमेट तथा अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई अभियान में 93 मोटरसाइकिल और 9 टोटो सहित कुल 102 वाहनों का चालान किया गया। विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में कुल ₹1,47,000 का जुमार्ना लगाया गया जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान जारी रहेगा।

## भाकपा माले ने की पंचायत बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** भाकपा माले ने लाखो पंचायत की बैठक सोमवार को ब्रांच सचिव गजेंद्र पंडित की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए खेग्रामस जिला सचिव चन्द्रदेव वर्मा ने कहा कि गांव के गरीबों मजदूरों को गुलाम बनाने की ओर भाजपा सरकार ने कदम बढ़ा दी है। मजदूरों के पक्ष में बने कानूनों को समाप्त कर मालिक,प्रबंधन पक्षीय धर्म की घुट्टी पिलाई जा रही है। जहां काम हमारा अधिकार नहीं धर्म की बातें होंगी।नतीजा मनरेगा को समाप्त कर जीरामजी (ग्रामजी) और 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 श्रमकोड में परिणत कर दिया गया है। अपने नये गजट में भाजपा सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि काम श्रमिकों का अधिकार नहीं धर्म है।

# प्रखंड मुख्यालय में राजद ने किया धरना-प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड मुख्यालय पर मंगलवार को राजद के प्रखंड अध्यक्ष अफरोज आलम के अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया।जिसका संचालन राजद के युवा प्रखंड अध्यक्ष अभिनव गुप्ता ने किया।जानकारी देते हुए डॉ सूरज यादव ने बताया कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार तथा जनविरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के आह्वान पर प्रखंड मुख्यालय में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है।धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश और राज्य की जनता बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। खाद्य पदार्थों, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम लोगों का जीवन कठिन होता जा रहा है। वहीं रोजगार के अभाव में युवा वर्ग निराशा का सामना कर रहा है। जिला महासचिव अर्जुन यादव ने कहा कि वर्तमान समय की समस्याएं अत्यंत गंभीर हैं। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से आमजन बुरी तरह प्रभावित हैं तथा सरकार इन मूलभूत समस्याओं के समाधान के बदले नए नए सलाह दे रही है। प्रखंड प्रभारी महावीर यादव ने कहा कि सरकार विकास, शिक्षा, रोजगार और जनहित के मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए समय-समय पर कुछ से कुछ उलूल जुलूल सलाह सामने लाती रहती है।

# माले-राजद-फॉरवर्ड ब्लॉक की संयुक्त टीम ने एसपी से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** हीरोडीह थाना क्षेत्र के बंगारो निवासी इंद्रदेव यादव हत्याकांड में आरोपियों द्वारा मृतक के परिजनों को लगातार धमकी दिए जाने के आरोप को लेकर सोमवार को भाकपा माले, राजद और फॉरवर्ड ब्लॉक की संयुक्त टीम ने गिरिडीह पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की प्रतिनिधिमंडल के साथ मृतक इंद्रदेव यादव की पत्नी, उनके पांचों बच्चे तथा अन्य परिजन भी मौजूद थे। परिजनों ने एसपी को बताया कि हत्या का मुख्य साजिशकर्ता अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है और वह लगातार परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस कारण पूरा परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन जीने को मजबूर



है।प्रतिनिधिमंडल में शामिल पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव, भाकपा माले के जमुआ प्रखंड सचिव एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य मनोवर हसन बंटी तथा राजद नेता ललन यादव ने एसपी को मामले की गंभीरता से अवगत कराया। नेताओं ने कहा कि हत्या के आरोपियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे अब भी पीड़ित परिवार को खुलेआम धमकी दे रहे हैं। उन्होंने घटना में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की एसपी डॉ. विमल कुमार ने परिजनों और नेताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि मामले में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने तत्काल खोरीमहुआ एसडीपीओ और हीरोडीह थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए मुलाकात के बाद नेताओं ने कहा कि उन्हें पुलिस अधीक्षक के आश्वासन पर भरोसा है, लेकिन यदि दोषियों की गिरफ्तारी में देरी हुई तो मामले को लेकर आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा इस अवसर पर अक्षय कुमार, बाली यादव, शंकर यादव, उपेंद्र यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# समेली के होनहार युवा मृणाल नरेश का आईआईएमसी नई दिल्ली में चयन, ऑल इंडिया रैंक 78 हासिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार (समेली)।** प्रखंड के होनहार युवा मृणाल नरेश ने देश के प्रतिष्ठित पत्रकारिता संस्थान इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन आईआईएमसी नई दिल्ली में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने सीयूईटी पीजी 2026 के माध्यम से पीजी इन जर्नलिज्म अंग्रेजी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑल इंडिया रैंक 78 प्राप्त की है।मृणाल नरेश शिक्षा सह सांख्यिकी पदाधिकारी एवं समेली के पूर्व प्रमुख नरेश कुमार मंडल के पुत्र हैं। सीयूईटी पीजी 2026 की प्रथम काउंसलिंग सूची में सामान्य श्रेणी के अंतर्गत उन्हें यह सीट आवंटित की



गई है।मृणाल ने इससे पूर्व कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग बीटेक की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूरी की है। तकनीकी शिक्षा के बाद पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में उनका चयन उनकी बहुमुखी प्रतिभा, लगन और मेहनत का परिचायक माना जा रहा है। देश के अग्रणी मीडिया एवं पत्रकारिता संस्थानों में शामिल आईआईएमसी में चयन को मृणाल के करियर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उनकी इस सफलता से परिवार, मित्रों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।परिजनों,शुभचिंतकों एवं स्थानीय लोगों ने मृणाल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरी है। समेली प्रखंड तथा कटिहार जिले के लिए यह गर्व का क्षण है। मृणाल की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी अपनी प्रतिभा, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं।

# बजरंगियों का जत्था शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के लिए दुमका रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा आयोजित "वीर हिंदू विजेता हिंदू शौर्य प्रशिक्षण वर्ग" में भाग लेने के लिए गिरिडीह से बजरंगियों का एक जत्था सोमवार को गिरिडीह रेलवे स्टेशन से दुमका के लिए रवाना हुआ।प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 9 जून से 14 जून तक किया जाएगा। इस दौरान प्रतिभागियों को शारीरिक प्रशिक्षण, बौद्धिक विकास तथा आत्मरक्षा सेल्फ डिफेंस से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

रवानगी के अवसर पर झारखंड प्रांत मंत्री रविशंकर पाण्डेय, धनबाद विभाग अध्यक्ष रितेश पांडे, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद जिला महामंत्री पंकज कुमार पांडेय, मंत्री पंकज कंधवे, मंत्री कुंदन केसरी,



राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष गौरव कुमार अंशु, उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, मंत्री शुभम झा, हिंदू एडवोट फॉर्म जिला अध्यक्ष रोचित अग्रवाल, मजदूर परिषद जिला मंत्री डब्लू रवानी, मंत्री रपन गुप्ता, हिंदू हेल्प लाइन जिला अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता तथा मंत्री बसंत सिंह सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे इसके अलावा रामरूपेश राम, अमन कुमार, अजीत कुमार, आदर्श कुमार, कृष कुमार, सचिन यादव, राजेश राम, निकेश बरनवाल, बबली चौधरी और सुशील बरनवाल सहित कई कार्यकर्ता भी जत्थे को रवाना करने के लिए रेलवे स्टेशन पर मौजूद रहे संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, संगठनात्मक क्षमता, शारीरिक दक्षता और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना है।

# महंगाई, बेरोजगारी और बिजली संकट को लेकर राजद का धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बराबरी (कटिहार)।** राष्ट्रीय जनता दल के राज्यव्यापी आंदोलन के तहत मंगलवार को बरारी प्रखंड मुख्यालय के समक्ष राजद कार्यकताओं ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना में भीषण महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, गरीबी, भ्रष्टाचार, बदहाल शिक्षा व्यवस्था, लचर बिजली आपूर्ति और चौपट विधि-व्यवस्था जैसे जनसरोकार के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। प्रदर्शन के बाद बिहार के राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार धीरज को सौंपा गया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के प्रखंड उपाध्यक्ष मिन्हाज आलम ने



की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय जनता दल अतिपिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कटिहार जिला प्रभारी विमल मालाकार उपस्थित रहे। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार अमरेन्द्र सिंह संजू ने भी धरना को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, शिक्षा व्यवस्था बदहाल है और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कानून-व्यवस्था की स्थिति भी लगातार कमजोर हो रही है, जिससे आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।धरना को युवा राजद के जिला उपाध्यक्ष शान्तनु यादव, उपेन्द्र राय, नरेश मंडल, बेचन शर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजेन्द्र दास, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि दिनेश चौधरी, राजद नेत्री रंजना कुमारी, हबीबुर्रहमान, हलीम बैठा, मो. सोहैल,रघुवीर राय, अजहर अली, शकील खान, मुन्ना चौधरी, सरदार प्रदीप सिंह, सरदार भगत सिंह, सचित यादव, मो. इलियास, शफीक अहमद, अब्दुल खालिक, एत नारायण सिंह, रवि कुमार, दिलीप कुमार ठाकुर, खलील अंसारी एवं जाबीर विशनपुर समेत कई नेताओं और कार्यकताओं ने संबोधित किया। धरना के दौरान बड़ी संख्या में राजद समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर जनहित के मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

# डीसी ने की स्वरोजगार एवं उद्यम प्रोत्साहन योजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार एवं उद्यम प्रोत्साहन योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की प्रगति की समीक्षा की गयी। पीएमएफएमई योजना की समीक्षा में बताया गया कि निर्धारित लक्ष्य 75 के विरुद्ध कुल 91 आवेदन विभिन्न बैंकों को भेजा गया है जिसमे बैंकों के तरफ से सिर्फ 4 स्वीकृत किये गये हैं। इसपर उपायुक्त श्री शेखावत ने धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए आवेदकों की स्वीकृति एवं लाभुकों के खाते में राशि भुगतान करने के कार्य में तेज़ी लाने की बात कही।बैठक में बताया गया कि पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत अबतक जिले में 909 आवेदन प्राप्त किए गए हैं।बैंक वार लंबित पड़े आवेदनों का रीव्यू किया।




**कम प्रगति पर डीसी ने जताया असंतोष :** ऋण वितरण की धीमी रफ्तार पर जिला दंडाधिकारी श्री शेखावत ने सख्त असंतोष व्यक्त किया।उन्होंने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि स्वीकृत हो चुके मामलों का नियमानुसार जल्द से जल्द निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि पलामू में उद्योगों के विकास से आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नये अवसर सृजित होंगे और यह तभी संभव है जब विभिन्न बैंकों का इसमें अपेक्षित सहयोग प्राप्त होगा। उन्होंने बैंकों को बिना किसी ठोस व तकनीकी कारण के आवेदनों को अस्वीकृत करने से बचने की बात कही।इस अवसर पर जिला उद्योग महाप्रबंधक रघुबर सिंह, एलडीएम अशोक श्रीवास्तव, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि समेत उद्योग विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# देवरी खुर्द पंचायत में विकास की नई शुरुआत, पीसीसी सड़क व चहका निर्माण का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद प्रखंड की देवरी खुर्द पंचायत में विकास कार्यों को नई गति देते हुए दो महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास किया गया। पंचायत की मुखिया ममता देवी ने ग्राम बलीबीघा में कृषि उपयोगी चहका निर्माण कार्य तथा ग्राम पूर्णाडीह में पीसीसी सड़क निर्माण योजना का विधिवत शुभारंभ किया। शिलान्यास के बाद ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए पंचायत में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। पूर्णाडीह वार्ड संख्या-3 में बनने वाली पीसीसी सड़क धर्मेंद्र चौधरी के घर से हीरालाल चौधरी के घर तक बनाई जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण से बरसात के दिनों में आवागमन की समस्या दूर होगी और लोगों को वर्षभर बेहतर सुविधा मिलेगी। वहीं, बलीबीघा वार्ड संख्या-10 में बनने वाला चहका किसानों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। इससे कृषि कार्यों को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों को खेती-किसानी से जुड़ी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ग्रामीणों ने इसे कृषि विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।बलीबीघा चहका निर्माण कार्य की लाभुक समिति के अध्यक्ष बच्चन मेहता एवं सचिव सुदामा मेहता हैं। वहीं पूर्णाडीह पीसीसी सड़क निर्माण कार्य की लाभुक समिति की अध्यक्ष मीरा देवी तथा सचिव राजू कुमार चौधरी हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में वार्ड सदस्य धर्मशीला देवी, प्रभु मेहता, प्रदीप कुमार, रामसुंदर मेहता, अशोक प्रसाद मेहता, समाजसेवी उपेन्द्र मेहता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने कहा कि पंचायत में लगातार हो रहे विकास कार्यों से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है और क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है।

## एक नजर

### गिरिडीह कॉलेज में सेमेस्टर-5 नामांकन के दौरान झारखंड छात्र मोर्चा ने लगाया हेल्प डेस्क

**गिरिडीह।** कॉलेज में सेमेस्टर-5 नामांकन प्रक्रिया के दौरान झारखंड छात्र मोर्चा द्वारा मंगलवार से हेल्प डेस्क की शुरुआत की गई। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नामांकन से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है तथा प्रक्रिया के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान में सहायता दी जा रही है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि नामांकन के दौरान किसी भी छात्र को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसी उद्देश्य से हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि छात्र हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए झारखंड छात्र मोर्चा भविष्य में भी इस प्रकार की पहल करता रहेगा। कार्यक्रम में झारखंड छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभय कुमार, जिला सचिव विशाल झा, जिला उपाध्यक्ष रोहित मंडल, करण यादव, जिला संगठन मंत्री जेबा नाज, विनय, आर्यन वर्मा, रोहित, खुशबू समेत संगठन के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बर्तन दुकान में चोरी, सीसीटीवी में वारदात कैद

**हिलसा (नालंदा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिलसा शहर के बरुन तल स्थित एक बर्तन दुकान में खरीदारी के बहाने पहुंची महिलाओं द्वारा कांसा के बर्तन चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके बाद दुकानदारों में चिंता का माहौल है। दुकान संचालक मनजीत कुमार ने बताया कि तीन महिलाएं उनकी दुकान पर बर्तन खरीदने के लिए आई थीं। काफी देर तक वे विभिन्न बर्तनों को देखती रहीं और खरीदारी को लेकर बातचीत करती रहीं। इसी दौरान एक महिला ने मौका पाकर कांसा का बर्तन अपनी साड़ी में छिपा ली और बिना किसी को भनक लगे दुकान से बाहर निकल गई। महिलाओं की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में एक महिला स्पष्ट रूप से बर्तन चोरी करते हुए दिखाई दे रही है। दुकानदार के अनुसार चोरी गए कांसा के बर्तनों की कीमत लगभग 14 से 15 हजार रुपये है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

**नगरनौसा(नालंदा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। धरने का उद्देश्य बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, किसानों की समस्याओं और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर सरकार के खिलाफ आवाज उठाना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष श्रवण यादव ने की। नेताओं ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनता महंगाई से त्रस्त है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ गया है। खाद्यान्न, सब्जी, दाल और तेल सहित आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने से लोगों का जीवन कठिन हो रहा है। इस मौके पर राकेश कुमार उर्फ़ जज साहब, राजनीति शर्मा,विजय कुमार, मुकेश कुमार, रंजीत कुमार, अशोक कुमार, रामबालक सिंह यादव, दीपक कुमार, शैलू यादव, अखिलेश यादव, रमेश यादव, ओमप्रकाश कुमार, पिंटू कुमार, कुणाल कुमार, कृष्णदेव प्रसाद, जितेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय पासी महासभा में विकास कुमार प्रभाकर को बड़ी जिम्मेदारी

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय पासी महासभा द्वारा जारी पदाधिकारी मनोनयन प्रमाण-पत्र के अनुसार नवादा निवासी विकास कुमार प्रभाकर (विकास चौधरी) को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ बिहार पद पर मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जवाहर लाल चौधरी की स्वीकृति से किया गया। महासभा ने आशा व्यक्त की है कि विकास कुमार प्रभाकर संगठन की नीतियों एवं नियमावली का पालन करते हुए समाज के उत्थान, युवाओं के सशक्तिकरण तथा संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके मनोनयन पर समाज के लोगों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

### जाम की समस्या से निजात के लिए कौआकोल बाजार में चला बुलडोजर

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाजार में लगातार लगने वाले जाम की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान जेपी चौक से आश्रम मोड़ तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। अभियान का नेतृत्व अंचलाधिकारी (सीओ) मनीष कुमार ने किया। उनके साथ पुलिस बल की टीम,बीपीआरओ शमा वानो,थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह तथा अपर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार भी मौजूद रहे। प्रशासनिक टीम को बाजार में पहुंचते ही दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रशासन ने बताया कि अतिक्रमित स्थलों को पहले ही चिन्हित कर लिया गया था तथा कई बार माइकिंग के माध्यम से दुकानदारों और लोगों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। बावजूद इसके कई लोगों ने स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया, जिसके बाद प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी पड़ी। जेसीबी के साथ प्रशासनिक टीम को देखकर कई दुकानदार स्वयं ही अपनी दुकानों के बाहर रखे सामान को हटाकर अंदर रखने लगे। वहीं सड़क किनारे अवैध रूप से किए गए कब्जे को हटाते हुए प्रशासन ने बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में कार्रवाई की। सीओ मनीष कुमार ने कहा कि बाजार में जाम की समस्या का मुख्य कारण सड़क पर किया गया अतिक्रमण है।

# भगवान बिरसा मुंडा शहादत दिवस पर अभाविप ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की गिरिडीह नगर इकाई द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आदिवासी समाज के प्रेरणास्रोत भगवान बिरसा मुंडा के शहीद दिवस के अवसर पर बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर अभाविप के प्रदेश सह मंत्री मंटू मुर्मू ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष मुख्य रूप से जल, जंगल और जमीन के अधिकार, आदिवासी स्वाभिमान तथा विदेशी शासन से मुक्ति के लिए था। उन्होंने आदिवासियों को शोषक जमींदारों, साहूकारों और ब्रिटिश शासन की दमनकारी नीतियों से बचाने के लिए सशक्त आंदोलन चलाया उन्होंने कहा कि ब्रिटिश सरकार द्वारा लागू वन कानूनों ने आदिवासियों के पारंपरिक अधिकारों को छीन लिया था। इसके विरोध में बिरसा मुंडा ने आवाज उठाई और जंगलों तथा प्राकृतिक संसाधनों पर आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। साथ ही उन्होंने आदिवासी समाज के आर्थिक शोषण और अत्याचार के विरुद्ध भी आंदोलन का नेतृत्व किया।मंटू मुर्मू ने कहा कि बिरसा मुंडा का उद्देश्य "मुंडा राज" की स्थापना करना था, जहां आदिवासियों का अपना शासन हो और वे विदेशी सत्ता एवं दमनकारी कानूनों से मुक्त होकर सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। उन्होंने सामाजिक और धार्मिक सुधारों पर भी बल दिया तथा आदिवासी समाज को अंधविश्वास, नशाखोरी और धर्मांतरण से बचाने का प्रयास किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत एसएफएस सह संयोजक अनीश राय ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अपने समाज को उसकी संस्कृति और जड़ों से जोड़े रखा। उनके नेतृत्व में संचालित ऐतिहासिक "उलगुलान" विद्रोह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण अध्यायों में से एक है मौके पर नगर सह मंत्री सदानंद राय, कॉलेज मंत्री क्रिस पासवान, कॉलेज सह मंत्री करण यदुवंशी, साकेत सिंह, प्रेम सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भगवान बिरसा मुंडा की 126वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, बिरसा चौक के सौंदर्यीकरण की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** भगवान बिरसा मुंडा की 126वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को फूलो झानो तिरला नहावर सुसार बेसी (महिला भ्रष्टाचार सुधार समिति) के तत्वावधान में बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, बलिदान और आदिवासी स्वाभिमान की विरासत को याद करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया समिति की अध्यक्ष सीता मनी किस्कू ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बिरसा चौक के सौंदर्यीकरण एवं प्रतिमा संरक्षण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि करीब 26 वर्ष पूर्व स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा अब जर्जर हो चुकी है और उसका स्वरूप धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर 2025 को चौक के



सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया गया था, लेकिन अब तक कार्य अधूरा पड़ा है उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी 15 नवंबर तक बिरसा चौक का सौंदर्यीकरण और प्रतिमा का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो समिति की महिलाएं धरना-प्रदर्शन करेंगी और व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने समाज और देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया, लेकिन उनकी प्रतिमा की उपेक्षा दुर्भाग्यपूर्ण है इस अवसर पर भाजपा नेता सिकंदर हेंब्रम ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर राजनीति तो खूब होती है, लेकिन उनके नाम पर बने स्थलों के संरक्षण के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए जाते। उन्होंने कहा कि गिरिडीह में स्थित यह एकमात्र आदमकद प्रतिमा है, जिसकी स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने प्रतिमा के ऊपर स्थायी शेड, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था और पूरे परिसर के सौंदर्यीकरण की मांग की।सामाजिक कार्यकर्ता सोमनाथ केसरी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की शहादत को लोग धीरे-धीरे भूलते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जन्मदिवस के अवसर पर जनप्रतिनिधि और अधिकारी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, लेकिन पुण्यतिथि पर उनकी उपस्थिति नहीं के बराबर रहती है। उन्होंने इसे प्रशासनिक उदासीनता का प्रतीक बताते हुए नई प्रतिमा स्थापना, शेड निर्माण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और चौक के समग्र विकास की मांग की।कार्यक्रम में सुशीला मरांडी, किशूल टुडू, साबूदी मरांडी, नूनका टुडू, सिकंदर हेंब्रम, सोमनाथ केसरी, महेंद्र प्रसाद वर्मा, साहेब राम बेसरा, अयांशी केशरी सहित समिति के सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को अपनाने और उनके सम्मान में चौक के विकास हेतु एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया गया।

# किशोर का शव मिलने से सनसनी

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानी गांव के समीप सतबहिनी नदी में सोमवार को 14 वर्षीय किशोर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सुल्तानी गांव निवासी बिंदा सिंह के नाती तथा हुसैनाबाद के पोलडीह निवासी संतोष सिंह के इकलौते पुत्र किशन कुमार सिंह (14 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार किशन दो दिन पूर्व अपने नाना के घर सुल्तानी गांव आया था। सोमवार की सुबह वह गांव के चार-पांच दोस्तों के साथ सतबहिनी नदी घाट पर स्नान करने गया था। बताया जाता है कि स्नान के दौरान वह नदी के गहरे हिस्से में चला गया और डूबने लगा। उसके साथ मौजूद दोस्तों ने शोर मचाकर ग्रामीणों और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद किशोर को नदी से बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। हालांकि मृतक के परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि किशन के चेहरे पर खरोंच के निशान तथा गले पर रस्सी जैसे दाग दिखाई दे रहे थे। उनका आरोप है कि किशोर की हत्या कर शव को नदी में फेंका गया हो सकता है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

# महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आह्वान पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की ओर से परवलपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष बढ़ती महंगाई, बदहाल शिक्षा व्यवस्था, ध्वस्त कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भाग लिया।धरना को संबोधित करते हुए राजद के युवाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रोजगार की मांग करने वाले छात्रों और युवाओं की आवाज सुनने के बजाय सरकार उन पर लाठीचार्ज कर रही है, जिससे युवाओं में आक्रोश व्याप्त है। मनोज यादव ने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर केंद्र एवं राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यदि इन समस्याओं पर शीघ्र नियंत्रण नहीं किया गया तो राजद आने वाले दिनों में व्यापक आंदोलन चलाएगा।

# डीसी ने की मेदिनीनगर नगर निगम,नगर पंचायत व नगर परिषद के कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को जिले के विभिन्न नगर पंचायत,नगर परिषद व मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा संचालित कार्यों की अद्यतन जानकरी ली गयी एवं आवश्यकतानुसार विभिन्न निर्देश दिये गये। इस दौरान डीसी ने सर्वप्रथम पिछली बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की।मेदिनीनगर नगर निगम की समीक्षा के दौरान उन्होंने जुडको द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की जानकरी लेते हुए कार्यों में तेज़ी लाने की बात कही गयी। इस दौरान वाटर सप्लाई,वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के स्टेटस की जानकारी ली गयी। वहीं अघोर आश्रम में बन रहे शहरी योजना के फ्लैट्स के सभी तकनीकी पहलुओं को समाधान कर 15 दिनों के भीतर फ्लैट्स का गृह प्रवेश कराने की बात कही। उन्होंने विभिन्न नगर



निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी को स्थानीय लोगों के बेहतरी के मद्देनजर योजनाओं को क्रियान्वित करने की बात कही। वहीं वार्ड 23 में निर्माण किये जा रहे इनडोर स्टेडियम के प्रगति की जानकारी ली, बताया गया कि कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात कार्य प्रगति पर है।इसी तरह छत्तरपुर, हुसैनाबाद व हरिहरगंज नगर पंचायत में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। इस दौरान अर्बन वाटर सप्लाई,बस व ऑटो स्टैंड के निर्माण हेतु जमीन की उपलब्धता,स्ट्रीट लाइट नया अधिष्ठापन एवं मरम्मती,साफ-सफाई, होल्डिंग टैक्स वसूली,प्रॉपर्टी टैक्स, एफएसटीपी, सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट,पार्कों के निर्माण कार्य सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त, सभी संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी समेत अर्बन लोकल बॉडी से जुड़े अन्य विभिन्न पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सोलर प्लेट की चोरी, युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोहम्मदगंज (पलामू)।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सोलर प्लेट चोरी के मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि चोरी की वारदात में शामिल एक नाबालिग बालक को निरुद्ध कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस ने चोरी गई सोलर प्लेटों में से आठ प्लेट बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से सोलर प्लेट चोरी होने की सूचना के बाद मोहम्मदगंज थाना में कांड संख्या 17/2026 दिनांक 30 मई 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए



पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हुसैनाबाद के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सिंचाई कॉलोनी निवासी शंकर राम (25 वर्ष), पिता-संजय राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर सिंचाई कॉलोनी स्थित एक पुराने गोदाम से चोरी की गई आठ सोलर प्लेट बरामद की गईं। इसके अतिरिक्त दो सोलर प्लेट उसके घर से स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में विधिवत जब्त की गईं।जांच के दौरान यह भी सामने आया कि चोरी की इस घटना में एक 15 वर्षीय विधि-विरुद्ध बालक भी शामिल था। पुलिस ने उसे निरुद्ध कर बाल सुधार गृह भेज दिया है। वहीं गिरफ्तार आरोपी शंकर राम को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी नारायण सोरेन, अनुसंधानकर्ता बुद्ध उरांव, आरक्षी अजय राम, शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, शुभनत कुमार चौधरी, चालक राजबोध सिंह तथा रविकांत कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# ब्राह्मण समाज ने राज्यपाल से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर समाज से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर नौ सूत्री ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में ब्राह्मण समाज की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए सरकार से विशेष पहल की मांग की। ब्राह्मण महासभा के संयोजक मनोज पांडेय एवं अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पांडेय के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधियों ने राज्यपाल को बताया कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान एवं धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए सरकारी सहयोग



आवश्यक है। ज्ञापन में ब्राह्मण आयोग के गठन, धार्मिक न्यास परिषद में साधु-संतों की नियुक्ति, मठ-मंदिरों के पुजारियों को न्यूनतम 25 हजार रुपये मासिक मानदेय, बीपीएल ब्राह्मण परिवारों के बच्चों को छात्रवृत्ति, आर्थिक रूप से कमजोर ब्राह्मण परिवारों को विवाह एवं शिक्षा सहायता, अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर सरकारी अवकाश घोषित करने, राजधानी में भगवान परशुराम मंदिर, धर्मशाला एवं गौशाला निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने, गौ सेवा आयोग में ब्राह्मण समाज को प्रतिनिधित्व देने तथा पहली से दसवीं कक्षा तक संस्कृत को अनिवार्य विषय के रूप में लागू करने की मांग शामिल है। प्रतिनिधियों ने बताया कि राज्यपाल ने उनकी मांगों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित आवेदन को मुख्यमंत्री के पास अग्रसारित करने का आश्वासन दिया।

# साधु बनकर ठगी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार, ठगी के जेवर बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** पुलिस ने साधु का भेष धारण कर महिलाओं को झांसा देकर जेवर ठगने वाले तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से ठगी कर ले जाया गया सोने का जेवर तथा अन्य संदिग्ध लॉकेट बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 8 जून 2026 को बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र के हुरहुरु निवासी गुडिया देवी के परिवार द्वारा सूचना दी गई कि तीन व्यक्ति साधु के वेश में उनके घर पहुंचे और धार्मिक बातों में उलझाकर सोने का जीतिया ठगकर फरार हो गए हैं। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों के



निर्देश पर बड़ा बाजार ओपी एवं मुफस्सिल थाना की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने मामले की पुष्टि की और पीड़िता द्वारा बताए गए हुलिये एवं दिशा के आधार पर खोजबीन शुरू की। इसी दौरान क्षितिज अस्पताल के पास एक टोटो में सवार तीन संदिग्ध साधुओं को रोककर पूछताछ की गई। उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर तलाशी ली गई, जिसमें गुडिया देवी से ठगा गया सोने का जीतिया तथा सोने जैसे दिखने वाले सात छोटे लॉकेट बरामद किए गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रोहतास जिले के अमझार थाना क्षेत्र अंतर्गत सैरया निवासी मलेट्री लाठौर, बिगेरा निवासी अखिलेश लाठौर तथा तितई लाठौर के रूप में हुई है। इस संबंध में सदर (बड़ा बाजार) थाना कांड संख्या 146/26 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों ने अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की घटनाओं को अंजाम दिया है या नहीं। छापेमारी दल में बड़ा बाजार ओपी प्रभारी पु०अ०नि० मुकेश कुमार रजक, मुफस्सिल थाना प्रभारी पु०अ०नि० मुकेश कुमार सिंह, पु०अ०नि० सुधीन कुमार तथा बड़ा बाजार ओपी एवं मुफस्सिल थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि साधु, तांत्रिक या अज्ञात व्यक्तियों के बहकावे में आकर अपने कीमती सामान किसी को न सौंपें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/763, दिनांक 08.06.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3620; कार्य का नाम:** एसएसई/जी/केडब्ल्यूएई एवं एसएसई/जी/आरपीएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन विद्युतीय सबस्टेशनों, स्विच रूमों के साथ सहायक एचटी/एलटी स्विचगियर पैनल, केबलों, ट्रांसफॉर्मर, अर्थिंग एवं अन्य सुरक्षा मदों का विस्तार एवं सुधार। **निविदा मूल्य:** रु. 87,24,540; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 1,74,500; **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3545-आर1; कार्य का नाम:** सीनि. डीईएन/1/हावड़ा के अधीन एसएचई, बीबीएई, बीएचआर, एचजीवाई, एसआईयू, बीएएचडब्ल्यू, टीएलपीएच, टीकेपीएच, टीएके, एचपीएल, वीएसयू, जीएनजेपी, मयनापुर, मायापुर, एएमबीजी, जीओजीटी स्टेशनों में गैंग हटों के साथ एसएचई, बीएचआर एवं टीएके स्टेशनों में महिला वस्त्र बदलने के कक्ष के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 29,61,786; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 59,200; **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3595-आर; कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के अधीन एजीएई, डीएचएई, जीजीएलई, एसएएलई, बीएसएई, टीबीएई, केएमएई, जीपीएई, बीजीआरए, डीटीएई, एसएमएई, पीएसएई, पीटीएई, बीजीएई, बीजेडएलई, सीडब्ल्यूएलई, एसडीआई, मोरग्राम, बीएए, टीपीएफ, एनएचटी, एमआरआर, एनजीएफ, जीएमएएन स्टेशनों के प्रतीक्षालय एवं शौचालय परिसर तथा सर्कुलेटिंग क्षेत्र के सुधार के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,55,15,880; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 3,10,300; **क्रमांक 4, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3630; कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के आरपीएच यार्ड में विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,97,274; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 4,000; **क्रमांक 5, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3633; कार्य का नाम:** अमृत भारत स्टेशन विकास परियोजना के संबंध में हावड़ा मंडल के तहत रेलवे प्लेटफॉर्मों पर (बीएलवाई, एसएचई, सीजीआर, बीडब्ल्यूएन, बीएचपी एवं आरपीएच स्टेशनों में) लिफ्टों का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 5,54,06,670; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 11,08,100; **समापन अवधि:** प्रत्येक के लिए 180 दिन। **बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 29.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। (HWH-137/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# केंदुपत्ते का हो रहा अवैध कारोबार

- अंधेरे में ट्रैक्टरों से हो रही तस्करी
- कई अवैध खरीद केंद्र संचालित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** हेरहंज व बारियातू के जंगल इन दिनों एक अजीब कहानी कह रहे हैं। पेड़ों की डालियों से टूटकर गिरते केंदुपत्ते मानो अपनी ही बेबसी का बयान कर रहे हों। जिन जंगलों की हरियाली कभी वन विभाग के राजस्व का आधार हुआ करती थी, वहां आज माफियाओं का साया गहराता दिख रहा है। सुरक्षित वन क्षेत्रों में अवैध रूप से केंदुपत्ता तुड़वाने और उसकी खरीद-बिक्री का खेल इस कदर फैल चुका है कि जंगलों से अधिक चहल-पहल अब गांवों के खलिहानों में दिखाई दे रही है।

बिदीर, डोंरांग, इचाक, खीराखाड़, करंदाग समेत कई गांवों में खुलेआम अवैध खरीद केंद्र संचालित होने की चर्चा है। यहां सुबह से शाम तक मजदूर जंगलों से पत्ते ढोते हैं और बदले में उन्हें उनकी मेहनत की कीमत से कहीं कम राशि थमा दी जाती है। पसीना ग्रामीणों का बहता है, जबकि मुनाफे की हरियाली किसी और की झोली में चली जाती है।

सूत्रों के अनुसार इस कारोबार की डोर आसपास के कुछ केंदुपत्ता ठेकेदारों से जुड़ी हुई है। स्थानीय लोगों को आगे कर खरीदारी करवाई जा रही है। पत्तों को भरने के लिए बोरे उपलब्ध कराए जा रहे हैं और रात ढलते ही ट्रैक्टरों तथा अन्य वाहनों पर लादकर इन्हें दूसरे स्थानों तक पहुंचा दिया जाता है।

दिन में जंगलों में तुड़ाई और रात में परिवहन का यह सिलसिला चर्चा का विषय बना हुआ है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस वर्ष हेरहंज व बारियातू क्षेत्र के कई जंगलों की नीलामी ही नहीं हुई। नीलामी नहीं होने से वन विभाग को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ा। इसके बावजूद जंगलों से केंदुपत्ता निकल रहा है, खलिहान भर रहे हैं और कारोबार भी चल रहा है।

यही सवाल अब ग्रामीणों के बीच गूंज रहा है कि जब नीलामी नहीं हुई तो केंदू पत्ता आखिर किस रास्ते से बाजार तक पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल केवल पेड़-पौधों का समूह नहीं, बल्कि उनकी आजीविका और क्षेत्र की पहचान हैं।

ऐसे में यदि वन संपदा पर अवैध हाथ लगातार बढ़ते रहे तो नुकसान केवल सरकारी राजस्व का नहीं होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की विरासत भी दांव पर लग जाएगी। फिलहाल जंगलों की खामोशी बहुत कुछ कह रही है व लोग यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि वन विभाग इस खेल पर कब और कैसी लगाम लगाता है।

# महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद का धरना-प्रदर्शन

नबिटा टीम

**शिवाजीनगर/नगरनौसा(नालंदा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को राजद की ओर से केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं एवं समर्थकों ने भाग लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना-प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार तथा खराब कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। खाद्य सामग्री, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि होने से गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है वक्ताओं ने बेरोजगारी के मुद्दे पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश एवं देश के लाखों युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। शिक्षित युवाओं को रोजगार नहीं मिलने से उनमें निराशा बढ़ रही है। नेताओं ने कहा कि रोजगार सृजन



के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे दावे जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने सरकार से अपराध नियंत्रण एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। नेताओं ने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो जनता का विश्वास शासन-प्रशासन से पूरी तरह समाप्त हो जाएगा धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद नेताओं ने कहा कि पार्टी हमेशा जनता के हितों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी जनहित के मुद्दों




पर आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम में राजद के वर्तमान प्रखंड अध्यक्ष घूरन यादव, गंगा प्रसाद राम, पंचायत अध्यक्ष एवं प्रधान महासचिव सुशील कुमार सिंह, संतोष सिंह, अर्जुन यादव, फूल बाबू यादव, शंभू यादव, रामनारायण सिंह, अशोक यादव, विनोद यादव, सचिन यादव, रामबालक यादव, कुशेश्वर यादव तथा योगेंद्र पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में नेताओं ने एकजुट होकर जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

नगरनौसा( नालंदा )से संवाददाता के अनुसार प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को राजद ने धरना-प्रदर्शन किया। धरने का उद्देश्य बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, किसानों की समस्याओं और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर सरकार के खिलाफ आवाज उठाना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष श्रवण यादव ने की। नेताओं ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनता महंगाई से त्रस्त है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ गया है। इस मौके पर राकेश कुमार उर्फ जज साहब, राजनीति शर्मा,विजय कुमार, मुकेश कुमार, रंजीत कुमार, अशोक कुमार, रामबालक सिंह यादव,दीपक कुमार, शैलू यादव, अखिलेश यादव,रमेश यादव, ओमप्रकाश कुमार, पिंटू कुमार, कुणाल कुमार, कृष्णदेव प्रसाद,जितेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# हमले में महिला पुलिसकर्मी सहित आठ जवान घायल

## छापेमारी करने गयी टीम पर लोगों ने बरसाये ईंट-पत्थर

### शराब कारोबारियों के सक्रिय होने की मिली थी सूचना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले से एक चौंकानें वाला मामला सामने आया है, जहां शराब मफियाओं ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। इस हमले में एक महिला पुलिसकर्मी सहित आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

जानकारी के अनुसार, पारू थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव में पुलिस को शराब कारोबारियों के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। इसी आधार पर पुलिस टीम अहले सुबह करीब तीन बजे छापेमारी और कॉम्बिंग ऑपरेशन के लिए गांव पहुंची थी। आरोप है कि कार्रवाई के दौरान शराब कारोबारियों के समर्थकों और कुछ ग्रामीणों ने पुलिस टीम को घेर लिया।

इसके बाद उपद्रवियों ने पुलिसकर्मियों पर ईंट-पत्थरों से हमला शुरू कर दिया। अचानक हुए हमले में पुलिसकर्मियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और कई जवान घायल हो गए। घायलों में महिला पुलिसकर्मी पुष्पा कुमारी के अलावा सन्नी कुमार, पुलकित कुमार, रामभरोस यादव, मो. मुमताज, अजय कुमार, पंकज कुमार और विवेक कुमार शामिल हैं। सभी को पहले पारू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। उपचार के बाद सभी की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त बल की तैनाती की और इलाके में कॉम्बिंग ऑपरेशन शुरू कर दिया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में कई लोगों के खिलाफ नामजद और अज्ञात प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## तीन प्रशिक्षु सिपाही गर्मी से हुए बेहोश

**मुंगेर।** शास्त्री नगर पुलिस लाइन में चल रहे बिहार पुलिस के नवचयनित सिपाहियों के प्रशिक्षण के दौरान मंगलवार को 1600 मीटर लंबी दौड़ में हिस्सा लेने वाले तीन प्रशिक्षु सिपाहियों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। दौड़ पूरी करने के बाद पुलिस लाइन मैदान के मुख्य द्वार पर पहुंचते ही भीषण गर्मी और अत्यधिक शारीरिक थकान के कारण तीनों बेहोश होकर गिर पड़े। घटना के बाद प्रशिक्षण केंद्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया तथा तीनों प्रशिक्षुओं को बेहतर इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों की टीम ने तुरंत उपचार शुरू किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कुछ समय तक तीनों प्रशिक्षु अचेत अवस्था में रहे, लेकिन समय पर चिकित्सा सुविधा मिलने के बाद उनकी स्थिति में सुधार होने लगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अस्पताल पहुंचे और भर्ती प्रशिक्षु सिपाहियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

# विचाराधीन कैदी की इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मधेपुरा।** मंडल कारा में बंद एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने जेल के अंदर कैदी के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए सदर अस्पताल में जमकर हंगामा किया। स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। मृतक की पहचान मधेपुरा नगर परिषद क्षेत्र के भीरखी वार्ड-24 निवासी रंजन पासवान के 27 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है। वह एक मामले में विचाराधीन कैदी के रूप में मंडल कारा में बंद था।

मंगलवार सुबह जेल प्रशासन ने परिजनों को दीपक की तबीयत बिगड़ने की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद परिजन जननायक कपूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचे, जहां उन्हें दीपक की मौत की जानकारी मिली। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। बाद में जब शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया, तो आक्रोशित परिजनों ने जेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान अस्पताल परिसर में तनाव की स्थिति बन गई। कुछ देर के लिए पुलिस और परिजनों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने हस्तक्षेप किया और लोगों को शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया। मौके पर सदर थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार, सिंहेश्वर थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। परिजनों का आरोप है कि दीपक के साथ जेल के अंदर मारपीट की गई थी और उसकी तबियत खराब होने की जानकारी समय रहते नहीं दी गई। उनका कहना है कि मौत के बाद ही उन्हें फोन कर सूचना दी गई।

# मेनहोल में उतरे एक मजदूर की गैस से मौत, एक बेहोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** नमामी गंगे प्रोजेक्ट में महज 30 हजार रुपये की सेफ्टी किट की कमी के कारण एक मजदूर की मौत हो गई। एक का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना सोमवार देर रात की है। पटना के श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र के एएन कॉलेज स्थित पानी टंकी के पास 20 वर्षीय मजदूर 30 फीट गहरे मैनहोल की सफाई के लिए उतरा था।

जहरीली गैस के रिसाव से दम घुटने के कारण उसकी मौत हो गई, जबकि उसे बचाने नीचे उतरा उसका भाई भी बेहोश हो गया, जो फिलहाल जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। दोनों भाई बिना किसी सुरक्षा उपकरण के करीब ढाई घंटे तक 30 फीट नीचे मैनहोल में फंसे रहे। हादसे के शिकार दोनों मजदूर पश्चिम बंगाल के मालदा (हरिशचंद्रपुर) के रहने वाले बताए जाते हैं, जिनकी पहचान सद्दाम हुसैन (20 वर्ष, मृतक) और रामजान अली (30 वर्ष, गंभीर) के रूप में हुई है। एसकेपुरी थानाध्यक्ष जीतेंद्र राणा ने बताया कि देर रात यह हादसा हुआ है। किसी प्रोजेक्ट का काम चल रहा था। उसी में मैनहोल में दोनों मजदूर फंस गए और दम घूटने के कारण सद्दाम हुसैन (मजदूर) की मौत हो गई है।

सफाई कर्मी के निलेश के अनुसार मंगलवार रात पानी टंकी स्थित 30 फीट गहरे मैनहोल से मिट्टी निकालने का काम चल रहा था। इसके बाद उसमें और कई काम होने थे। काम के दौरान एक मजदूर सीवर के अंदर गया, लेकिन कुछ ही मिनटों में वहां पहले से जमी जहरीली गैस के कारण उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेहोश हो गया।

## घायल की इलाज के दौरान मौत

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा पीएचसी के पास एनएच 431 चंडी-दनियावां मुख्य पर सोमवार के संध्या सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार युवक का इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के जागों बिगहा गांव निवासी स्वर्गीय इन्द्रू राम के पुत्र संजीब कुमार के रूप में किया गया। घटना के सम्बंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक नगरनौसा बडीहा रोड़ बाजार स्थित गोकुल स्वीट्स में काम करता था।सोमवार के संध्या अपने बाइक से नगरनौसा से चंडी की ओर जा रहा था कि नगरनौसा पीएससी के पास खड़ा सीएनजी में बाइक सवार युवक पिछे से धक्का मार दिया।धक्का लगते ही बाइक सवार युवक सड़क पर गिर गया व पीछे से आ रहा ट्रक सड़क पर गिर युवक पर चढ़ाते निकल निकल गया।युवक पर ट्रक चढ़ने से पेट के नीचे का पूरा हिस्सा क्षत विक्षत हो गया।तत्काल युवक को पीएचसी नगरनौसा में भर्ती कराया गया जहाँ से युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।जिसका इलाज को लेकर ले जाने के दौरान रास्ते में युवक की मौत हो गई।

## ट्रेन से शराब बरामद

**गया।** आरपीएफ कोडरमा द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन सतर्क के तहत सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रेन संख्या 13305 अप धनबाद सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस से 65 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई। निरीक्षक प्रभारी आरपीएफ पोस्ट कोडरमा के निर्देशन में आरपीएफ ओपी गुरपा के उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, प्रधान आरक्षी हरिमोहन मीणा एवं आरक्षी मिंकु कुमार द्वारा ट्रेन में प्रतिबंधित सामानों की निगरानी एवं सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान लालबाग और दिलवा स्टेशन के बीच साधारण कोच में तीन प्लास्टिक के बोरे संदिग्ध अवस्था में पड़े मिले, जिनसे महुआ शराब की गंध आ रही थी।

कोच में मौजूद यात्रियों से पूछताछ की गई। लेकिन किसी ने भी उक्त बोरों पर अपना दावा नहीं किया। इसके बाद संदेह के आधार पर बोरों को खोलकर जांच की गई।

जिसमें 13 प्लास्टिक पाउच में भरी लगभग 65 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुई। आरपीएफ ने मौके पर ही गवाहों की उपस्थिति में जब्ती सूची तैयार कर शराब को जब्त कर लिया।

# स्थिति भयावह, निपटने के लिए युवाओं से आगे आने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** महंगाई , बेरोजगारी , भ्रष्टाचार , नौकरशाही सारी सीमाएं पारस कर रहा है । 1974 से आज भयावह स्थिति है ।सरकारों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है । उक्त बातें बोधगया प्रखंड स्थित सिलौंजा के लॉड बुद्वा होम फॉर चिल्ड्रेन के सभागार में लोक समिति , मजदूर - किसान समिति और जेपी लोकतंत्र सेनानी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित परिचर्चा को संबोधित करते हुए कही । उन्होंने कहा कि जेपी ने संपूर्ण क्रांति की उद्घोषणा 5 जून 1974 को पटना के गांधी मैदान में थी ।1990 के दशक से अभी तक बिहार के सत्ता पर जेपी के आंदोलन में शामिल लोगों का कब्जा है फिर भी नौकरशाही और भ्रष्टाचार की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनती है । ऑफिसर , कर्मचारी बेखौफ और बेलगाम हो गये हैं ।किसान , मजदूर बेहाल है ।उन्होंने युवाओं को आह्वान




करते हुए कहा कि युवा आगे आएं और आंदोलन करें। अध्यक्षीय भाषण के क्रम में लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने कहा कि जेपी जिस आर्थिक विषमता को पकने की बात किए थे आज उसका उल्टा हो रहा है। विषमता बढ़ती जा रही है ।चंद लोगों के पास पूंजी कका संकेंद्रण है रहा है। देश के एक प्रतिशत के पास संसाधन का चालिस प्रतिशत हिस्सा है तो बाकी के पास क्या होगा? समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि डीजल , पेट्रोल , घरेलू गैस का कीमत बढ़ा कर पूंजीपतियों का खजाना भर रही है सरकार । उन्होंने कहा कि महंगाई बढ़ा कर सरकार ने साबित कर दिया कि सरकार की नीति बड़े लोगों के पक्ष में है ।

उन्होंने कहा कि विषमता पर आधारित समाज को बदलने के लिए बड़े आंदोलन की आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि इसे युवा ही कर सकते हैं। उपेंद्र सिंह ने कहा कि बिहार की शहर के आसपास के गांवों को शहरीकरण करने पर तुली है । जिससे चंद पूंजीपतियों को फायदा होगा। किसानों और मजदूरों का दोहन और शोषण होगा। उन्होंने तुरंत इस योजना पर रोक लगाने की मांग की । जगदेव सिंह ने कहा कि जेपी 74 में जनेऊ तोड़ने की बात कही थी लेकिन आज भी जनेऊ धारण कर रहे हैं जिससे सामाजिक विषमता बढ़ती है । पुतुल कुमारी ने कहा कि जेपी महिला - पुरुष गैरबराबरी के खिलाफ थे । केंद्र की सरकार संसद में मात्र 30% आरक्षण की बात करती है , उसे भी लटकाये हुए है ।बिशुनधारी यादव ने कहा कि जेपी जोतने वाले के पास जमीन होने के पक्षधर थे लेकिन आज सरकार मंदिर और मठ की जमीन दखल करने के नाम पर गरीबों को जमीन से बेदखल करने की साज़िश रच रही है। मौके पर सर्व जनार्दन यादव , मनमोहन प्रसाद , अंकित कुमार , गौतम कुमार , राजेन्द्र मांझी आदि मल्लू मांझी ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन बालेश्वर ने किया। परिचर्चा में सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

# बुजुर्ग मां की पिटाई का वीडियो वायरल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** जिस मां ने बेटे को जन्म दिया, उसे पाल-पोसकर बड़ा किया, उसी मां पर बेटे की बेरहमी का एक वीडियो सामने आने के बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया है। समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय शहर के वार्ड 28 की यह घटना रिश्तों को शर्मसार करने वाली साबित हो रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक युवक अपनी बुजुर्ग मां के साथ मारपीट करता दिखाई दे रहा है, जिसे देखकर लोगों का दिल दहल उठा।

वायरल वीडियो में युवक अपनी मां को धक्का देते और मारपीट करते नजर आ रहा है। महिला खुद को बचाने का प्रयास करती दिखती है, जबकि मौके पर मौजूद एक व्यक्ति बीच-बचाव कर उसे बचाने की कोशिश करता है। वीडियो सामने आने के बाद यह घटना चर्चा का विषय बन गई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी की पहचान ढेपुरा वार्ड 28 निवासी प्रेम कुमार राय के रूप में हुई है। आसपास के लोगों का कहना है कि युवक मानसिक रूप से कुछ कमजोर बताया जाता है। हालांकि वीडियो में दिखाई गई हरकत ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद वार्ड 28 सहित आसपास के क्षेत्रों में लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने बुजुर्ग महिला के साथ हुई मारपीट की कड़ी निंदा करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि मां के साथ इस तरह का व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने भी संज्ञान लिया है। अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। वीडियो की सत्यता और पूरे घटनाक्रम की पड़ताल की जा रही है।

# बालू घाट के चालान सेंटर से लाखों रुपये की लूट

### हथियारों से लैस होकर आये थे अपराधी ☐विरोध करने पर दो को किया जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** खैरा प्रखंड मुख्यालय के समीप देर रात एक बालू घाट के चालान सेंटर में हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोलकर करीब पांच लाख रुपये लूट लिए।

विरोध करने पर बदमाशों ने सेंटर पर मौजूद दो कर्मियों पर चाकू से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी कर्मियों में गिद्धौर थाना अंतर्गत शिवशक्ति कुमार और छपरा जिला के आमीन निजुआरा निवासी अनिल सिंह शामिल हैं। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

बताया जाता है कि बाइक से पहुंचे कई बदमाश अचानक चालान सेंटर में घुस गए और वहां रखी नकदी लूटने लगे। कर्मियों द्वारा विरोध किए जाने पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया।

हमले में दो कर्मी घायल हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही खैरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घायल कर्मियों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान घटनास्थल से एक मैगजीन बरामद होने की बात सामने आई है, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मामले में संदिग्ध भूमिका के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

थानाध्यक्ष मिंटू कुमार सिंह का कहना है कि बदमाशों की पहचान कर शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इधर, इस वारदात से बालू कारोबार से जुड़े लोगों में दहशत का माहौल है।

स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का दावा है कि मामले के खुलासे के लिए छापेमारी की जा रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

## दुकान में घुसकर मारी गोली, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** जिले में दिनदहाड़े बेखौफ अपराधियों ने एक किसान की उसके घर के नीचे स्थित दुकान में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी। तीन की संख्या में आए अपराधी ग्राहक बनकर दुकान में घुसे, गोली मारी और फिर मौके से फरार हो गए। घटना जिले के बोचहा थाना क्षेत्र की बताई गई है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है और लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

मृतक किराना दुकानदार की पहचान चकहेलाल गांव निवासी शिवजी चौधरी उर्फ राजू चौधरी (उम्र करीब 42 वर्ष) के रूप में की गई है। वहीं किसान सह किराना व्यवसायी की मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना मिलते ही डीएसपी ईस्ट-1 आलय वत्स और ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, पीड़ित परिवार से मुलाकात की और मामले की जांच के आदेश दिए।

# दर्जन भर ईंट-भट्ठा संचालकों को प्रशासन ने थमाया नोटिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** जिले में संचालित ईंट-भट्ठा संचालकों के द्वारा रॉयल्टी नहीं जमा करने पर जिला खनन विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। रॉयल्टी नहीं जमा करने वाले संचालकों को नोटिस भेजकर 30 जून तक रॉयल्टी जमा करने का बात कही है। निर्धारित तिथि तक रॉयल्टी नहीं जमा करने पर इनके खिलाफ नीलाम पत्र वाद की कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में जिला खनन विकास पदाधिकारी प्रिया दीपिका ने बताया कि जिले में दूसरी व तीसरी श्रेणी के कुल 129 ईंट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है। जिनकी रॉयल्टी प्रति वर्ष एक अप्रैल से 30 जून तक जमा करने का नियम है। इस निर्धारित समय तक सभी ईंट भट्ठा संचालकों को रॉयल्टी जमा करनी है।उन्होंने बताया कि समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अब जिले में 117 संचालकों के द्वारा ही रॉयल्टी को जमा किया गया है। अब तक 12 संचालकों के द्वारा रॉयल्टी को नहीं जमा किया गया है। पहचान किए गए संचालकों को नोटिस दी गई है। 30 जून तक रॉयल्टी नहीं जमा करने पर इनके खिलाफ नीलाम पत्र वाद की कार्रवाई की जाएगी।

जिला खनन विकास पदाधिकारी ने बताया कि तीसरी श्रेणी के ईंट भट्ठा का निर्धारित समय तक रॉयल्टी एक लाख 73 हजार 750 रुपये देना होता है। निर्धारित समय पर रॉयल्टी जमा नहीं करने पर दो लाख 30 हजार की राशि देनी होगी।

दूसरी श्रेणी के ईंट भट्ठा के लिए दो लाख 41 हजार 250 की रॉयल्टी निर्धारित है। 30 जून तक नहीं जमा करने पर तीन लाख 20 हजार जमा करनी होगी। उन्होंनेबताया कि जिला में एक अप्रैल से सात जून तक 165 छापेमारी की गई। जिसमें 25 वाहनों को जब्त किया गया, साथ ही 13 के खिलाफ प्राथमिकी कराई गई, जबकि 81 लाख 60 हजार की राशि अर्थदंड के रूप में वसूल की गई।

मिशन 'नीट 2026': मुख्यमंत्री की समीक्षा के बाद एक्शन में मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक

# नीट पुनर्परीक्षा को पूर्णतः कदाचार-मुक्त कराने के लिए बिहार सरकार मुस्तैद

## परीक्षार्थियों को बीएसआरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सौगात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आगामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली नीट 2026 पुनर्परीक्षा को पूर्णतः कदाचार-मुक्त, पारदर्शी और अभेद्य सुरक्षा माहौल में संपन्न कराने के लिए बिहार सरकार पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी सिलसिले में आज मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें परीक्षा के सफल संचालन हेतु 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में मुख्य सचिव ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इस महत्वपूर्ण विषय पर मुख्यमंत्री द्वारा पहले ही उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया जा चुका है। राज्य सरकार हर हाल में इस परीक्षा को बिना किसी त्रुटि या विफलता के सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूरी तरह आश्वस्त और दृढ़ संकल्पित है। नीट 2026 पुनर्परीक्षा की गोपनीयता और अभेद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डाक विभाग के समन्वय से भारतीय वायु सेना के विशेष विमानों द्वारा प्रश्न-पत्रों को सीधे स्टेट हब्स तक सुरक्षित एयरलिफ्ट किया जाएगा। इस ऐतिहासिक तकनीकी एवं रणनीतिक बदलाव से परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न-पत्र पहुंचाने की अवधि घटकर मात्र 2 से 3 घंटे रह जाएगी। **परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े:** राज्य के 34 जिलों के 35 शहरों में कुल 331 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं जिसमें कुल 1,56,061 परीक्षार्थी (छात्र: 81,165 और छात्राएं: 74,896) सम्मिलित होंगे। **शीर्ष परीक्षार्थी वाले मुख्य जिले:** सर्वाधिक 95 परीक्षा केंद्र पटना जिले में बनाए गए हैं जहां सबसे अधिक 46,029 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसके बाद दरभंगा में 16 केंद्रों पर 8,633 अभ्यर्थी, मुजफ्फरपुर में 13 केंद्रों पर 8,126 अभ्यर्थी, गया में 12 केंद्रों पर 6,894 अभ्यर्थी, सीवान में 12 केंद्रों पर 6,517 अभ्यर्थी और मोतिहारी में 13 केंद्रों पर 6,320 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। **अन्य प्रमुख जिले:** भागलपुर (15 केंद्र, 5,892 अभ्यर्थी), पूर्णिया (12 केंद्र, 4,880 अभ्यर्थी), बेतिया (8 केंद्र, 4,819 अभ्यर्थी), समस्तीपुर (7 केंद्र, 4,407 अभ्यर्थी), गोपालगंज (7 केंद्र, 3,906 अभ्यर्थी), हाजीपुर/वैशाली (11 केंद्र, 4,145 अभ्यर्थी), बेगूसराय (8 केंद्र, 3,868 अभ्यर्थी), नालंदा (7 केंद्र, 3,804 अभ्यर्थी), सासाराम/रोहतास (7 केंद्र, 3,598 अभ्यर्थी), सीतामढ़ी (6 केंद्र, 3,524 अभ्यर्थी) और मधुबनी (8 केंद्र, 3,314 अभ्यर्थी) में भी व्यापक व्यवस्था की गई है। **सोशल मीडिया की चौबीसों घंटे मॉनिटरिंग और प्रिवेंटिव अरेस्ट:** पुलिस महानिदेशक ने निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया के सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर लगातार पैनी नजर रखी जाए। यदि कोई भी असामाजिक तत्व प्रश्न-पत्र लीक का झूठा दावा करता है, फर्जी पेपर वायरल करता है या किसी भी तरह की अफवाह फैलाता है तो उसके खिलाफ तुरंत अरेस्ट की कार्रवाई की जाएगी। **कोचिंग सेंटरों पर सख्त पहरा:** राज्य के सभी कोचिंग संस्थानों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाएगा और अतीत में संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त रहे संस्थानों को आईबी और एलआईयू के इनपुट्स के आधार पर चौबीसों घंटे कड़ी निगरानी में रखा जाएगा। **हर केंद्र पर मजिस्ट्रेट और पुलिस टीम लीडर** प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर जिला प्रशासन द्वारा 1 ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रशासन द्वारा 1 पुलिस टीम लीडर की तैनाती अनिवार्य रूप से की जाएगी। अभ्यर्थियों की संख्या के अनुपात में प्रति केंद्र 3 से 14 होमगार्ड/पुलिस कर्मियों को फ्रिस्किंग ड्यूटी में लगाया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग के लिए बंद घेरे में केवल महिला सुरक्षाकर्मियों की प्रतिनियुक्ति होगी। **मुफ्त परिवहन सेवा:** राज्य सरकार के विशेष आदेशानुसार, नीट 2026 की परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में मुफ्त टिकट की सुविधा प्रदान की जाएगी। **सत्तू, ओआरएस और मेडिकल मोबाइल यूनिट** जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों के समन्वय से सभी केंद्रों पर शुद्ध पेयजल और सत्तू की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही हर केंद्र पर ओआरएस के पैकेट और मेडिकल मोबाइल यूनिट की मुस्तैदी रहेगी।

# पीएम मोदी के 12 वर्ष 'सबका साथ, सबका विकास' की अनोखी मिसाल : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पण और सेवाभाव पीएम मोदी के नेतृत्व की अमूल्य पूंजी रही है। यह बीते 12 वर्षों का जमीनी सच है। उन्होंने कहा कि 2014 से 2026 तक का सफर भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' की नीति पर चलकर पीएम मोदी ने देश को नई दिशा दी है। उनके कुशल नेतृत्व में गरीब कल्याण, अन्नदाता समृद्धि, नारी सशक्तीकरण, युवाओं के लिए अवसर, स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास, डिजिटल परिवर्तन और आधारभूत संरचना को नई गति मिली है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण व सनातन सांस्कृतिक विरासत के पुनर्स्थापन ने राष्ट्र की अस्मिता, आत्मगौरव को नई ऊर्जा प्रदान की है। श्री पांडेय ने कहा कि आज भारत केवल आर्थिक रूप से सशक्त नहीं हुआ है, बल्कि आत्मनिर्भरता की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। रक्षा, डिजिटल, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर - हर क्षेत्र में भारत ने वैश्विक पहचान बनाई है। स्वास्थ्य क्षेत्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से करोड़ों गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिला। कोरोना काल में 'मेड इन इंडिया' वैक्सीन बनाकर हमने दुनिया को बचाया। बिहार में भी एचपीवी टीकाकरण अभियान संचालित होना 'विकसित भारत' की सोच का ही परिणाम है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति 'शक्तिशाली और सम्मानजनक' हुई है। पुलवामा हो या गलवान, देश ने दुनिया को दिखाया कि नया भारत अब आंख नहीं झुकाता। पीएम मोदी जी ने राजनीति को 'सत्ता' से निकालकर 'सेवा' बना दिया।

# देश को हॉकी में स्वर्ण दिलाने वाली टीम में बिहार के लाल को मंत्री ने किया सम्मानित

## जापान में आयोजित एशियन हॉकी टूर्नामेंट में भरत ने जीता था गोल्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** हाल में जापान में आयोजित एशियन हॉकी टूर्नामेंट (अंडर-18) में भारत की टीम ने स्वर्ण पदक जीता है। इस विजयी टीम में गोलकीपर की अहम भूमिका निभाने वाले सावन कुमार बिहार के रहने वाले हैं। इस बड़ी उपलब्धि पर सूचना एवं जन सम्पर्क, ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री, जदयू विधायक दल के नेता सह बिहार हॉकी संघ के अध्यक्ष मंत्री श्रवण कुमार ने गोलकीपर सावन कुमार को सम्मानित किया। मंगलवार को सूचना भवन में आयोजित सम्मान समारोह में मंत्री ने कहा कि बिहार ने हॉकी के अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। यह बिहार के लिए पहला मौका है जब किसी हॉकी खिलाड़ी ने अंडर-18 प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। सावन कुमार ने न सिर्फ बिहार बल्कि पूरे देश का नाम रौशन किया है। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि राज्य में सरकार के सहयोग से हॉकी में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। अनुभवी कोच और बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है जिससे खिलाड़ी भविष्य में और बड़ी सफलताएं हासिल करेंगे। बिहार में खेलों को निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए कई स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। सावन की इस जीत से राज्य के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी हॉकी खेलने के लिए प्रेरणा मिलेगी। सावन कुमार जैसे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि से लेकर सालाना छात्रवृति देने की योजना भी है। मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि राज्य सरकार सावन कुमार को लगभग 16 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देगी। साथ ही उन्हें छात्रवृत्ति योजना के तहत सालाना 20 लाख रुपये की सहायता भी दी जाएगी। अंत में कहा कि हमें अपने राज्य की प्रतिभाओं पर पूरा भरोसा है वे जिस क्षेत्र में कदम रखेंगे सफलता मिलेगी। इस दौरान गोलकीपर सावन कुमार ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2018 में हॉकी खेलना शुरू किया था। शुरुआती दिनों में सुबह की ट्रेनिंग और खाली जगहों पर अभ्यास से शुरुआत की। पहला राष्ट्रीय स्तर का मैच 2023 में खेला।

# शाओमी इंडिया ने लांच किया शाओमी 17टी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शाओमी इंडिया ने शाओमी 17टी लॉन्च करने की घोषणा की है। यह शानदार फ्लैगशिप डिजाइन में बेहतरीन इमेजिंग, शानदार एंटरटेनमेंट, जबरदस्त परफॉर्मेंस और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ का मेल है। शाओमी 17टी में लाइका लाइव मोमेंट भी पेश किया गया है। शाओमी 17टी के फोक्स में लाइका-पावर्ड ट्रिपल कैमरा सिस्टम है जिसमें 50एमपी का मेन कैमरा और शाओमी टी सीरीज में पहली बार लाइका 5एक्स पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा दिया गया है। शाओमी 17टी में शाओमी विजन केयर है जो एक स्मार्ट आई-केयर सिस्टम है। यह आसपास के माहौल के हिसाब से अपने-आप एडजस्ट हो जाता है और ब्लू लाइट एक्सपोजर, फ्लिकर और आंखों की थकान को कम करने में मदद करता है।

# थैलेसीमिया पीड़ित पांच बच्चों का नया बैच बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए भेजा गया वेल्लोर : निशांत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक बच्चे को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गंभीर एवं दुर्लभ बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण उपचार और स्वस्थ भविष्य प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना के अंतर्गत थैलेसीमिया (मेजर) से पीड़ित 5 बच्चों के नए बैच को आज तमिलनाडु के वेल्लोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) में बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) के लिए भेजा गया। यह योजना के तहत भेजा जाने वाला आठवां बैच है। इससे पूर्व सात बैचों में कुल 43 बच्चों का सफलतापूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराया जा चुका है जिससे उनके जीवन में नई आशा का संचार हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एनडीए के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 6 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना को मंत्रिमंडल की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस योजना का उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को स्थायी उपचार उपलब्ध कराकर उन्हें सामान्य एवं स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार थैलेसीमिया, हीमोफिलिया और सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर आनुवंशिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं देखभाल के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में राज्य में 6 एकीकृत डे-केयर केंद्र स्थापित किए गए हैं जहां मरीजों को जांच, रक्ताधान (ब्लड ट्रांसफ्यूजन), आयरन चेलेटिंग दवाएं तथा एंटी हेमोफिलिक फैक्टर (एएचएफ) सहित आवश्यक चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। श्री निशांत ने कहा कि 12 वर्ष से कम आयु के पात्र बच्चों के लिए संचालित इस योजना के तहत बिहार सरकार ने सीएमसी वेल्लोर के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। ऐसे बच्चों जिनका भाई या बहन एचएलए मैच करता है, उनका सीएमसी वेल्लोर में पूर्णतः निःशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराया जाता है।

# आरओबी टूटने पर तीन इंजीनियर निलंबित, वेतन से वसूला जाएगा क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का खर्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के बक्सर में आरओबी क्षतिग्रस्त हो गया। उद्घाटन के महज 96 घंटे बाद इटाढ़ी रेलवे गुमटी के पास 26 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से रेल ओवरब्रिज का स्लैब खिसक गया। अब इस मामले में सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेन्द्र के निर्देश पर विभाग ने तीन इंजीनियरों को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत इन अभियंताओं के वेतन से कराई जाएगी। इस कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है और अब पूरे मामले में जवाबदेही तय होने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि एलसी-70ए आरओबी संरचना पूरी तरह सुरक्षित है। तकनीकी निरीक्षण और मरम्मत कार्य जारी है। परियोजना से जुड़े तीन इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया है और अन्य संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। सड़क निर्माण विभाग जन सुरक्षा को प्राथमिकता देता है और परियोजना की गुणवत्ता और संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मामले को लेकर पथ निर्माण मंत्री के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मंत्री के निर्देश पर तीन अभियंताओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। बताया गया कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई हो सकती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का खर्च निलंबित अभियंताओं के वेतन से वसूला जाएगा जो विभागीय कार्रवाई के लिहाज से बेहद सख्त कदम माना जा रहा है। सरकारी कार्रवाई के बाद अब विभाग के भीतर भी खलबली मची हुई है। चर्चा इस बात की है कि यदि जांच में और गंभीर लापरवाही सामने आती है तो कई अन्य अभियंताओं और जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो सकती है। विभागीय सूत्रों के अनुसार पूरे निर्माण कार्य, गुणवत्ता नियंत्रण और तकनीकी निरीक्षण से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

# 10 जून को प्रधानमंत्री मोदी रचेंगे इतिहास : संजय सरावगी

## 12 वर्ष 15 दिन का ऐतिहासिक कार्यकाल, प्रधानमंत्री मोदी ने रचा नया कीर्तिमान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2014 से प्रारंभ हुई यह विकास यात्रा आज भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली ऐतिहासिक यात्रा बन चुकी है। बीते 12 वर्षों में देश ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 13 मई 1952 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। नेहरू लगातार 4397 दिन यानी 12 साल 14 दिन तक प्रधानमंत्री रहे थे। पीएम मोदी ने 9 जून को सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री का नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया। निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी ने 4398 दिन यानी 12 साल 15 दिन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं बल्कि जनसेवा का साधन बनाया है। उनकी दूरदर्शी सोच, निर्णायक नेतृत्व और राष्ट्र प्रथम की भावना ने भारत को नई पहचान प्रदान की है। आज भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ राष्ट्र है जो विश्व के सामने मजबूती से अपनी बात रखता है और वैश्विक निर्णयों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। श्री सरावगी ने कहा कि मोदी सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को आधार बनाकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का घर मिला, उज्ज्वला योजना के माध्यम से माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिली, आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने करोड़ों परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि जनधन खाते, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, डिजिटल भुगतान और आधार आधारित व्यवस्था ने भ्रष्टाचार एवं बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करते हुए पारदर्शी शासन की नई मिसाल स्थापित की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, पीएम गति शक्ति, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना और डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। विदेशी निवेश के नए रिकॉर्ड स्थापित हुए हैं, बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है तथा युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। भारत आज नवाचार, तकनीक और उद्यमिता का वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है।

# राजस्व सेवा के 10 अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने मंगलवार को बिहार राजस्व सेवा के 10 अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाईकी स्वीकृति दी है। इनमें समस्तीपुर की सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी अंजली कुमारी आनंद की सेवा से बर्खास्त करने की अनुशंसा भी शामिल है। इसके अलावा कुमारी आंचल (अंचल अधिकारी, छपरा सदर), अविनाश कुमार (तत्कालीन अंचल अधिकारी, बोधगया), रविन्द्र कुमार चौपाल (अंचल अधिकारी, अस्थावां), राकेश कुमार (अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण), ज्ञानीन्द्र (तत्कालीन अंचल अधिकारी, मोकामा) के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है। वहीं, कौशिका कुमारी (अंचल अधिकारी, मधेपुर), नारायण राजा (अंचल अधिकारी, हथुआ), राम कुमार रमन (राजस्व अधिकारी, गया सदर) एवं संजीव कुमार (सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, गया) के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार कुमारी आंचल, रविन्द्र कुमार चौपाल और राकेश कुमार को निन्दन की सजा दी गई है। अविनाश कुमार की एक वेतन वृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से रोकने का दंड दिया गया है। कौशिका कुमारी को चेतावनी दी गई है। वहीं, ज्ञानीन्द्र, नारायण राजा और संजीव कुमार के विरुद्ध आरोप पत्र गठित किए गए हैं। राम कुमार रमन के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया है। मंत्री ने कहा कि आम जनता के हितों से जुड़े मामलों में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इससे पहले भी विभाग द्वारा 32 अंचल अधिकारियों एवं राजस्व पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। राजस्व अधिकारी सोनी कुमारी की बर्खास्तगी की अनुशंसा की गई थी। विभाग द्वारा कार्रवाई का सामना करने वाले अधिकारियों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है।


# शिक्षकों की समस्या के समाधान के लिए लगेगा जनता दरबार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में अब शिक्षकों के समस्या के समाधान के लिए जनता दरबार लगेगा। इसके लिए शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। शिक्षा विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने शिक्षकों की शिकायतों के जल्द और प्रभावी निपटारे के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जाये, ताकि उन्हें बार-बार राज्य मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े और स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित न हो। एसओपी में जिला और प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाले जनता दरबार को शिकायत निवारण की प्रमुख व्यवस्था बताई गई है। विभाग के सचिव ने कहा है कि निर्धारित तारीखों पर आयोजित जनता दरबार में शिक्षकों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर किया जाना चाहिए। बड़ी संख्या में शिक्षक अपनी शिकायतों के साथ राज्य मुख्यालय पहुंच रहे हैं, जिससे न केवल शिक्षकों को व्यक्तिगत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, बल्कि विभाग से जुड़े काम भी प्रभावित होते हैं। विभाग ने जिलों को निर्देश दिया है कि जनता दरबार, ई-शिक्षाकोष पोर्टल और स्थानीय प्रशासनिक तंत्र के माध्यम से शिक्षकों की शिकायतों का जल्द समाधान सुनिश्चित करें। ताकि शिकायतों के समाधान के लिए राज्य मुख्यालय पर निर्भरता कम हो और शिक्षा व्यवस्था अधिक सुचारु रूप से संचालित हो सके।

# डिजिटल और क्लासरूम शिक्षा का संगम बना सफलता की कुंजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** जेईई एडवांस्ड 2026 के परिणामों में इन्फिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्या के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। संस्थान के ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों शिक्षण मॉडल से जुड़े विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट रैंक हासिल कर सफलता की नई मिसाल कायम की है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से तैयारी करने वाले छात्र जय सोमानी ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 377 प्राप्त की। वहीं श्री चैतन्या अकादमी वाराणसी के छात्र शशांक मौर्य ने एआईआर 500 और बेंगलुरु केंद्र के छात्र निशांक व्यास ने एआईआर 769 हासिल कर संस्थान की उपलब्धियों में चार चांद लगाए। इस अवसर पर इन्फिनिटी लर्न की संस्थापक एवं सीईओ सुषमा बोप्पना ने कहा कि छात्रों की यह सफलता संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी फैकल्टी और तकनीक आधारित शिक्षण प्रणाली का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इन्फिनिटी लर्न लगातार छात्रों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान के फाउंडिंग सीईओ उज्ज्वल सिंह ने कहा कि छात्रों की उपलब्धियां यह साबित करती है कि सही मार्गदर्शन और समर्पित प्रयासों से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन्फिनिटी लर्न भविष्य में भी छात्रों को बेहतर अवसर और संसाधन उपलब्ध कराता रहेगा, ताकि वे देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश पा सकें।

# ग्रामीण इलाकों में वित्तीय जागरूकता और डिजिटल साक्षरता के लिए चल रही अनोखी मुहिम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के ग्रामीण इलाकों में वित्तीय जागरूकता और डिजिटल साक्षरता के लिए एक अनोखी मुहिम चल रही है। बिहार राज्य सहकारी बैंक की ओर से इसको लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बैंक के कर्मी ग्रामीण इलाकों में जागरूकता के लिए वित्तीय समावेशन शिविर आयोजित करते हैं और ग्रामीणों को बैंकिंग से जुड़ी जानकारी दी जाती है। उन्हें साइबर फ्रॉड का शिकार होने से बचाने के लिए जागरूक किया जाता है। इन शिविरों में सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के लाभ एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। बिहार राज्य सहकारी बैंक न सिर्फ राज्य के ग्रामीण इलाकों में बैंकिंग की बेहतर सुविधाएं मुहैया करवा रहा है, बल्कि ग्रामीणों में वित्तीय जागरूकता फैलाकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को भी बखूबी निभा रहा है। बैंक की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 में 600 वित्तीय समावेशन शिविरों का आयोजन किया जाना है। इन शिविरों की श्रृंखला की शुरुआत बीते 2 जून को सारण जिले से हो चुकी है। इस दिन जिले के हसनपुर पीडीसीएस परिसर में वित्तीय समावेशन शिविर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया था। विभिन्न ग्रामीण इलाकों में लगाए जा रहे ऐसे शिविरों में बैंक द्वारा लोगों के नए बचत बैंक खाते भी खोले जा रहे हैं।

# 52 जिलों और 1420 मंडलों में डेढ़ लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का लिया गया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश कार्यालय में आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत मंडल एवं जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण वर्गों के सफल समापन के बाद एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूरे अभियान की विस्तृत समीक्षा करते हुए आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में प्रशिक्षण अभियान के केंद्रीय प्रभारी एवं सांसद अमरपाल मौर्य, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, बिहार प्रशिक्षण अभियान के संयोजक मृत्युंजय झा, सदस्य विकास ओझा सहित प्रशिक्षण अभियान से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं सदस्य और प्रशिक्षण टोली के सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, धनराज शर्मा, डॉ. प्रीति शेखर, नितिन अभिषेक तथा राजेश झा भी बैठक में मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेशभर में आयोजित प्रशिक्षण वर्गों की उपलब्धियों, सहभागिता और संगठनात्मक प्रभाव का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। साथ ही सांसदों, प्रदेश पदाधिकारियों तथा अन्य संगठनात्मक दायित्वों से जुड़े कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित होने वाले आगामी प्रशिक्षण वर्गों की कार्ययोजना पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक प्रशिक्षण के महत्वों को रेखांकित किया गया तथा संगठन में प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक में प्रशिक्षण अभियान की सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी गई। बैठक में बताया गया कि बिहार भाजपा द्वारा राज्य के सभी 52 संगठनात्मक जिलों में जिला प्रशिक्षण वर्गों का सफल आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से लगभग 20 हजार कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक, वैचारिक, राजनीतिक और सामाजिक विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वहीं प्रदेश के 1420 मंडलों में आयोजित प्रशिक्षण वर्गों के जरिए 1.50 लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान भाजपा की विचारधारा, संगठन की कार्यपद्धति, जनसंपर्क, सोशल मीडिया, चुनाव प्रबंधन तथा सेवा कार्यों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में इस बात पर भी विशेष जोर दिया गया कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और गरीब कल्याण की उपलब्धियों को कार्यकर्ता प्रभावी ढंग से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। इसके लिए प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाने तथा सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से निरंतर संवाद बनाए रखने का आह्वान किया गया।

# नीट परीक्षा को लेकर इओयू ने जारी की एडवाइजरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** 21 जून को आयोजित होने वाली नीट-2026 की लिखित पुनर्परीक्षा को लेकर बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने अभ्यर्थियों और आम लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि असामाजिक तत्व और साइबर ठग परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाने, फर्जी प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने तथा नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का प्रयास कर सकते हैं। आर्थिक अपराध इकाई ने कहा है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट-2026 पुनर्परीक्षा राज्य के विभिन्न जिलों में 21 जून को आयोजित की जानी है। ऐसे में साइबर अपराधियों द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, व्हाट्सएप, एक्स (पूर्व में ट्विटर) समेत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और डिजिटल माध्यमों का दुरुपयोग कर परीक्षा संबंधी भ्रामक सूचनाएं फैलाए जाने की आशंका है। ईओयू ने अभ्यर्थियों को सचेत करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति प्रश्नपत्र या उत्तरपत्र उपलब्ध कराने के नाम पर फोन, सोशल मीडिया या ई-मेल के माध्यम से संपर्क कर पैसे की मांग करता है तो तत्काल सतर्क हो जाएं और इसकी सूचना नजदीकी थाना या साइबर थाना को दें। साथ ही किसी भी अफवाहपूर्ण या भ्रामक संदेश को आगे फॉरवर्ड नहीं करने की अपील की गई है। ईओयू ने चेतावनी दी है कि सार्वजनिक परीक्षाओं में कदाचार रोकने के लिए दोषियों को 10 वर्ष तक के कारावास और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता, 2023 में भी परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए कड़े दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं।

CMYK

# संपादकीय

## मणिपुर- शांति के दावों के बीच कायम संकट

मणिपुर बीते तीन साल से भी अधिक समय से जातीय हिंसा का दंश झेल रहा है, जिसकी वजह से सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं।मणिपुर में सरकार के तमाम दावों के बावजूद हिंसा की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। सामुदायिक संघर्ष, उग्रवादी संगठनों की बढ़ती सक्रियता और सुरक्षाबलों की उदासीनता से राज्य में कानून-व्यवस्था फिर से पटरी से उतरती प्रतीत हो रही है। ऐसे में शांति कायम करने की दिशा में राजनीतिक इच्छाशक्ति, गंभीरता और संवेदनशीलता का अभाव भी साफ नजर आता है।यही वजह है कि राज्य में उग्रवादियों के लक्षित हमले, आमजन को बंधक बनाने, निर्दोष लोगों की हत्या करने, आगजनी और इन वारदातों के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन की घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं। शुक्रवार को भी कांगपोकपी जिले में एक गांव पर सशस्त्र हमलावरों ने धावा बोल दिया और गोलीबारी में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सवाल है कि आखिर हिंसा की यह चिंगारी अंदर ही अंदर क्यों सुलगती जा रही है?
दरअसल, यह सिर्फ कानून-व्यवस्था की ही समस्या नहीं है, बल्कि आम लोगों में पनप रहा अविश्वास और असुरक्षा की भावना भी इसकी बड़ी वजह है।गौरतलब है कि मणिपुर बीते तीन साल से भी अधिक समय से जातीय हिंसा का दंश झेल रहा है, जिसकी वजह से सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। इस बीच राज्य और केंद्र सरकारों की ओर से हालात पर काबू पाने के लिए कई कदम उठाए गए, लेकिन अपेक्षित नतीजे सामने नहीं आए।हालांकि, पिछले कुछ समय में राज्य में हिंसक घटनाओं में कमी देखी गई, लेकिन इन पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पाया है। राज्य सरकार का दावा है कि हिंसक वारदातों को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर लोग सड़कों पर प्रदर्शन करते नजर आते हैं।यह बात सच है कि केवल सामाजिक मतभेद इतने लंबे समय तक हिंसा को जीवित नहीं रख सकते। असली समस्या तब पैदा होती है जब लोगों का सरकार और प्रशासन पर भरोसा टूटने लगता है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि राज्य में उग्रवादी समूहों पर कड़ी नजर रखी जाए, हिंसक घटनाओं में तत्काल कार्रवाई की जाए और आपसी मतभेदों को दूर करने के लिए सरकार स्थायी समाधान तलाशने का प्रयास करे।

**सत्ता के लालच में हाशिये के बाहर पहुंच चुके आदर्श आज अपनी बेबसी पर जार-जार रो रहे हैं। मृगमारीचिका के पीछे छुपे वर्चस्व वाले अहंकारी लक्ष्य को प्राप्त करने की होड में अब देशों, प्रदेशों, सम्प्रदायों, जातियों, नस्लों, क्षेत्रों आदि के मध्य जंग छिड चुकी है। चारों ओर अस्थिरता, असुरक्षा और अशान्ति का वातावरण निर्मित हो चुका है। इस दौर को लेकर भविष्यवक्तओं ने बहुत पहले ही सचेत कर दिया था। उन्नीसवीं सदी में ही अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य ने इक्कीसवीं सदी को उज्जवल भविष्य के रूप में रेखांकित करते हुए आने वाले झंझावातों की पहले से ही चेतावनी दे दी थी। पराविज्ञान की चरमसीमा पर पहुंच चुके देवऋषियों के अनुसंधानों को जीवन में उतारने की पर बल दिया था। हम बदलेंगे, युग बदलेगा का नारा दिया था।**

# समूचे संसार को निगलता अहंकार का दावानल



**हम बदलेंगे, युग बदलेगा का नारा दिया था। जय गुरुदेव, सतयुग आयेगा का जयघोष करने वाले संत ने भी उपचाररहित बीमारियों के फैलने, अन्न के लिए तरसने, शाकाहार लेने जैसी अनेक घोषणायें की थीं। बीमारियों वाली घोषणा ने कोरोना काल में अपनी उपस्थित दर्ज करवा दी थी।**

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

देश - दुनिया के सामने अस्थिरता का परिदृश्य नित नये रंग दिखा रहा है। ईरान जैसे छोटे से देश के सामने अमेरिका जैसी महाशक्ति का घुटने टेकने की स्थिति का निर्मित होना, पाकिस्तान द्वारा परमाणु हथियारों की धमकी देना, डीप स्टेट के षडयंत्र से अनेक देशों में सत्ता परिवर्तन होना, बढती आबादी के मध्य आर्थिक मंदी का दौर लाना, पर्यावरण की कीमत पर भौतिक सुविधायें जुटाना, निजी स्वार्थों के लिए राष्ट्रहितों को तिलांजलि देना, नियम-कानून-कायदों पर शक्तिशालियों का पूरी तरह कब्जा होना, आतंक के सहारे साम्राज्य स्थापित करना, मानव पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का हावी होना, अकर्मण्यता का बोलबाला होना, तुष्टीकरण की तलवार से प्रतिभाओं को मौथला करना जैसे अनेक बिन्दु समूचे संसार में दावानल की तरह विकराल होते जा रहे हैं। सत्ता के लालच में हाशिये के बाहर पहुंच चुके आदर्श आज अपनी बेबसी पर जार-जार रो रहे हैं। मृगमारीचिका के पीछे छुपे वर्चस्व वाले अहंकारी लक्ष्य को प्राप्त करने की होड में अब देशों, प्रदेशों, सम्प्रदायों, जातियों, नस्लों, क्षेत्रों आदि के मध्य जंग छिड चुकी है। चारों ओर अस्थिरता, असुरक्षा और अशान्ति का वातावरण निर्मित हो चुका है। इस दौर को लेकर भविष्यवक्तओं ने बहुत पहले ही सचेत कर दिया था। उन्नीसवीं सदी में ही अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य ने इक्कीसवीं सदी को उज्जवल भविष्य के रूप में रेखांकित करते हुए आने वाले झंझावातों की पहले से ही चेतावनी दे दी थी। पराविज्ञान की चरमसीमा पर पहुंच चुके देवऋषियों के अनुसंधानों को जीवन में उतारने की पर बल दिया था।

हम बदलेंगे, युग बदलेगा का नारा दिया था। जय गुरुदेव, सतयुग आयेगा का जयघोष करने वाले संत ने भी उपचाररहित बीमारियों के फैलने, अन्न के लिए तरसने, शाकाहार लेने जैसी अनेक घोषणायें की थीं। बीमारियों वाली घोषणा ने कोरोना काल में अपनी उपस्थित दर्ज करवा दी थी। ऐसे ही जनसंख्या के अनियंत्रित विस्तार पर खाद्यान्न की किल्लत, मांसाहार के दुष्प्रभाव आदि को भी समझा जा सकता है। लगभग छः सौ वर्ष पूर्व हमारे ही देश के उडीसा राज्य के महान संत स्वामी अच्युतानन्द दास ने भविष्य मालिका नामक ग्रन्थ में देश के वर्तमान हालातों को पूर्व में ही लिख दिया था। उडिया भाषा में लिखे गये शब्दों की सार्थकता अब शतप्रतिशत सत्य होती दिख रही है। उन्होंने वैश्विक परिस्थितियों से लेकर भारतवर्ष का अपने ही अलग हुए हिस्से के साथ विकराल युद्ध की स्थितियों तक को विवेचित किया है।

तेल के खेल और धन के बल जैसी व्याख्यायें भी इसी ग्रन्थ में उल्लेखित है। प्रकृति के विनाशकारी परिवर्तन से आने वाली आपदाओं की संख्या में अप्रत्याशित बढोत्तरी होने, कृत्रिम विषाणुओं को हथियार बनाकर शत्रुओं पर प्रहार करने, वैश्विक सिद्धान्तों-आदर्शों-मान्यताओं पर स्वार्थ का कब्जा होने तथा दैत्यों के आतंक से जनमानस के पीडित होने जैसी अनेक घटनाओं का उडिया ग्रन्थ में उल्लेख मिलता है। भविष्य मालिका में लिखा है कि भारत से एक आध्यात्मिक शक्ति का उदय होगा जो पूरी दुनिया में शांति स्थापित करेगी। इसी तरह बुल्गारिया देश की निवासिनी बाबा वेंगा की 12 वर्ष में तूफानी चपेट के कारण नेत्रों की रोशनी चली जाने के बाद उन्हें भविष्य देख पाने की रहस्यमयी शक्ति का अचानक अनुभव हुआ था। यद्यपि उन्होंने स्पष्ट भविष्यवाणियां नहीं की थी परन्तु संकेतों में व्यक्त की गई भावी घटनायें अतीत में सत्य प्रमाणित होती चली गईं। वर्तमान स्थितियों को लेकर संघर्षात्मक संकेत, रक्तरंजित क्रान्ति, आतंकी गतिविधियों, वैश्विक मंदी सहित सूक्ष्म के द्वारा विशाल के सामने डटे रहने जैसी व्याख्यायें उनकी रचनाओं में स्पष्ट रूप प्रस्तुत की गई हैं। उन्होंने राजनैतिक अस्थिरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, शक्तियों के टकराव, दो भागों में विभाजित होती दुनिया में छिडने वाले तीसरे विश्वयुद्ध का भयावह शब्द चित्र खींचा है। एलियंस की ओर संकेत करते हुए अंतरिक्ष से किसी अज्ञात वस्तु या सभ्यता का पृथ्वी के साथ सम्पर्क स्थापित करने की घटना का उल्लेख करने वाली बाबा वेंगा ने सनातनी सूर्य के प्रकाश से आलौकित होती धरा पर प्रेम की वर्षा जैसे वर्णन करके अनेक संभावनायें व्यक्त की हैं। फ्रांस के भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस ने अपनी भविष्यवाणियों को अपनी किताब लेस प्रोफेटीज में लघु कविताओं के माध्यम से प्रस्तुत किया है जिसमें सात जहाजों के आसपास युद्ध, एक महान व्यक्ति पर बिजली गिरेगी, अचानक प्राकृतिक आपदाओं आदि का काव्यमय चित्रण किया गया है।

जलीय युद्ध, दूरदराज से युद्ध, वर्चस्व का युद्ध, स्वार्थ का युद्ध, लालच का युद्ध, अहंकार का युद्ध, आतंक का युद्ध जैसी स्थितियां ही सात जहाजों की व्याख्या करती दिखतीं हैं। एक महान व्यक्ति पर बिजली गिरेगी की विवेचना को राजनैतिक हत्या, नेतृत्व पर जुल्म, पलायन की मजबूरी, भय का माहौल, सत्ता परिवर्तन, तख्ता पलट आदि के रूप में स्वीकारा जा रहा है। उन्होंने दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन के कारण आ रही प्राकृतिक आपदाओं पर भी लघु कवितायें लिखीं हैं।

अनेक ज्योतिषाचार्यों ने भी विश्व कुण्डली की ग्रह दशा के आधार पर विश्वयुद्ध की प्रबल संभावना व्यक्त की हैं। भविष्यवाणियों के सभी कारकों के साथ कदमताल करती वर्तमान स्थितियां भयावह भविष्य का भाष्य कर रहीं हैं जिसके उपचार हेतु युग निर्माण योजना के विचार क्रान्ति अभियान का हम सुधरेंगे, जग सुधरेगा वाला नारा प्रत्येक नागरिक को स्वीकारना पडेगा। तभी स्वयं के परिवर्तन से ही विश्व परिवर्तन की स्थितियां निर्मित हो सकेंगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# हर कहानी का अंत एक कुर्सी पर, राजनीति का यही असली खेल है

(सुधीश पचौरी )

दुनिया में हर एक की नजर दूसरे की कुर्सी पर। जैसे सिपाही की नजर थानेदार की कुर्सी पर... कि बाबू की नजर अफसर की कुर्सी पर... जैसे कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री की नजर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर..! जिस पर किसी की नजर नहीं, वह कुर्सी बेमानी है।एक महोदय उवाच- मैं उस देश में रहने पर शर्मिंदा हूं, जहां शासक दल जनतंत्र को खत्म करने पर तुला हुआ है। फिर एक भविष्यवक्ता महोदय बढ़ती दिखती है। फिर एक दिन खबर आती है कि हत्या का आरोपी मुठभेड़ में मारा गया। एक चर्चा में एक प्रवक्ता अपनी चिंता प्रकट करती है कि इन युवाओं में इतनी हिंसा क्यों बढ़ रही है!

इसी बीच पटना के दो कोचिंग सेंटर के मालिकों के टकराव की कहानी विद्यार्थियों के टकराव में बदल जाती है। गोलियां चलती हैंज पत्थरबाजी होने लगती है। पुलिस कार्रवाई करती है। कुछ उपद्रवियों को गिरफ्तार करती है। इन एक



कहिन- एक साल बाद ये सरकार गिर जाएगीज लेकिन गिरी तो तृणमूल कांग्रेस गिरी! खबर आई कि तृणमूल कांग्रेस के ऋतव्रत बनर्जी के नेतृत्व में अट्ठावन विधायक एक 'नई तृणमूल कांग्रेस' बनाने जा रहे हैं। वे अध्यक्ष को पत्र दे रहे हैं और अपने को असली तृणमूल कांग्रेस बता रहे हैं। फिर तमिलनाडु के भाजपा के नेता खबर बनाने लगते हैं कि वे भाजपा से अलग पार्टी बनाने वाले हैं। फिर वे दिल्ली आकर भाजपा नेताओं से मिलते हैं। मीडिया उछालता है कि वे अलग पार्टी बनाने वाले हैं। फिर कई दिन बाद खबर आती है कि वे भाजपा से अलग हो रहे हैं। यहां भी वही कि 'एक कुर्सी की नजर दूसरे की कुर्सी पर'। फिर एक चैनल ईद के दिन वाले कुछ वीडियो दिखाने लगता है, जिनमें कुछ युवक एक अन्य युवक को बुलाते हैं कि बकरा कैसे कटता है, वह इसे आकर देखे। जब वह बकरे का कटना देखने से आनाकानी करता है, तो बाकी युवक चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर देते हैं। हत्या के बाद लोगों में नाराजगी कोचिंग सेंटर के संचालक पड़ोस के दूसरे कोचिंग सेंटर पर आरोप लगाते हैं कि वहां से गोली चलवाई गई है, लेकिन दो दिन बाद एक खबर आती है कि गोली दूसरे कोचिंग वाले ने नहीं चलाई, बल्कि आरोपकर्ता के सुरक्षा कर्मियों से चलवाई गई है।

**कोचिंग कारोबार और परीक्षा घोटालों का कनेक्शन-** सच क्या है, यह सब तो जांच से ही सामने आ सकता है, लेकिन इस एक घटना से साफ है कि पेपर लीक मामले में कोचिंग सेंटरों का हाथ होता है। हर बार की 'पेपर लीक' कोचिंग केंद्रों की ओर इशारा तो करती है, लेकिन कोई इन पर हाथ नहीं डालता, क्योंकि इनके पीछे करोड़ों का कारोबार खड़ा है, जिसके पीछे कोचिंग माफिया खड़ा रहता है। इसीलिए इनको बंद नहीं किया जाता है।

इसी बीच मालवीय नगर के एक होटल-सह-रेस्तरां में आग लग जाती है और इक्कीस लोगों की जान चली जाती है। गद्दे की दुकान वाला पड़ोसी अपने गद्दे लगा देता है, जिन पर कूदकर कुछ लोग जान बचा पाते हैं।

# नीट यूजी-कब थमेगा सपनों का यह कत्ल? सरकारी व्यवस्था से हार रहे हैं बच्चे

**कुछ समय पहले नीट परीक्षा को प्रश्नपत्र लीक की चर्चा के बीच रद्द किया गया। अब इसकी जांच सीबीआई कर रही है। तकलीफदेह है कि प्रश्नपत्र लीक होने के अधिकतर मामले जांच-पड़ताल तक ही सिमट कर रह जाते हैं। जबकि ऐसी घटनाएं पहले से ही गलाकाट प्रतियोगिता के दौर में भविष्य बनाने के लिए जद्दोजहद कर रहे बच्चों के श्रम और उनकी प्रतिबद्धता पर पानी फेर देती हैं।**

(मोनिका शर्मा)

पेपर लीक के कारण फिर से परीक्षा होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को दोबारा तैयारी के लिए मानसिक दबाव से गुजरना पड़ता है। परिवारों को अतिरिक्त आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई के लिए कई परिवारों में गहने और जमीन तक बिक जाती है।

केंद्रीय परीक्षा नीट-यूजी 2026 का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद यह पीड़ादायक है कि देश के किसी न किसी हिस्से से अब भी बच्चों के जीवन से हारने की खबरें आनी जारी हैं। हमारे देश में प्रतियोगी परीक्षाएं जीवन संवारने की एक उम्मीद होती हैं। आशाओं का एक ऐसा द्वार, जिसे पार कर अच्छा भविष्य बनाने के लिए हर वर्ष लाखों बच्चे और उनके स्वजन तपस्या की तरह तैयारी में जुट जाते हैं। यही वजह है कि इन इम्तिहानों का निरस्त होना सीधे-सीधे उनके सपनों पर कुठाराघात होता है। इन घटनाओं के कारण वर्षों की श्रमशील दिनचर्या व्यवस्था की लचरता की भेंट चढ़ जाती है, जिसके चलते बच्चे भावी जीवन से जुड़ी अनिश्चितता, मानसिक अवसाद और सपनों के बिखरने की पीड़ा से जूझते हैं।

कुछ समय पहले नीट परीक्षा को प्रश्नपत्र लीक की चर्चा के बीच रद्द किया गया। अब इसकी जांच सीबीआई कर रही है। तकलीफदेह है कि प्रश्नपत्र लीक होने के अधिकतर मामले जांच-पड़ताल तक ही सिमट कर रह जाते हैं। जबकि ऐसी घटनाएं पहले से ही गलाकाट प्रतियोगिता के दौर में भविष्य बनाने के लिए जद्दोजहद कर रहे बच्चों के श्रम और उनकी प्रतिबद्धता पर पानी फेर देती हैं।

इस बार भी एनटीए के इस फैसले के बाद करीब बाईस लाख से ज्यादा विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा देनी होगी। कई बच्चों की आत्महत्या की खबरों के बीच बहुत से बच्चों द्वारा आक्रोश जताने वाले विरोध प्रदर्शन भी हुए। अभिभावकों ने भी बच्चों की पढ़ाई से जुड़े संघर्ष और हालात का हवाला दिया। स्पष्ट है कि पूरे समाज को निराशा और अविश्वास की ओर धकेलने वाले ऐसे वाकये चिंतनीय हैं और हमारी अकादमिक व्यवस्था से भरोसा कम करने वाले हैं।

असल में प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं को केवल अभ्यर्थियों की समस्या के तौर पर नहीं देखा जा सकता। व्यवस्थागत मोर्चे पर बड़ी खामी को उजागर करने वाली ये घटनाएं अभ्यर्थी के पूरे परिवार को आघात पहुंचाती हैं। देश के आम परिवार के लिए ये मानसिक, आर्थिक और भावनात्मक मोर्चे पर पीड़ादायी होती हैं। निराश होकर बच्चों के जीवन से मुंह मोड़ लेने वाले मामलों की तो कोई क्षतिपूर्ति ही नहीं हो सकती। दुखद है कि नीट परीक्षा निरस्त होने के बाद ऐसे कई दुर्भाग्यपूर्ण मामले भी सामने आए।




राजस्थान के झुंझुनूं जिले में नीट की तैयारी कर रहे बाईस वर्षीय छात्र ने परीक्षा रद्द होने और पेपर लीक विवाद से आहत होकर अपनी जान दे दी। अभ्यर्थी के पिता के मुताबिक, बहुत अच्छा पेपर होने और अच्छे अंक आने की उम्मीद को लगी ठेस के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में जीवन से हार मान लेने वाले इक्कीस वर्षीय छात्र के परिवार का कहना है कि वह अपने तीसरे प्रयास में डॉक्टर बनने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त था, लेकिन परीक्षा खारिज होने के समाचार ने उसका मनोबल तोड़ दिया। दिल्ली के आजादपुर में आत्महत्या करने वाली बीस वर्षीय छात्रा के परिजनों ने बताया कि परीक्षा रद्द होने के बाद वह मानसिक अवसाद में चली गई थी।

**कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि के कई बच्चे भारी मुश्किलों में करते हैं तैयारी**

समझना कठिन नहीं है कि यह संसाधनों का ही नहीं, अनमोल मानवीय जीवन का भी नुकसान है। कितने ही बच्चों और उनके स्वजनों के सपने अनिश्चितता के घेरे में आ जाते हैं। नीट यूजी-2026 निरस्त होने से देशभर में अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं। यह स्थिति लाखों युवाओं और उनके परिवारों के संघर्षों पर आघात करने वाली है। कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले कई बच्चे अनगिनत मुश्किलों से जूझकर ऐसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करते हैं।

अधिकतर प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की शुल्क राशि आम परिवारों के लिए बड़ा बोझ होती है। दूरदराज के इलाकों से आने वाले गरीब घरों में तो अभिभावकों को बच्चों के घर से दूर रहने और कोचिंग के खर्च के लिए कर्ज तक लेना पड़ जाता है। मध्यवर्गीय परिवार हर मोर्चे पर जूझकर अपने बच्चों के सपनों को साकार करने का अवसर देते हैं। कम से कम संसाधनों में तैयारी करने वाले बहुत से बच्चों के पास सही समय पर पौष्टिक भोजन लेने और पर्याप्त आराम करने की व्यवस्था भी नहीं होती। कितने ही बच्चे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य समस्याओं के दुश्चक्र में फंस जाते हैं। इसी वजह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान भी बच्चों की आत्महत्या के मामले सामने आते रहते हैं।

इसके अलावा, पेपर लीक के कारण फिर से परीक्षा होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को दोबारा तैयारी के लिए मानसिक दबाव से गुजरना पड़ता है। परिवारों को अतिरिक्त आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। बच्चों की पढ़ाई के लिए कई परिवारों में गहने और जमीन तक बिक जाती है। गांवों-कस्बों से बार-बार परीक्षा देने आने के लिए भी खर्च करना पड़ता है।

यही वजह है कि इन वाकयों के कारण मेहनत के बल पर अपने सपने पूरे करने का मार्ग चुनने वाले योग्य उम्मीदवार और उनके अपने ठगा-सा महसूस करते हैं। इस स्थिति में किसी एक परिवार में ही नहीं, पूरे समाज में निराशा फैलती है। ऐसे में परीक्षा लेने के तरीके में बदलाव और व्यवस्थागत सख्ती जरूरी है।

दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में प्रश्नपत्र लीक को लेकर सख्त कानून होने के बावजूद परीक्षाओं की निष्पक्षता, गोपनीयता और पारदर्शिता सवालों के घेरे में है। बच्चों को हताशा ही नहीं, जान देने वाले हालात तक ले जाने वाली घटनाएं रुक नहीं पा रही हैं।

# जिला समन्वय समिति व पीएमजी की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** समाहरणालय सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में सहयोग शिविर, जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग ग्रुप पीएमजी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। सहयोग शिविर के बारे में बैठक में बताया गया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर का आयोजन किया जाता है।

अगला शिविर 16.06.2026 को आयोजित होगा। जिसमें राजस्व, प्रमाण-पत्र, पुलिस, पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।वहीं आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा में जीआर राशि, 2025 में नाविक का लंबित भुगतान तथा 2025 में आए बाढ़ से संबंधित खाद्यान्न की राशि




पर भी चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारी को निर्देश दिया 2025 के बाढ पीड़ितों को राजस्व अनुदान जीआर की वितरण केवल आपदा संपूर्ति पोर्टल के माध्यम से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल पर सभी पात्र लाभुकों का डेटा अद्यतन किया जाना है।इसलिए किसी भी विसंगति का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो। उन्होंने वर्ष 2025 लंबित नविकों का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर ण करने का भी निर्देश दिया। अंचलाधिकारियों को लंबित नविकों का निपटान एवं राशि का वितरण अगले 1 से 2 दिनों के भीतर पूरा कर लेने का निर्देश दिया। वहीं 2025 में आई बाढ़ के दौरान खाद्यान्न के वितरण हेतु आवंटित राशि की समीक्षा कर अंचलाधिकारियों को भुगतान प्रगति की रिपोर्ट जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने सचेत करते होए कहा कि लापरवाही बरतने वालों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।जिला पदाधिकारी ने जिला समन्वय समिति की बैठक में शिक्षा, पर्यटन, कला संस्कृति एवं युवा, खेल, परिवहन, मद्य निषेध, नगर निगम, श्रम संसाधन, पथ निर्माण प्रमंडल, ग्रामीण पथ प्रमंडल, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल सहित अन्य संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ पीपीटी के माध्यम से हर प्रकार की गतिविधियों तथा योजनाओं की समीक्षा की तथा आपसी समन्वय बढ़ाकर जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता डा.बिनोद कुमार,उप विकास आयुक्त अमित कुमार, अपर समाहर्ता आपदा धनंजय कुमार, संबंधित अन्य विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे तो वहीं अनुमंडल पदाधिकारी व अंचलाधिकारी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की मनाई पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार - कांग्रेस नेत्री सह बिहार प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के उपाध्यक्ष इंजीनियर मीनाक्षी श्वेता के नेतृत्व में आदिवासी समाज के बीच महान स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय मूल्यों के रक्षक 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।इस मौके पर कांग्रेस नेत्री ने कहा अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ क्रांति की मशाल जलाने वाले भगवान बिरसा मुंडा जी को आज पूरा देश याद कर रहा हैं । हमेशा से आप आदिवासी समाज के दिलों में बसते हैं और आगे भी बसे रहेंगे भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे। इस अवसर पर सूरज उरांव, रेखा हेंब्रम, विमला देवी, नईम अख्तर, बबलू मरांडी, सूरज सोरेन, रवि मुर्मू, अभिनव खरवार, रमण खरवार, नीतू खरवार एवं आदिवासी समाज के भाई-बहन उपस्थित रहे ।

## शारीरिक प्रशिक्षण केन्द्र का हुआ समारोहपूर्वक शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** नवयुवकों एवं नवयुवतियों को सरकारी नौकरियों में जाने का बेहतर क्षेत्र सेना,बिहार पुलिस,होमगार्ड आदि बन गया है।जिसमें शारीरिक रुप से फीट होना जरुरी है।प्रखंड क्षेत्र में शारीरिक प्रशिक्षण पाने का उचित माध्यम नहीं रहने से क्षेत्र की



प्रतिभा को सम्मान नहीं मिलता था।जिला मुख्यालय जाकर प्रशिक्षण पाना और इसके लिए मोटी फीस दे पाना ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों के लिए सहज नहीं था। इसी कमी को दूर करने के लिए जदयू कार्यकर्ता संजय हेम्ब्रम के नेतृत्व में डुमरिया फिजिकल एकेडमी का शुभारंभ डुमरिया स्थित स्टेडियम में समारोहपूर्वक किया गया।

जिसमें कटिहार फिजिकल एकेडमी के प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन प्रशिक्षण दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह में अतिथि के रुप में उपस्थित प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकताओं ने फीता काटकर एकेडमी का शुभारंभ किया।मौके पर आयोजित समारोह को अतिथि के रुप में संबोधित करते हुए पंचायत समिति सदस्य बरुण कुमार राय, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार,पूर्व मुखिया बिशुनदेव हांसदा, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित स्काउट प्रशिक्षक काशी प्रसाद चौहान,वरिष्ठ समाजसेवी रामानंद झा,अरुण मिस्त्री ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के संस्थान की आवश्यकता बताते हुए इसके शुरू होने पर हर्ष जताया। वक्ताओं ने संचालकों तथा प्रशिक्षकों से अपील किया कि सबसे पहले वे सीखने का वातावरण तैयार करें फिर प्रशिक्षुओं के अंदर जज्बा पैदा करें कि लक्ष्य कठिन नहीं है। ताकि उनकी गाढी कमाई का सदुपयोग हो। फिर जब बच्चे अच्छा करेंगे तो उनका तथा उनके परिजनों को तो खुशी मिलेगी ही।प्रशिक्षक तथा क्षेत्रवासी भी गौरवान्वित महसूस करेंगे। वक्ताओं ने रियायती फीस लेने का भी आग्रह किया तो प्रशिक्षुओं से अनुशासित रहकर सीखने का संदेश दिया। शुभारंभ में 800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें सफल प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक डेविल, राजेश उरांव,मदन हेम्ब्रम सहित दर्जनों अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मांगों को लेकर राजद कार्यकर्ता ने किया प्रदर्शन

**हसनगंज/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राजद प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राज्यव्यापी प्रखंड स्तरीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को हसनगंज प्रखंड कार्यालय के समक्ष राजद कार्यकताओं ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष श्रीलाल उरांव ने किया। धरना को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव समरेंद्र कुणाल ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में भय, भूख, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, प्रश्नपत्र लीक, बढ़ते भ्रष्टाचार तथा बिजली संकट जैसी समस्याएं गंभीर रूप धारण कर चुकी है। विभिन्न सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है,और आम लोगों को कई कार्यो के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल,डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के कारण आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। खाद्य सामग्री, कपड़ा तथा निर्माण सामग्री के दामों में लगातार वृद्धि से लोगों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राजद कार्यकर्ता जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोल जारी रखेंगे। वहीं प्रखंड अध्यक्ष श्रीलाल उरांव ने कहा कि हसनगंज प्रखंड क्षेत्र में अनियमित बिजली आपूर्ति से आम लोग एवं किसान परेशान है। किसानों को उनके उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है,तथा अपराध की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। इस मौके पर योगेंद्र यादव, शशिधर उरांव, लक्ष्मण उरांव, अरुण उरांव, श्याम लकड़ा, दीपक साह, दीपक मंडल, संजय मंडल,मो कमाल, मो मुजम्मिल, बिट्टू ऋषि, आशीष यादव,गोपाल सिंह,गुड्डू शेख, सज्जन, मनोज,मो हैदर, बदरुद्दीन, प्रल्हाद साह सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यक्रम के अंत में राजद प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगो से संबंधित ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा।

### राजद का एक दिवसीय धरना

**समेली/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यालय पटना के निर्देश के आलोक में जनसरोकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर समेली प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल द्वारा एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों राजद कार्यकताओं ने भाग लेकर महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बिजली व्यवस्था की बदहाली, विधि-व्यवस्था तथा अन्य जनसमस्याओं के खिलाफ आवाज बुलंद की। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व प्रखंड प्रभारी अमरेंद्र सिंह संजू ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड राजद अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने की। धरना को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रभारी अमरेंद्र सिंह संजू ने कहा कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता परेशान है। बिजली की लचर व्यवस्था एवं विभिन्न सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड राजद अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण आम जनता का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सरकार जनहित के मुद्दों पर गंभीर नजर नहीं आ रही है, जिससे लोगों में निराशा बढ़ रही है। कार्यक्रम में प्रखंड राजद प्रधान महासचिव जनार्दन पंडित, श्याम लाल पंडित, गणेश कुमार यादव, अंजनी ठाकुर, तेज नारायण पंडित, रामविलास यादव, चंदन रविदास, मनोवर आलम, पवन कुमार, अजय कुमार मंडल, राजेश मालाकार, प्रदीप कुमार, सुभाष चंद्र राम, अरुण कुमार मंडल, विजय कुमार यादव, वकील रविदास, डिबू राम, नागेश्वर मंडल, मोहम्मद हलीम, दिनेश यादव सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कोढ़ा में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ राजद का प्रदर्शन

**कोढा/कटिहार(नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और जनहित से जुड़ी अन्य समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर राष्ट्रीय जनता दल राजद के कार्यकताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। राजद नेताओं ने सरकार से तत्काल प्रभाव से जनविरोधी नीतियों में सुधार करने की अपील की है। ज्ञापन के माध्यम से राजद की स्थानीय इकाई ने सात सूत्रीय मांगें रखी हैं । पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि पर प्रभावी नियंत्रण की समीक्षा कर जनता को राहत दी जाए। कल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएं ताकि पलायन पर रोक लग सके। शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के विकास के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाए।

# कटिहार में एआई का खतरनाक खेल बेनकाब

## एके-47 के साथ फर्जी तस्वीरें बनाकर सोशल मीडिया पर फैला रहे थे दहशत, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** कटिहार में सोशल मीडिया के जरिए दहशत फैलाने की एक चौंकाने वाली साजिश का पुलिस ने पदार्फाश किया है। अवैध हथियारों के साथ अपनी तस्वीरें दिखाकर इलाके में खौफ का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे दो युवकों को पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि वायरल की गई तस्वीरें असली नहीं थीं, बल्कि एआई तकनीक की मदद से तैयार की गई थीं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कोढ़ा थाना क्षेत्र के करमू टोला



में कुछ लोग एके-47 जैसे आधुनिक हथियारों के साथ फोटो सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं। मामला सामने आते ही पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के निर्देश पर विशेष जांच दल का गठन किया गया। तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने छापेमारी कर मो. इरफान और मो. मनोवर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने एआई की मदद से हथियारों वाली तस्वीरें तैयार कीं और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल किया ताकि लोगों के बीच अपनी धाक जमाई जा सके। हालांकि जांच में कोई वास्तविक एके-47 बरामद नहीं हुई। लेकिन फर्जी तस्वीरों के जरिए भय और भ्रम फैलाने के आरोप में दोनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।इस मामले में कोढ़ा थाना कांड संख्या 180/26 दर्ज कर आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी की गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस फर्जी प्रचार अभियान में और कौन-कौन लोग शामिल थे। कोढा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि तकनीक का इस्तेमाल सही दिशा में करें गलत प्रयोग से बचें। ताकि समाज में खुशफहमी कायम रखा जा सके। गलत का परिणाम हमेशा गलत ही होता है।

## स्मैक के साथ दो धराये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार) ।** मनिहारी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार मनिहारी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में हसवर मोड के पास सघन वाहन जांच चलाया गया। पुलिस बल को देखकर एक बाईक पर सवार दो व्यक्ति तेजी से भागने लगा। मुस्तैद पुलिस के जवानों ने धर दबोचा। कपडे गये व्यक्ति की विधिवत तलाशी लेने पर उनके पास से 5.36 ग्राम स्मैक एवं 12056 रुपये पुलिस ने बरामद की है। पकडे गये व्यक्ति की पहचान संतोष कुमार पिता रामबदेश यादव .मनीष यादव पिता भोला यादव दोनो साकिन मिजार्पुर, मनिहारी के रुप मे हुई है। पुलिस ने स्मैक तस्करी में प्रयुक्त बाईक सहित दो मोबाईल जप्तकर ली




है।थानाध्यक्ष ने जानकारी दी है कि इस संदर्भ मे मनिहारी थाना कांड संख्या 215/26दर्जकर धारा 8(सी)/21(बी)/29(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे, 61 गर्भवती महिलाओं की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच 9 जून 2016 को शुरू की गई थी। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जहां आने जाने वाले लोगों ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा भी कर रहे थे। वहीं आज 10 साल पूरा होने के शुभ अवसर पर भी गर्भवती महिलाओं की जांच की जा रही थी। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह डॉक्टर प्रेमराज ने बताया कि 9 जून 2016 को प्रधानमंत्री के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच की शुरूआत की



गई थी। आज 10 वर्ष पूरे हुए इसी उपलक्ष्य में पूरे अस्पताल परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया हैं पूरे परिसर में फूल गुब्बारे आदि लगाए गए हैं जो देखने में काफी सुंदर लग रहा था । उन्होंने कहा कि क्षेत्र से आशा के द्वारा लाई गई गर्भवती महिलाओं की जांच किया गया उचित दिशा निर्देश दिए। इससे पूर्व एएनएम चांदनी कुमारी के द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया। वहीं एएनएम सुप्रिया कुमारी, कोमल कुमारी, खुशबू कुमारी के द्वारा विभिन्न प्रकार के जांच की गई तथा सभी को दवाइयां उपलब्ध कराया गया। वहीं लैब के राजीव रमण ने सभी महिलाओं की ब्लड जांच किए। वहीं जीविका के द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को अल्पाहार दिए। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह डॉक्टर प्रेमराज, क्लर्क विनय कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनवर आलम, लेखापाल अनिमेष कुमार, आशा सुधा कुमारी, कांति देवी, शीला कुमारी, सुनीता कुमारी, स्वास्थ्य कर्मी में विकाश कुमार पासवान, कमल किशोर झा, जिम्मी झा आदि उपस्थित रहे ।

## भूख भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व बढ़ते अपराध को लेकर राजद का धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** राज्य एवं देश में भय भूख एवं भ्रष्टाचार बेरोजगारी प्रश्न पत्र लीक राज्य में बढ़ते अपराध बिजली संकट को लेकर राजद प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर राज्यव्यापी प्रखंड स्तरीय धरना प्रदर्शन के तहत कटिहार सदर प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष संतोष यादव ने किया। जबकि संचालन प्रदेश सचिव मो. जाहिद ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शामिल प्रदेश महासचिव समरेंद्र कुणाल ने अपने संबोधन में राज्य सरकार पर चौतरफा हमला किया। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध का आलम यह कि पिता के सामने बेटी



को अपराधी उठा रहे हैं भाई के सामने बहन का बलात्कार हो रहा है। राज्य के सभी विभागों में रिश्वत कमीशन भ्रष्टाचार चरम पर है बिना रिश्वत चपरासी भी नहीं हिलता है। प्रश्न पत्र लीक हो रहा है। छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। आंदोलन करने वालों को पुलिस मार रही है। श्री कुणाल ने कहा कि पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर की कीमत लगातार बढ़ रहा है खाद्य पदार्थ कपड़ा घर मकान बनाने वाले सामानों की कीमत आसमान छू रहा है लोगो की कमाई में बचत नहीं हो रहा है लोगो की जमा पैसा टूट रहा है। श्री कुणाल ने कहा कि राजद कार्यकर्त्ता हरा गमछा लेकर जनहित में आंदोलन जारी रखेगी। इस अवसर पर राजद के अनिरुद्ध यादव, रंजीत साह, विजय गुप्ता, रामसेवक राय, मो. आजाद

## पीएचसी में एएनएम पर नवजात शिशु गिराने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी मे जन्म के बाद एएनएम के हांथ से छूटकर नवजात शिशु के नीचे गिरने का मामला प्रकाश मे आया है । सोमवार को नवजात शिशु के साथ पिड़ित परिजनों के साथ दर्जनो की संख्या मे ग्रामीणो के साथ अस्पताल पहुंच कर हो हंगामा किया ।

नवजात शिशु के माता पुजा कुमारी पिता सुजन मंडल ,रिंकी देवी ने बताया कि चार जुन को स्वास्थ्य केन्द्र मे शिशु का जन्म हुआ था । जन्म के बाद बच्चा को झुलाने के दौरान नीचे गिरा दिया । नीचे गिरने के बाद शिशु कोमा मे चला गया । बाद में पीएचसी के



चिकित्सको ने कटिहार रेफर कर दिया । कटिहार मे भी चिकित्सको ने शिशु का इलाज से इन्कार कर दिया है । पिड़ित सहित सभी ग्रामीणो ने पीएचसी प्रभारी से शिशु का उचित इलाज कराने का मांग किया । प्रभारी चिकित्सक डाक्टर इमरान आलम ने मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए शिशु को परिजन के साथ सरकारी खर्च से बेहतर इलाज के लिए पटना एम्स अस्पताल भेज दिया है । डाक्टर इमरान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है । दोषी पाये जाने पर एएनएम के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।

## 105 संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर 288 सीसीटीवी कैमरे लगाए गये : नगर आयुक्त

### कैमरों की मदद से चोरी, छिनतई और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगेगी : संतोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम कटिहार की ओर से विभागीय निर्देश के आलोक में एवं जिला प्रशासन द्वारा चयनित शहर के 105 संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर कुल 288 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। यह सुरक्षा और निगरानी के लिहाज से कटिहार शहर के लिए एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस नई व्यवस्था से शहर के मुख्य क्षेत्र और संवेदनशील चौराहे कवरेज होगा ।

शहर के सभी प्रमुख चौराहों और व्यस्त मोड़ों पर नजर रखी जाएगी।श्री कुमार ने कहा कि कटिहार शहर में आने और बाहर जाने वाले मुख्य रास्तों को कवर किया गया है।भीड़भाड़ वाले बाजार, प्रमुख व्यापारिक केंद्रों और बाजारों




में सुरक्षा बढ़ेगी। सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के साथ अपराध नियंत्रण होगा। कैमरों की मदद से चोरी, छिनतई और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगेगी।यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और जाम की स्थिति पर सीधे नजर रखी जा सकेगी।कंट्रोल रूम से निगरानी होगी। इन सभी 288 कैमरों का सीधा कनेक्शन एक केंद्रीय कंट्रोल रूम से होगा। जहां पुलिस और प्रशासनिक टीम चौबीसों घंटे लाइव फीड की निगरानी करेगी।यह पहल कटिहार के नागरिकों को एक सुरक्षित और बेहतर शहरी माहौल देने में काफी मददगार साबित होगी।

## ई-रिक्शा चालक संघ ने लिया स्टैंड का जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** ई रिक्शा चालक संघ कटिहार के पदाधिकारी के साथ शहर में ई-रिक्शा का रूट निर्धारण करने को लेकर, अस्थाई स्टैंड को लेकर पूर्व में नगर निगम के नगर आयुक्त संतोष कुमार के साथ हुई सकारात्मक बैठक के बाद शहर के विभिन्न चौक चौराहा दर्जनों स्थान पर चंद्रमा चौक, इस्लामिया चौक, रामपारा पीएनटी चौक , मोहम्मद चौक पेट्रोल पंप के सामने, अड़गड़ा चौक , सदर अस्पताल के सामने, मनिहारी मोड़, चिल्ड्रेंस पार्क, मंडल कारा के बगल में, अंबेडकर चौक पंचमुखी मंदिर के पहले डिजिटल मॉल के सामने, बाटा चौक पार्सल गोदाम के बगल में, संग्राम चौक जैसे दर्जनों जगह को टोटो स्टैंड के लिए चिन्हित किया गया है।

मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि अगर नगर निगम के तरफ



से चिन्हित जगह तय हो जाता है तो वैसे जगह पर कहीं पर मिट्टी भरवाना पड़ेगा। हर जगह चापाकल, शौचालय, यात्री शेड आदि की सुविधा हो जाएगी तो अस्थाई स्टैंड तो टोटो चालकों को एवं यात्रियों को स्टैंड से टोटो लेकर चलने में कोई कठिनाई नहीं होगी ' श्री सिंह ने एक बात स्पष्ट रूप से बताया कि शहर में जाम से मुक्ति को लेकर जिला प्रशासन, नगर निगम, यातायात व्यवस्था, मोटर परिवहन विभाग एवं ऑटो संघ तथा टोटो संघ दृढ़ संकल्पित है। ई रिक्शा चालक संघ के मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि आगामी दिनांक 14 जून को 11:00 बजे स्थानीय बाबू वीर कुंवर सिंह इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में ई रिक्शा चालक संघ की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की जाएगी। जिस बैठक में ई-रिक्शा चालक संघ के चालकों को स्पष्ट रूप से बताया जाएगा कि अब नाबालिग लड़कों के लिए टोटो चलाना मुश्किल होगा। ड्राइवरी लाइसेंस अनिवार्य होगा, रजिस्ट्रेशन गाड़ी का अत्यंत जरूरी होगा। प्रशासन के शक्ति के कारण सभी ई-रिक्शा के चालकों को सभी बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा अगर बेवजह प्रशासन परेशान करेगा तो संघ आपके समर्थन में मजबूती से खड़ा रहेगा ' ई रिक्शा चालक संघ के नेतृत्व में अस्थाई स्टैंड के निरीक्षण करने में संघ के दर्जनों पदाधिकारी में अध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा, सचिव विक्रम सिंह, कोषाध्यक्ष अनिक पासवान, उपाध्यक्ष राजीव रंजन, रमन कुमार, अशोक शाह सोनू कुमार, राजीव कुमार मोहम्मद ईसराफिल राजू कुमार, चंदन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने नगर निगम क्षेत्र के सभी टोटो चालकों से अनुरोध किया है अपने हक और हक्कूक के लिए आगामी 14 जून को 11:00 बजे बाबू वीर कुंवर सिंह इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में निश्चित रूप से पहुंचने की कृपा करें ताकि 14 जून के के बाद नगर निगम के कार्यालय में नगर आयुक्त,यातायात प्रभारी, मोटर परिवहन विभाग के पदाधिकारी एवं ओटो एवं टोटो संघ के साथ त्रिपक्षीय वार्ता कर कटिहार शहर को जाम से मुक्ति दिलाते हुए सुविधा युक्त शहर बनाने की दिशा में प्रयास किया जाएगा।

## डब्ल्यूएसजे ने माना, दुनिया की सबसे हैरान करने वाली आर्थिक सफलता की कहानी है उत्तर कोरिया

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर कोरिया का मामला दुनिया की सबसे हैरान करने वाली आर्थिक



सफलता की कहानी बन गया है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद यह देश पहले से कहीं ज्यादा अमीर हो गया है।' द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने 7 जून को इस देश का दौरा करने वाले लोगों के बयानों के आधार पर यह जानकारी दी। यह खबर ऐसे समय सामने आई है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग प्योंगयांग पहुंच गए हैं। हाल के सालों में अपनी यात्राओं में लगातार कटौती करने वाले किसी नेता के लिए उत्तर कोरिया की यह एक रेयर स्टेट विजिट है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन और उनकी पत्नी री सोल जू ने शी और उनकी पत्नी पेंग लियुआन का स्वागत किया। इस दौरान 21 तोपों की सलामी दी गई। मिलिट्री बैंड ने दोनों देशों के राष्ट्रगान बजाए। वहीं, ङ्कस्छ्व ने बताया कि हथियारों की बिक्री और चीन से मिलने वाले सामान और फंडिंग की वजह से डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया यानी उत्तर कोरिया की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में ऐसे संकेत कई सालों से नहीं देखे गए थे। यह देश न केवल अपने उत्पादों को सफलतापूर्वक बेचता है और सहयोगियों का समर्थन हासिल करता है। अलबत्ता, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से बचने के तरीके भी ढूंढता है। इससे प्योंगयांग को ऊर्जा, कलपुर्जों और अलग-अलग सामग्रियों के आयात को बढ़ाने में मदद मिलती है।

### आर्थिक सफलता की ओर इशारा कर रहे ये प्रोजेक्ट

*जर्नल के अनुसार, प्योंगयांग में नए पेट स्टोर, इंटरनेट कैफे और बीएमडब्ल्यू कारें बेचने वाले डीलरशिप खुले हैं। अकेले पिछले साल राजधानी में 10,000 नए घर बनाए गए। ये लॉस एंजिल्स या शिकागो में हुए निर्माण के आंकड़ों से ज्यादा हैं। इसके अलावा, सालों से रुके हुए बड़े प्रोजेक्ट भी पूरे किए गए हैं। प्योंगयांग का सबसे बड़ा अस्पताल, न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क से भी बड़ा ग्रीनहाउस कॉम्प्लेक्स और एक नया रिजॉर्ट कॉम्प्लेक्स इनमें शामिल हैं। देश के अधिकारियों ने '20×10' प्रोग्राम भी शुरू किया है। इसके तहत अगले 10 सालों तक हर साल 20 शहरों और जिलों में फैक्टरियां बनाई जाएंगी। 4 जून को उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन ने परमाणु सामग्री बनाने वाले एक नए प्लांट का निरीक्षण किया। इसे हाल ही में चालू किया गया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि (वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया) की केंद्रीय समिति (आठवें सत्र) के नेतृत्व में पांच सालों में देश में हथियार-ग्रेड परमाणु सामग्री की उत्पादन क्षमता को दोगुना करना संभव हो पाया है।*

### भारत को अरबों का नुकसान, दिग्गज ने किया खुलासा

# सरकार ने अपने ही पैरों पर मारी कुल्हाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा है कि विदेशों में पर्यटन मार्केटिंग बजट में भारी कटौती करने के भारत के फैसले से विदेशी पर्यटकों की संख्या पर बुरा असर पड़ा है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को अरबों डॉलर के संभावित रेवेन्यू का नुकसान हुआ है। उन्होंने तर्क दिया कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के इस दौर में विदेशी मुद्रा कमाने और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करने के लिए पर्यटन सबसे तेज रास्तों में से एक है।

इकोनॉमिक टाइम्स में लिखे एक आर्टिकल में कांत ने बताया कि पिछले चार वर्षों में भारत का विदेशी पर्यटन मार्केटिंग बजट लगभग शून्य कर दिया गया है। इसका नतीजा यह हुआ कि साल 2024 में भारत में 99 लाख विदेशी पर्यटक आए, जो कोरोना महामारी से पहले यानी साल 2019 के स्तर से अब भी लगभग 10 प्रतिशत कम है। दूसरी ओर, भारत के सभी प्रतिस्पर्धी देश साल 2019 के स्तर को पार कर तेजी से आगे बढ़ चुके हैं। अमिताभ कांत के मुताबिक एक विदेशी पर्यटक भारत की जीडीपी में प्रति यात्रा लगभग 3000 डॉलर (करीब 2.87 लाख रुपये) का योगदान देता है, जबकि एक घरेलू पर्यटक का योगदान सिर्फ 75 डॉलर (करीब 7000 रुपये) होता है। अगर भारत विदेशी मार्केटिंग में 200 मिलियन डॉलर का निवेश करता है, तो इससे 10 लाख अतिरिक्त विदेशी पर्यटक आकर्षित किए जा सकते हैं। इससे 3.6 अरब डॉलर की



आर्थिक वैल्यू और 400 मिलियन डॉलर का जीएसटी कलेक्शन होगा।

यह मार्केटिंग में लगाए गए हर एक डॉलर पर 18 गुना रिटर्न है। अगर सिर्फ 55000 अतिरिक्त पर्यटक भी आ जाते हैं, तो मार्केटिंग की पूरी लागत वसूल हो जाएगी। यह कोई काल्पनिक अनुमान नहीं है, बल्कि इन्क्रेडिबल इंडिया अभियान ने यह करके दिखाया है।

इन देशों का बढ़ गया रेवेन्यू

अमिताभ कांत ने आर्टिकल में कुछ देशों का उदाहरण दिया है। उन्होंने बताया है कि जब इन देशों ने टूरिज्म मार्केटिंग पर खर्च बढ़ाया तो न केवल विदेशी पर्यटक बढ़े, बल्कि रेवेन्यू में भी तेजी आई। मलेशिया ने वित्त वर्ष 2024 में टूरिज्म मार्केटिंग पर 7 करोड़ डॉलर खर्च किए। इससे इंटरनेशनल टूरिस्ट की संख्या 31 प्रतिशत बढ़कर 2.73 करोड़ हो गई। साथ ही मलेशिया का रेवेन्यू 37.5 प्रतिशत बढ़कर 22 अरब डॉलर हो गया। थाईलैंड में में टूरिज्म मार्केटिंग पर 12 करोड़ डॉलर खर्च किए। इससे थाईलैंड में विदेशी पर्यटकों की संख्या 26 प्रतिशत बढ़कर 3.55 करोड़ हो गई। रेवेन्यू 34 फीसदी बढ़कर 48 अरब डॉलर हो गया। ब्राजील ने 9 करोड़ डॉलर किए। इससे विदेशी पर्यटकों की संख्या में 22 प्रतिशत का उछाल आया।सऊदी अरब में भी विदेशी पर्यटकों की संख्या में इजाफा देखा गया। सऊदी अरब जाने वाले पर्यटक 3 करोड़ बढ़ गए। इससे सरकार को 41 अरब डॉलर का रेवेन्यू मिला।

### भारत कितना कमजोर

कांत ने कहा कि आज ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री पूरी तरह से डिजिटल प्लेटफॉर्म (यूट्यूब प्री-रोल्स, सोशल मीडिया एल्गोरिदम और इन्फ्लुएंसर नेटवर्क) पर शिफ्ट हो चुकी है, लेकिन भारत यहां गायब है। इन्क्रेडिबल इंडिया के फेसबुक पर 19 लाख और इंस्टाग्राम पर 7.85 लाख फॉलोअर्स हैं, लेकिन उनका एंगेजमेंट (लोगों की प्रतिक्रिया) बेहद निराशाजनक है। उदाहरण के लिए लगभग इतने ही फॉलोअर्स के साथ सऊदी अरब को एक महीने में 2.7 करोड़ व्यूज मिलते हैं, जबकि भारत को सिर्फ 3.88 लाख व्यूज मिल पा रहे हैं।

### दिए महत्वपूर्ण सुझाव

कांत ने होटलों, रेस्टोरेंट्स, होमस्टे और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों के लिए नियमों को आसान बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मल्टीपल लाइसेंस और बार-बार होने वाले इंस्पेक्शन से भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता कम होती है। इसकी जगह 'यूनिफाइड लाइसेंस' और ऑटोमैटिक रिन्यूअल सिस्टम होना चाहिए। अमिताभ कांत ने नीति निर्माताओं से कंटेंट क्रिएटर्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को रणनीतिक संपत्ति मानने का आग्रह किया।

### कई साल पहले बंद कर दी थी सुविधा

## आईआरसीटीसी ने फिर शुरू किया चलती ट्रेनों में खाना बनाना




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कच्चे तेल की सप्लाई बाधित हुई है। इससे देश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की काफी किल्लत हो गई है। इस कारण इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन को चलती ट्रेनों में खाना पकाने का काम फिर से शुरू करना पड़ रहा है। कई साल पहले इस प्रोसेस को चरणबद्ध तरीके से बंद कर दिया गया था। हालांकि इस बार खाना इलेक्ट्रिक इंडक्शन स्टोव पर पकाया जाएगा।

ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक आईआरसीटीसी ने पैंट्री कारों में बिजली से खाना पकाने का तरीका अपनाया है। कंपनी 1,400 ट्रेनों में रोजाना 17 लाख लोगों को फूड सर्विसेज मुहैया करती है। इस सर्विस को जारी रखने के लिए बड़े स्टेशनों पर इंडक्शन स्टोव लगाए गए हैं। देश की ज्यादातर प्रीमियम ट्रेनें जैसे राजधानी, शताब्दी, दुरंतो और वंदे भारत कोच के साथ चलती हैं।

सीएमडी संजय कुमार जैन ने कहा, 'हमने अपने वेंडर्स को पैंट्री कार में खाना पकाने की इजाजत दी है जिनमें पहले से ही सेफ्टी फैसिलिटीज मौजूद हैं। इसलिए अब हमारी सभी पैंट्री कारें चलती ट्रेन में बिजली से खाना बना सकती हैं। साथ ही बहुत बड़ी जगहों पर हमने इंडक्शन कुकिंग के लिए बिजली का इस्तेमाल किया है। साथ ही हमने साथ समझौता किया है ताकि सरकारी निर्देशों के मुताबिक हमें प्राथमिकता मिले।'

### पैंट्री कार का सुविधा


पश्चिम एशिया संकट से कमाई पर बुरा असर पड़ा है। इनपुट कॉस्ट बढ़ने के कारण 2025-26 की चौथी तिमाही में कैटरिंग सेगमेंट का मार्जिन 10.4 प्रतिशत से घटकर 6.3 प्रतिशत रह गया। एनालिस्ट्स ने इस पर चिंता जताई है। स्टॉक पर नजर रखने वाले मुंबई के एक एनालिस्ट ने कहा, 'कैटरिंग की कीमतों में आखिरी बार बदलाव 2019 में हुआ था। मार्जिन बनाए रखने के लिए टैरिफ बढ़ाना होगा या फिर वॉल्यूम में लगातार बढ़ोतरी करनी होगी।' जैन ने कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना पर टिप्पणी करने से इनकार किया और कहा कि कैटरिंग की कीमत रेलवे मंत्रालय तय करता है। 28 फरवरी को ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से ही होर्मुज स्ट्रेट से तेल और गैस की सप्लाई बाधित हुई है। दुनिया का 20 फीसदी तेल इसी रास्ते से गुजरता है।

## वोडाफोन आईडिया और एयरटेल के शेयरों में 3 प्रतिशत तक की उछाल, कोर्ट से मिली राहत से निवेशक खुश

*नईदिल्ली, एजेंसी। टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल लिमिटेड और वोडाफोन आइडिया के शेयरों में उछाल देखने को मिली है। कंपनियों के शेयरों की कीमतों में 3 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई है। इस उछाल बॉम्बे हाईकोर्ट से मिली राहत के बाद देखने को मिली। कोर्ट ने टेलीकॉम कंपनियों भारती एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया पर एकमुश्त स्पेक्ट्रम शुल्क (ओटीएससी) लगाने के केंद्र सरकार के 2012 के फैसले को सोमवार को खारिज कर दिया। साथ ही अदालत ने इस तरह के फैसले के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाया आज मंगलवार को वीआई के शेयर बीएसई में 14.38 रुपये के स्तर पर ओपन हुए थे। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 3.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 14.90 रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि, इसके बाद शेयरों में नरमी देखने को मिली। लेकिन बढ़त 1 प्रतिशत से अधिक की बनी हुई है। इस टेलीकॉम कंपनी का शेयर 1834.65 रुपये के स्तर पर खुला था। कंपनी के शेयर 1 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 1835.85 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया। इसके बाद एयरटेल के शेयरों में बिकवाली शुरू हो गई। जिसकी वजह से कंपनी का शेयर 1 प्रतिशत से अधिक लुढ़क भी गया है। जस्टील मनीष पिटाले और न्यायमूर्ति श्रीराम शिरसाट की खंडपीठ ने ओटीएससी की वसूली के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी मांग नोटिसों को भी रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि सरकार यह बताने में विफल रही है कि उसे ऐसा निर्णय लेने और उसके आधार पर मांग नोटिस जारी करने का अधिकार किस स्रोत से प्राप्त हुआ।*

## बेंगलुरु की रियल एस्टेट कंपनी ला रही है बोनस इश्यू, अगले सप्ताह है रिकॉर्ड डेट

**मुंबई, एजेंसी।** आज हम आपको ऐसे शेयर के बारे में बता रहे हैं जो बोनस देने वाली है। जी हां, बेंगलुरु की रियल एस्टेट डेवलपर ब्रिगेड इंटरप्राइजेज बोनस शेयर दे रही है। कंपनी ने इसके लिए रिकॉर्ड तिथि 17 जून (बुधवार) तय किया है। कंपनी ने बोनस इश्यू का रेशियो 1:3 तय किया है। कंपनी के इस फैसले को शेयरधारकों की मंजूरी मिल चुकी है। कंपनी ने करीब सात साल में अपना पहला बोनस इश्यू घोषित किया है।




इसकी घोषणा बीते मई में तब हुई थी जबकि कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही त्त4 का परिणाम जारी किया था। उस समय कंपनी ने बताया था कि उसके बोर्ड ने इस आशय का प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया है। रिकॉर्ड तिथि पर जिन शेयरधारक के पास कंपनी के तीन शेयर होंगे, उन्हें एक बोनस शेयर मिलेगा। कंपनी के शेयरों का अंकित मूल्य 10 रुपये है। ब्रिगेड इंटरप्राइजेज ने अपनी शेयर पूंजी को भी 250 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 400 करोड़ रुपये करने की योजना को मंजूरी दी है। यह पूंजी पहले 25 करोड़ शेयरों में विभाजित थी।

### शेयर बाजार को बताया

ब्रिगेड इंटरप्राइजेज ने सोमवार को एक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि उसके शेयरधारकों ने 7 जून को ई-वोटिंग के माध्यम से पोस्टल बैलट द्वारा बोनस शेयरों के इश्यू को अनुमोदित कर दिया है। जिन शेयरधारक के पास रिकॉर्ड तिथि पर कंपनी के शेयर होंगे, उन्हें बोनस शेयर मिलेगा।



## पश्चिम बंगाल में सरकार बदलते ही रॉकेट हुई हेलमेट की बिक्री, कई लोग पहली बार कर रहे खरीदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में हाल में हुए विधानसभा चुनावों के बाद हेलमेट्स की बिक्री में काफी तेजी देखी जा रही है। 4 मई को आए चुनाव नतीजों ने राज्य के हालात बदल दिए। नई बीजेपी सरकार के कार्यभार संभालने से पहले ही पुलिस ने समाज के सभी वर्गों और इलाकों में हेलमेट नियमों के उल्लंघन पर सख्ती शुरू कर दी। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इसका असर सड़कों के साथ-साथ हेलमेट्स के शोरूम्स पर भी साफ दिखाई दे रही है।

इससे पहले लोगों की शिकायत रहती थी कि ट्रैफिक के नियमों को लागू करने में भेदभाव हो रहा है। वे इस बात से नाराज थे कि कुछ लोगों को छूट दी जा रही थी जबकि दूसरों के साथ सख्ती की जा रही है। लेकिन विधानसभा चुनाव के नतीजों में एक झटके में स्थिति बदल दी है। हेलमेट बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनियों में से एक स्टड्स एक्सेसरीज की मई में पश्चिम बंगाल में बिक्री 70 प्रतिशत बढ़ गई। खास बात यह है कि बच्चों के हेलमेट की बिक्री दोगुनी से भी ज्यादा हो गई। हेलमेट बनाने वाली एक और कंपनी वेगा हेलमेट्स के डिस्ट्रीब्यूटर्स का कहना है कि राज्य में मई से बिक्री में 30 प्रतिशत तेजी आई है। कंपनी के डायरेक्टर कुणाल चंडक ने बताया कि छोटे शहरों और कस्बों में ज्यादा मांग दिख रही है। इस मामले में ईटी ने कोलकाता में हेलमेट बेचने वाले एक दर्जन दुकानदारों से बात की। उन्होंने मई में बिक्री में 40-60 प्रतिशत तेजी की पुष्टि की जबकि पहले यह बढ़ोतरी 8-9 प्रतिशत के आसपास रहती थी। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार केवल कोलकाता में ही मई में बिना हेलमेट गाड़ी चलाने के लिए 35,600 से ज्यादा चालान काटे गए।

### बच्चों के हेलमेट

इसकी वजह यह है कि पूरे राज्य में अब हेलमेट पहनने के नियम को सख्ती से लागू किया जा रहा है। स्टड्स की बिक्री के आंकड़ों के अनुसार बच्चों के हेलमेट की मांग पहले सिर्फ कोलकाता तक ही सीमित थी। लेकिन अब मुर्शिदाबाद, मालदा, मेदिनीपुर, कृष्णानगर, आसनसोल, बर्दवान, बांकुरा, सिलीगुड़ी और जलपाईगुड़ी जैसे शहरों और कस्बों से भी डिमांड आ रही है। बीजेपी सरकार ने ट्रैफिक नियमों को सख्ती से लागू करने को प्राथमिकता दी है। राज्य के कैबिनेट मंत्री अशोक कीर्तनिया ने ईटी को बताया कि पुलिस को निर्देश दिया गया है कि हेलमेट न पहनने वाले सभी लोगों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। इसमें केवल सिखों को धार्मिक कारणों से छूट दी गई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि पूरे राज्य में नियमों को सख्ती से लागू किया जा रहा है। कुछ जिलों की पुलिस ने सुरक्षा का संदेश देने के लिए 'यमराज' के वेश में जवानों को तैनात किया है।

# आपके आईटीआर की हो सकती है बारीकी से जांच

### सीबीडीटी ने जारी की गाइडलाइन, किन पर होगी लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस ने वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान इनकम टैक्स रिटर्न की कम्पलसरी स्क्रूटनी के लिए नई गाइडलाइंस जारी कर दी हैं। ये नियम उन टैक्सपेयर्स पर लागू होंगे जिन्होंने वित्त वर्ष 2025-26 में अपना रिटर्न भरा है। इन गाइडलाइंस में बताया गया है कि इनकम टैक्स विभाग किन आधारों पर और किस प्रक्रिया के तहत टैक्स रिटर्न की बारीकी से जांच करेगा। श्वज्ञ के मुताबिक, अगर आप छापेमारी, सर्वे, या बड़े टैक्स विवादों के दायरे में आते हैं, तो आपके आईटीआर की बारीकी से जांच होगी।

एस.के. पटौदिया एलएलपी के असोसिएट डायरेक्टर मिहिर तन्ना कहते हैं कि इनकम टैक्स असेसमेंट का मतलब है कि टैक्सपेयर ने रिटर्न में जो जानकारी दी है, विभाग उसकी पुष्टि और समीक्षा करता है। यह जांच मुख्य रूप से दो तरह की होती है। पहला, कम्पलसरी स्क्रूटनी (अनिवार्य जांच) और दूसरा, रिस्क पैरामीटर्स पर आधारित जांच। हर साल विभाग कम्पलसरी स्क्रूटनी के लिए गाइडलाइंस जारी करता है। 2025 के मुकाबले 2026 की गाइडलाइंस में कोई ऐसा बड़ा बदलाव नहीं है जो टैक्सपेयर्स पर बहुत ज्यादा असर डाले।

### ये वजहें से हो सकती हैं

**सर्वे के मामले :** अगर किसी टैक्सपेयर के यहां सेक्शन 133 के तहत सर्वे हुआ है (खासकर 1 अप्रैल 2024 के बाद), तो उनका केस चुना जा सकता है। छापेमारी और जब्ती : जिन मामलों में 1 अप्रैल 2024 के बाद आयकर विभाग ने




छापेमारी की है या कागजात जब्त किए हैं, उनकी अनिवार्य जांच होगी।

**सेक्शन 148 के नोटिस :** छापेमारी या सर्वे के बाद सेक्शन 148 के तहत नोटिस जारी किया गया है। बिना छापेमारी वाले वे मामले जिनमें सेक्शन 148 के तहत नोटिस दिया गया है और जिनकी जांच 31 मार्च 2027 तक पूरी होनी है।

**ट्रस्ट और संस्थान :** ऐसे ट्रस्ट या संस्थान जिन्हें टैक्स छूट देने से मना कर दिया गया है या जिनकी छूट रद्द कर दी गई है, लेकिन फिर भी उन्होंने छूट का दावा किया है।

**पिछली बड़ी गलतियां :** अगर पिछले सालों में टैक्सपेयर की आमदनी की गणना में अधिकारियों ने बड़े बदलाव किए थे और वही मुद्दा इस बार भी है। अगर यह रकम दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे 8 बड़े शहरों में 50 लाख रुपये से ज्यादा और अन्य शहरों में 20 लाख रुपये से ज्यादा है, तो जांच होगी।

**टैक्स चोरी की पुख्ता जानकारी :** अगर किसी अन्य एजेंसी (पुलिस या अन्य रेगुलेटरी अथॉरिटी) से टैक्स चोरी की पक्की जानकारी मिलती है, तो विभाग उस रिटर्न की गहन जांच करेगा। मिहिर तन्ना का कहना है कि अगर असेसमेंट के दौरान अधिकारी टैक्सपेयर की दिखाई गई इनकम को नहीं मानता और उसे बढ़ा देता है, तो अगले साल भी स्क्रूटनी का खतरा रहता है।

# *12 एग्जाम में फेल, फिर एसडीएम चायवाला बनी पहचान, अब 1 लाख महीने की कमाई*

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोपाल सिंह एसडीएम चायवाला' के नाम से मशहूर हैं। उनका स्टॉल कोटा के जवाहर नगर इलाके में एलन समुन्नत बिल्डिंग के ठीक सामने लगता है। कभी वह सिविल सेवा की तैयारी करने कोटा आए थे। वह मूल रूप से झालावाड़ के रहने वाले हैं। गोपाल अब अपनी चाय और वड़ा पाव की दुकान से महीने में लगभग 1,00,000 रुपये कमाते हैं। आइए, यहां गोपाल सिंह की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

गोपाल सिंह अक्सर सोचते हैं कि अगर वह सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट बन भी जाते तो उनकी शुरुआती सैलरी लगभग 56,000 रुपये होती। इसके बजाय उनका मानना है कि किस्मत उन्हें एंटरप्रेन्योरशिप के जरिए एक ज्यादा आजाद और फायदेमंद रास्ते पर ले गई।

गोपाल सिंह मूल रूप से राजस्थान के झालावाड़ से हैं। उन्होंन पटवारी, ग्राम सेवक, कॉन्स्टेबल, फॉरेस्ट गार्ड और आरएएस समेत 10 से 12 प्रतियोगी परीक्षाओं में हिस्सा लिया। हालांकि, वह कभी भी फाइनल राउंड में नहीं चुने गए। बार-बार मिली नाकामियों और कोरोना महामारी के दौरान भारी आर्थिक तंगी का सामना करने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी।

**2022 में एसडीएम चायवाला' की शुरुआत:** 2022 में गोपाल ने जवाहर नगर में अपनी दुकान एसडीएम चायवाला' शुरू की। उनका कहना है कि अगर वह अधिकारी बनते तो सरकारी नियमों और कानूनों से बंधे होते। आज वह खुद अपने बॉस हैं।

**सभी फाइनेंशियल टारगेट पूरे:** उनका सपना सीधा-सादा था- सम्मान के साथ जीना, अपना घर




होना और कार खरीदना। अपने छोटे से स्टार्टअप के जरिए उन्होंने यह सब हासिल कर लिया है। उनका पक्का यकीन है कि हर नाकामी एक बड़े सफर की शुरुआत होती है।

### चाय के साथ 'मोटिवेशन' की घुट्टी

गोपाल की चाय और वड़ा पाव कोटा के कोचिंग स्टूडेंट्स के बीच खास तौर पर मशहूर हैं। हालांकि, वह सिर्फ खाने-पीने की चीजें ही नहीं देते, बल्कि हिम्मत भी बढ़ाते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के बीच अपना दिन बिताते हुए गोपाल उन्हें लगातार हिम्मत न हारने के लिए प्रेरित करते हैं। पढ़ाई के भारी दबाव वाले शहर में वह स्टूडेंट्स को सलाह देते हैं कि कोई भी गलत कदम उठाने से पहले अपने माता-पिता के बारे में सोचें। गोपाल सिंह यह भी सुझाव देते हैं कि स्टूडेंट्स को अपनी पढ़ाई के साथ छोटा-मोटा पार्ट-टाइम काम भी करना चाहिए ताकि वे आर्थिक रूप से आजाद और आत्मनिर्भर बन सकें। गोपाल का यकीन है कि परीक्षा में फेल होने का मतलब जिंदगी का खत्म होना नहीं है। आज जवाहर नगर में उनका स्टॉल सिर्फ चाय की गाड़ी नहीं, बल्कि युवाओं के लिए हिम्मत और आत्मनिर्भरता की एक जीती-जागती मिसाल है।

# डीडीसी ने दिये योजनाओं की जांच के आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा**। मनरेगा में एनएमएमएस (नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम) ऐप के जरिए मजदूरों की फर्जी हाजिरी बनाने के मामले में खबर का असर देखने को मिला है। प्रकाशित खबर के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप विकास आयुक्त सह मनरेगा के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक ने हंटरगंज, कुंदा, मयूरहंड और प्रतापपुर प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को जांच का निर्देश जारी किया है।

निर्देश में कहा गया है कि मनरेगा में मजदूरों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए उपयोग किए जाने वाले एनएमएमएस ऐप के क्लोन ऐप, तकनीकी छेड़छाड़ और मालवेयर सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर फर्जी हाजिरी बनाई जा रही है।

कई स्थानों पर बिना मजदूरों के कार्यस्थल पर पहुंचे ही उनकी उपस्थिति दर्ज कर दी जा रही है। इससे फर्जी मस्टर रोल तैयार कर सरकारी राशि की निकासी की आशंका जताई जा रही है।

पत्र में आगे कहा गया है कि जिन योजनाओं में मस्टर रोल जेनरेट किए गए हैं, उनकी रैंडम स्थल जांच कर वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया जाए। यदि जांच में शिकायतें सही पाई जाती हैं तो संबंधित दोषी कर्मियों के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में किसी अन्य जांच अथवा माध्यम से मस्टर रोल, फोटो अपलोड या उपस्थिति दर्ज करने में हेराफेरी की पुष्टि होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना में पारदर्शिता बनाए रखने और सरकारी धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन की यह कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# पानी के नमूनों ने मचायी सनसनी

## रिपोर्ट भेजी गयी आइडीएसपी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर**। शहर के होटलों में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कालेज के माइक्रोबायोलाजी विभाग द्वारा की गई पानी जांच में सोनारी मरीन ड्राइव रोड स्थित बिंदल होटल से लिए गए पानी के नमूनों में बैक्टीरिया पाए गए हैं।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, विभिन्न नमूनों में ई-कोलाई तथा एंटेरोकोकस फीकैलिस बैक्टीरिया की मौजूदगी दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, होटल में आरओ से पहले लिए गए पानी के नमूने में 48 घंटे के इन्क्यूबेशन के बाद ई-कोलाई बैक्टीरिया पाया गया। इतना ही नहीं, आरओ से शुद्ध किए गए पानी के नमूने में भी ई-कोलाई की मौजूदगी मिली।इससे आरओ प्रणाली की प्रभावशीलता और पेयजल की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, पेयजल में ई-कोलाई बैक्टीरिया की मौजूदगी इस बात का संकेत मानी जाती है कि पानी मलजनित प्रदूषण की चपेट में है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकता है।

जांच में होटल परिसर के बाहर उपलब्ध कराए जा रहे मिनरल वाटर के नमूने में एंटेरोकोकस फीकैलिस बैक्टीरिया पाया गया। चिकित्सकों के अनुसार यह बैक्टीरिया सामान्यतः मलजनित प्रदूषण से जुड़ा माना जाता है और इसके कारण पेट संबंधी संक्रमण, दस्त तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। एमजीएम मेडिकल कालेज के माइक्रोबायोलाजी विभाग की ओर से तैयार रिपोर्ट जिला सर्विलांस अधिकारी (आइडीएसपी), पूर्वी सिंहभूम को भेज दी गई है।

रिपोर्ट सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की ओर से मामले की जांच तथा आवश्यक कार्रवाई की संभावना बढ़ गई है। अधिकारियों का मानना है कि पेयजल में इस प्रकार के बैक्टीरिया की मौजूदगी सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है। ऐसे में पानी की गुणवत्ता की नियमित निगरानी और शुद्धिकरण व्यवस्था की जांच जरूरी हो गई है।वहीं, होटल से लिए गए पनीर, खोवा तथा अन्य खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए रांची स्थित प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मेहमानों के बीमार पड़ने का कारण भोजन था, पानी था या कोई अन्य वजह।

# तबादले से भड़का क्लर्क, सहकर्मियों को दी धमकी

## भयभीती कर्मी ने सीएस को की लिखित शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका**। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के आदेश पर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल से स्थानांतरित किए गए लिपिक (क्लर्क) निशांत कुमार सिंह ने आक्रोशित होकर सिविल सर्जन कार्यालय में कार्यरत दूसरे लिपिक राजशेखर पांडेय को कथित तौर पर हाथ-पैर तोड़ देने की धमकी दी है। इतना ही नहीं, उसने यह भी कहा कि यदि उसका तबादला आदेश स्थगित नहीं हुआ और उसके स्थान पर किसी अन्य लिपिक ने योगदान दिया, तो वह उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल की छत से नीचे फेंक देगा। निशांत कुमार सिंह की इस कथित धमकी के बाद लिपिक राजशेखर पांडेय ने सिविल सर्जन को पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत कराया है।

सिविल सर्जन डॉ. कमलेश्वर प्रसाद ने इसे गंभीरता से लेते हुए आरोपी लिपिक के खिलाफ कार्रवाई के लिए अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) को पत्र भेजा है।

सिविल सर्जन ने बताया कि इस मामले से उपायुक्त को भी अवगत करा दिया गया है। मामले को गंभीर मानते हुए असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कमलेश्वर प्रसाद ने अनुमंडल पदाधिकारी को पत्रांक 1452, दिनांक 6 जून 2026 के जरिए सूचना देते हुए नियमानुकूल कानूनी कार्रवाई का अनुरोध किया है।

पत्र में कहा गया है कि इस घटना से कार्यालय की शांति भंग हो सकती है। इस पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी को भी भेजी गई है।

वहीं, पीड़ित लिपिक राजशेखर पांडेय ने भी सुरक्षा और कार्रवाई की मांग करते हुए इसकी सूचना जिला सचिव (चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, जिला शाखा) को प्रेषित की है।

दरअसल, 1 जून को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी औचक निरीक्षण के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज व अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने लिपिक निशांत कुमार सिंह से कुछ सवाल-जवाब किए।

मंत्री के सवालों का निशांत संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए थे, जिससे नाराज होकर मंत्री ने तत्काल प्रभाव से उनका तबादला करने का आदेश दे दिया।

मंत्री के आदेश के बाद निशांत का तबादला दुमका फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल से रानीश्वर प्रखंड के ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आमजोड़ा में कर दिया गया।

## एचएमएसआई ने मई 2026 में कुल 5.18 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मई 2026 में कुल 5.18 लाख यूनिट्स की बिक्री की, जो मई 2025 में बेची गई 4.65 लाख यूनिट्स की तुलना में साल-दर-साल 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। मई 2026 में, घरेलू बिक्री 4.59 लाख यूनिट्स रही, जो पिछले साल इसी महीने बेची गई 4.17 लाख यूनिट्स से 10 प्रतिशत ज्यादा है। मई 2026 में एक्सपोर्ट 0.59 लाख यूनिट्स रहा, जो मई 2025 में एक्सपोर्ट की गई 0.47 लाख यूनिट्स की तुलना में 24 प्रतिशत ज्यादा है। इस महीने टू-व्हीलर मार्केट में लगातार डिमांड देखी गई। अपने अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और देश भर में 7,000 से ज्यादा टचपॉइंट्स के बड़े नेटवर्क के दम पर, एचएमएसआई कस्टमर एक्सेसिबिलिटी को मजबूत करना और मार्केट में अपनी पहुंच बढ़ाना जारी रखे हुए है।

# ई- रिक्शा चालक संघ के सदस्यों ने पार्किंग स्थलों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार**। ई रिक्शा चालक संघ कटिहार के पदाधिकारी के साथ शहर में ई-रिक्शा का रूट निर्धारण करने को लेकर, अस्थाई स्टैंड को लेकर पूर्व में नगर निगम के नगर आयुक्त संतोष कुमार के साथ हुई सकारात्मक बैठक के बाद शहर के विभिन्न चौक चौराहा दर्जनों स्थान पर चंद्रमा चौक, इस्लामिया चौक, रामपारा पीएनटी चौक , मोहम्मद चौक पेट्रोल पंप के सामने, अड़गड़ा चौक , सदर अस्पताल के सामने, मनिहारी मोड़, चिल्ड्रेंस पार्क, मंडल कारा के बगल में, अंबेडकर चौक पंचमुखी मंदिर के पहले डिजिटल मॉल के सामने, बाटा चौक पार्सल गोदाम के बगल में, संग्राम चौक जैसे दर्जनों जगह को टोटो स्टैंड के लिए चिन्हित किया गया है। मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि अगर नगर निगम के तरफ से चिन्हित जगह तय हो जाता है तो वैसे जगह पर कहीं पर मिट्टी भरवाना पड़ेगा। हर जगह चापाकल, शौचालय, यात्री शेड आदि की सुविधा हो जाएगी तो अस्थाई स्टैंड तो टोटो चालकों को एवं यात्रियों को स्टैंड से टोटो लेकर चलने में कोई कठिनाई नहीं होगी ' श्री सिंह ने एक बात स्पष्ट रूप से बताया कि शहर में जाम से मुक्ति को लेकर जिला प्रशासन, नगर निगम, यातायात व्यवस्था, मोटर परिवहन विभाग एवं ऑटो संघ तथा टोटो संघ दृढ़ संकल्पित है। ई रिक्शा चालक संघ के मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि आगामी 14 जून को स्थानीय बाबू वीर कुंवर सिंह इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में ई रिक्शा चालक संघ की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की जाएगी। जिस बैठक में ई-रिक्शा चालक संघ के चालकों को स्पष्ट रूप से बताया जाएगा कि अब नाबालिग लड़कों के लिए टोटो चलाना मुश्किल होगा। ड्राइवरी लाइसेंस अनिवार्य होगा, रजिस्ट्रेशन गाड़ी का अत्यंत जरूरी होगा। प्रशासन के शक्ति के कारण सभी ई-रिक्शा के चालकों को सभी बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा अगर बेवजह प्रशासन परेशान करेगा तो संघ आपके समर्थन में मजबूती से खड़ा रहेगा ' ई रिक्शा चालक संघ के नेतृत्व में अस्थाई स्टैंड के निरीक्षण करने में संघ के दर्जनों पदाधिकारी में अध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा, सचिव विक्रम सिंह, कोषाध्यक्ष अनिक पासवान, उपाध्यक्ष राजीव रंजन, रमन कुमार, अशोक शाह सोनू कुमार, राजीव कुमार मोहम्मद ईसराफिल राजू कुमार, चंदन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने नगर निगम क्षेत्र के सभी टोटो चालकों से अनुरोध किया है अपने हक और हक्कूक के लिए आगामी 14 जून को 11:00 बजे बाबू वीर कुंवर सिंह इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में निश्चित रूप से पहुंचने की कृपा करें ताकि 14 जून के के बाद नगर निगम के कार्यालय में नगर आयुक्त,यातायात प्रभारी, मोटर परिवहन विभाग के पदाधिकारी एवं ओटो एवं टोटो संघ के साथ त्रिपक्षीय वार्ता कर कटिहार शहर को जाम से मुक्ति दिलाते हुए सुविधा युक्त शहर बनाने की दिशा में प्रयास किया जाएगा।

# छात्र मो. फैजान उल्लाह मिला मंत्री दीपिका पांडेय से

## मुंह से लिखकर बोर्ड में हासिल किए 93.8% अंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**महगामा**। सेरेब्रल पाल्सी जैसी गंभीर शारीरिक चुनौती को पार करते हुए झारखंड एकेडमिक काउंसिल की दसवीं बोर्ड परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र मो फैजान उल्लाह से झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास सह पंचायती राज विभाग मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री ने फैजान की उपलब्धि, संघर्ष और अटूट आत्मविश्वास की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मंत्री ने कहा कि सफलता का आधार केवल शारीरिक क्षमता नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम होता है। फैजान ने विपरीत परिस्थितियों में भी हार न मानते हुए यह साबित कर दिया है कि मजबूत इरादों के सामने कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती।

उन्होंने बताया कि जब हाथों ने साथ देना बंद कर दिया, तब फैजान ने अपने मुंह को ही कलम बनाकर पढ़ाई जारी रखी और दसवीं बोर्ड परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक मिसाल कायम की। उनका संघर्ष और उपलब्धि समाज के लिए प्रेरणादायक है।

मंत्री ने कहा कि मो. फैजान उल्लाह की सफलता केवल



गोड्डा या झारखंड तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विश्वास जताया कि फैजान अपनी प्रतिभा, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर भविष्य में नई ऊंचाइयों को छुएंगे।

इस अवसर पर मंत्री ने फैजान को आश्वस्त किया कि उनकी शिक्षा और उच्च अध्ययन के मार्ग में आर्थिक संसाधनों की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। सरकार और समाज की ओर से उन्हें हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

# नेत्र दान ने बदली आरती मुर्मू की जिंदगी

## नेत्र दान करने वाले का जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। कभी किताबों के अक्षर धुंधले पड़ने लगे थे। धीरे-धीरे चेहरों की पहचान भी खत्म होने लगी। आठवीं कक्षा तक पहुंचते-पहुंचते दुनिया पूरी तरह अंधेरे में डूब गई। लेकिन आज 16 वर्षीय आरती मुर्मू न केवल अपने परिवार का चेहरा देख पा रही है, बल्कि अपने सपनों को भी रंगों में साकार होते हुए महसूस कर रही है।

यह संभव हुआ दो अनजान नेत्रदाताओं और रिम्स के चिकित्सकों के प्रयासों से। रामगढ़ जिले के रजरप्पा की रहने वाली आरती जन्म से ही आंखों की गंभीर बीमारी से जूझ रही थी। बचपन में उसे थोड़ा-बहुत दिखाई देता था, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ उसकी रोशनी लगातार कम होती गई। पढ़ाई के दौरान उसे ब्लैकबोर्ड पर लिखे अक्षर दिखाई नहीं देते थे। किताबों को आंखों से सटाकर पढ़ने की कोशिश भी धीरे-धीरे बेकार साबित होने लगी।

आरती बताती है कि जब उसकी सहेलियां खेलतीं, पढ़तीं और अपने भविष्य के सपने देखती थीं, तब वह इस चिंता में रहती थी कि कहीं उसकी दुनिया हमेशा के लिए अंधेरे में न खो जाए। आठवीं कक्षा तक पहुंचते-पहुंचते उसकी दोनों आंखों की रोशनी लगभग पूरी तरह चली गई।

परिवार उसे इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स के नेत्र विभाग लेकर पहुंचा। यहां नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. सुनील कुमार ने उसकी जांच की और नेत्र प्रत्यारोपण को ही एकमात्र विकल्प बताया। लेकिन इसके लिए किसी नेत्रदाता की जरूरत थी।

साल 2024 में एक नेत्रदाता के परिवार ने अपने प्रियजन की मृत्यु के बाद नेत्रदान का फैसला लिया। उसी दान किए गए कार्निया से आरती की एक आंख का सफल प्रत्यारोपण किया गया।

पहली बार जब उसे धुंधली ही सही, लेकिन रोशनी दिखाई दी, तो उसके परिवार की आंखों में खुशी के आंसू थे।

इसके बाद वर्ष 2025 में दूसरे नेत्रदाता के कार्निया से उसकी दूसरी आंख का भी प्रत्यारोपण हुआ। दो सफल सर्जरी के बाद आज आरती सामान्य जीवन की ओर लौट रही है। आरती भावुक होकर कहती है कि डा. सुनील कुमार ने मेरी दुनिया बदल दी।

मैं आज जो कुछ देख पा रही हूं, वह उन नेत्रदाताओं की वजह से संभव हुआ है जिन्हें मैं जानती भी नहीं हूं। अगर किसी ने नेत्रदान नहीं किया होता तो शायद मैं कभी इस रंगीन दुनिया को नहीं देख पाती और अपनी पढ़ाई भी पूरी नहीं कर पाती। वह बताती है कि रिम्स में उसके इलाज और सर्जरी के लिए कोई शुल्क नहीं लिया गया। डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने हर कदम पर उसका साथ दिया और उसे उम्मीद नहीं छोड़ने दी।

# पटना मेट्रो का सातवां टीबीएम ब्रेकथ्रू पूर्ण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। पटना मेट्रो रेल परियोजना ने निर्माण कार्यों में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए मंगलवार को अपना सातवां टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) ब्रेकथ्रू सफलतापूर्वक पूरा कर लिया।

टीबीएम-चार (डाउनलाइन) ने राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन पर सफल ब्रेकथ्रू कर भूमिगत कॉरिडोर निर्माण में सफलता हासिल की है। इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव सह पटना मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड (पीएमआरसीएल) के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार आर. पुडकालकट्टी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पीएमआरसीएल, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी), एलएंडटी तथा परियोजना से जुड़े अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

अधिकारियों के अनुसार, टीबीएम-चार ने मोइन-उल-हक स्टेडियम मेट्रो स्टेशन से राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन तक लगभग 681 मीटर लंबी डाउनलाइन सुरंग का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा किया है।

यह उपलब्धि पटना मेट्रो के भूमिगत नेटवर्क के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इसके साथ ही परियोजना निर्धारित लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है।

इस मौके पर संदीप कुमार आर. पुडकालकट्टी ने परियोजना से जुड़े अभियंताओं, तकनीकी विशेषज्ञों और श्रमिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता सभी संबंधित एजेंसियों के समन्वित प्रयास, तकनीकी दक्षता और कड़ी मेहनत का परिणाम है।

उन्होंने निर्माण कार्यों को तय समयसीमा में पूरा करने के लिए इसी गति और गुणवत्ता के साथ कार्य जारी रखने पर जोर दिया। पटना मेट्रो परियोजना बिहार की सबसे महत्वपूर्ण शहरी परिवहन योजनाओं में शामिल है।

# बंदोबस्त पदाधिकारी पर पक्षपात करने के आरोप में दूसरे पक्ष ने काटा बवाल

## वादी पक्ष के लोग पदाधिकारी को खींचते हुए ले गये प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका**। हमेशा अपने फैसलों को लेकर विवादों में रहने वाला बंदोबस्त कार्यालय में मंगलवार को दूसरे पार्टी के लोगों ने सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी मनोज कुमार पर पक्षपात करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। फैसले से नाराज गोड्डा के महागामा के लोग सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (एएसओ) मनोज कुमार को बंदोबस्त कार्यालय से पैदल खींचते हुए प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय लेकर गए।

आयुक्त के सचिव अमित कुमार ने कार्यालय में दोनों पक्षों की मौजूदगी में पूरे मामले की जानकारी ली। सचिव ने सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी को निर्देश दिया कि संबंधित मामले से जुड़े सभी अभिलेख एवं दस्तावेज शाम तक उपलब्ध कराए जाएं, ताकि मामले की निष्पक्ष समीक्षा की जा सके।

पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में सुकरी देवी, उसकी बेटी डोली कुमारी समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है।

पीड़ित पक्ष की सुकरी देवी के बेटी डोली कुमार ने बताया कि अंतिम प्रकाशन शिविर न्यायालय, महगामा (गोड्डा) में लंबित आपत्तिवाद संख्या 824/2018, उदयकृष्ण सिंह व अन्य बनाम सुकरी देवी मामले में उन्हें विपक्षी के रूप में 16 दिसंबर 2025 को नोटिस प्राप्त हुआ, जबकि यह वाद वर्ष 2018 से लंबित था।

नोटिस मिलने के बाद वे निर्धारित तिथि पर न्यायालय में उपस्थित हुए और जवाब दाखिल किया। दस्तावेजों के अनुसार वादी पक्ष यानी उदय कृष्ण सिंह ने महागामा अंचल के मझौना मौजा स्थित जमाबंदी संख्या 03 की भूमि पर दावा करते हुए कहा है कि मूल रैयत चुहावती देवी निःसंतान थी। पति की बहन घाटो देवी के वंशज होने के नाते भूमि पर उनका अधिकार बनता है। वहीं सुकरी देवी का आरोप था कि वर्तमान जमाबंदी में बाहरी व्यक्तियों का नाम गलत तरीके से दर्ज कर दिया गया है, जिसे निरस्त कर उनके नाम दर्ज किए जाने की मांग की। वर्षों से चल रहे वाद की जानकारी उन्हें समय पर नहीं दी गई और अंतिम चरण में नोटिस भेजा गया। जवाब दाखिल करने के करीब छह माह के भीतर 30 मार्च 2026 को मामले में आदेश पारित कर दिया गया। पता चला कि कथित रूप से पैसे लेकर उनके विरुद्ध फैसला दिया गया है।

पीड़ित पक्ष ने बताया कि महगामा अंचल के मझौना मौजा, दाग संख्या 542 की लगभग छह बीघा 14 कट्ठा भूमि को लेकर यह विवाद चल रहा है। इसी भूमि के 0.24 एकड़ हिस्से का रेलवे ने अधिग्रहित किया है। मुआवजे के लिए भू-अर्जन कार्यालय, गोड्डा से नोटिस भी मिला है। पीड़ित पक्ष के अनुसार मंगलवार को बंदोबस्त कार्यालय आए और सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी से मामले की जानकारी मांगी तो उन्होंने बताया कि केस रिकॉर्ड पेशकार हिमांशु हेम के पास है। उसके लौटने के बाद ही अभिलेख दिखाए जा सकेंगे।

एएसओ ने इतना जरूर बताया कि मामले में वादी पक्ष के पक्ष में आदेश पारित किया जा चुका है, लेकिन आदेश का आधार और उसकी प्रति मांगने पर नहीं दी। इसके बाद एएसओ अपने कक्ष में ताला लगाकर जाने लगे। महिलाओं ने हाथ जोड़कर, पैर पकड़कर और अपनी स्थिति बताते हुए मामले की जानकारी देने की गुहार लगाई, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद आक्रोशित लोग एएसओ को लेकर आयुक्त कार्यालय पहुंच गए।

# झारखण्ड की टीमों ने लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा**। राजस्थान के सिरोही जिले स्थित अबू रोड में 4 से 6 जून तक आयोजित एसडीपीएफ भारत की 10वीं नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखंड की अंडर-17 एवं अंडर-19 फुटबॉल टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया।

टीम ने राष्ट्रीय खिताब अपने नाम कर लिया। दोनों वर्गों में मिली इस ऐतिहासिक सफलता से पूरे राज्य में खुशी की लहर है। प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग के फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम ने महाराष्ट्र को पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

वहीं अंडर-19 वर्ग के फाइनल में झारखंड ने मेजबान राजस्थान को शिकस्त देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता से विजयी होकर लौटने पर सिमरिया में खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया।




बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, झामुमो केंद्रीय सदस्य मनोज कुमार चंद्रा, मुख्य संरक्षक एनुअल हक समेत अन्य लोगों ने खिलाड़ियों को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर झारखंड राज्य फुटबॉल टीम के संयुक्त सचिव एवं कोच अजय कुमार तथा टीम मैनेजर भीम गंजू ने कहा कि खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और कठिन परिश्रम के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उन्होंने विश्वास जताया कि उचित अवसर और संसाधन मिलने पर ये खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी राज्य का नाम रोशन करेंगे।

बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल आज करियर का सशक्त माध्यम बन चुका है, लेकिन इसके लिए निरंतर मेहनत और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों से आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और राज्य का गौरव बढ़ाने का आह्वान किया।

# सिराज: टी-20 सीरीज से बाहर

## ● आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ हुआ था चयन ● BCCI ने प्रसिद्ध कृष्णा को शामिल किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आगामी आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बताया कि सिराज को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है। उनकी जगह तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को दोनों टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह फैसला टीम मैनेजमेंट और मेडिकल टीम के साथ चर्चा के बाद लिया गया है। मोहम्मद सिराज को लंबे अंतरराष्ट्रीय सीजन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त रिकवरी का समय देने के लिए आराम दिया गया है। बीसीसीआई ने इसे एहतियाती कदम बताया है ताकि वह आने वाले मुकाबलों के लिए पूरी तरह फिट रह सकें। मोहम्मद सिराज पिछले कुछ समय से भारतीय टीम के अहम तेज गेंदबाजों में शामिल रहे हैं। उन्होंने अपनी रफ्तार, स्विंग और आक्रामक गेंदबाजी से टीम के लिए कई महत्वपूर्ण मुकाबलों में योगदान दिया है। हालांकि, लगातार क्रिकेट खेलने के कारण खिलाड़ियों के वर्कलोड को मैनेज करना टीम मैनेजमेंट की प्राथमिकता बनी हुई है। मोहम्मद सिराज की जगह टीम में शामिल किए गए प्रसिद्ध कृष्णा लंबे समय से भारतीय टीम के साथ जुड़े रहे हैं। उनकी तेज गेंदबाजी और उछाल भरी पिचों पर प्रभावी प्रदर्शन करने की क्षमता को देखते हुए चयनकर्ताओं ने उन्हें मौका दिया है। आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20सीरीज के लिए भारतीय टीम में कई युवा खिलाड़ियों को भी जगह दी गई है। टीम की कमान श्रेयस अय्यर को सौंपी गई है, जबकि तिलक वर्मा को उपकप्तान बनाया गया है। टीम में अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, इशान किशन, शिवम दुबे, नितीश कुमार रेड्डी जैसे खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है।

गेंदबाजी विभाग में अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई और अब प्रसिद्ध कृष्णा टीम का हिस्सा होंगे। भारतीय टीम का लक्ष्य युवा खिलाड़ियों को मौका देने के साथ-साथ आगामी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए मजबूत संयोजन तैयार करना होगा।



### आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ T20- सीरीज के लिए भारतीय टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उप कप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, वैभव सूर्यवंशी, प्रसिद्ध कृष्णा।

# पंड्या की वापसी का रास्ता साफ

## BCCI की मंजूरी के बाद अफगानिस्तान सीरीज में खेलना तय



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया और उसके फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पूरी तरह फिट हो गए हैं और उन्हें BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्पोर्ट्स साइंस टीम ने आगामी अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की ODI सीरीज में खेलने के लिए मंजूरी दे दी है। चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग में कुछ मुकाबलों से बाहर रहने के बाद हार्दिक पंड्या ने फिटनेस हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की और अब वह 50 ओवर के क्रिकेट की चुनौती के लिए तैयार हैं। 32 साल के हार्दिक पंड्या की आईपीएल में पीठ में ऐंठन (back spasms) के कारण मुंबई इंडियंस के लिए कई मैच नहीं खेल पाए थे। वह दो जून 2026 से बेंगलुरु में ष्टश्श्व में हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सूत्र के हवाले से लिखा, CoE में आने से पहले हार्दिक विदेश में छुट्टियां मना रहे थे। अगले पांच दिनों में उन्होंने कई मैच सिमुलेशन किए और 10 ओवर (पूरा कोटा) गेंदबाजी भी की। सूत्र ने बताया, हार्दिक पंड्या को कोई परेशानी नहीं हुई और जानकारी के मुताबिक सीओई में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच ने अलग-अलग पैमानों पर उनके फिटनेस डेटा को मंजूरी दे दी है।

सोमवार आठ जून 2026 को भारत की पुरुष क्रिकेट टीम के सहायक कोच सितांशु कोटक ने कहा था कि भले ही उनके पास हार्दिक पंड्या की फिटनेस के बारे में कोई ताजा जानकारी नहीं है, लेकिन उन्हें लगता है कि यह ऑलराउंडर ठीक है।

# खतरे में स्टोक्स की कप्तानी

## ● न्यूज़ीलैंड के खिलाफ जीत के बाद नाइट क्लब में बवाल

### एटकिंसन भी थे साथ




**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान के तौर पर बेन स्टोक्स का भविष्य संकट में है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) सोमवार सुबह एक नाइट क्लब में हुई घटना की जांच कर रहा है। स्टोक्स के साथ गस एटकिंसन भी थे। वह भी जांच की घेरे में हैं। ईसीबी ने इस घटना को 'टीम प्रोटोकॉल का उल्लंघन' बताया है, जो लॉर्ड्स में पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की 115 रन की जीत के बाद हुई। ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि मामला इतना गंभीर है कि स्टोक्स की कप्तान जा सकती है। ईसीबी ने सोमवार शाम को कहा कि इस घटना को क्रिकेट नियामक को भेज दिया गया है और जांच के कारण स्टोक्स और एटकिंसन 17 जून को द ओवल में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। इस घटना में किसी भी खिलाड़ी को चोट नहीं आई। माना जा रहा है कि इस घटना में सारासेन्स रग्बी क्लब के खिलाड़ी शामिल थे, जो अपने सीजन के आखिर के जश्न में मौजूद थे।

### ईसीबी का बयान

घटना एटकिंसन और एक अनजान एकेडमी के खिलाड़ी के बीच हुए झगड़े की वजह से हुई। ईसीबी ने बयान में कहा, 'ईसीबी अभी न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के खत्म होने के बाद टीम प्रोटोकॉल के उल्लंघन की जांच कर रहा है। बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन सोमवार सुबह एक नाइट क्लब में मौजूद थे, जब यह घटना हुई। हम अभी और जानकारी ढूंढ रहे हैं और दूसरे टेस्ट के लिए टीम के बारे में सही समय पर घोषणा की जाएगी। क्रिकेट नियामक को बता दिया गया है और जब भी मुमकिन होगा हम आगे जानकारी देंगे।'

# अर्जुन तेंदुलकर का ऑलराउंड प्रदर्शन

## 3 विकेट झटके, 194 के स्ट्राइक रेट से ठोके 66 रन, अंधेरी जीता



**नई दिल्ली।** दिग्गज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने बल्ले और गेंद दोनों से कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने आर्क्स अंधेरी को सोमवार (8 जून) को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 मुंबई लीग 2026 में बांद्रा ब्लास्टर्स को 9 विकेट से शानदार जीत दिलाई। अर्जुन ने पहले तीन ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लिए,जिसमें एक मेडन भी शामिल था। इससे बांद्रा ब्लास्टर्स 9 विकेट पर 144 रन बना सका।

फिर अर्जुन ने लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 194 के स्ट्राइक रेट से रन ठोके। 145 रन का पीछा करते हुए आर्क्स अंधेरी ने दिव्यांश सकसेना (26) का तेज शुरुआत के बाद विकेट जल्दी खो दिया, लेकिन अर्जुन और मुशीर खान ने इसके बाद विकेट नहीं गिरने दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए नाबाद 116 रन की साझेदारी की, जिसमें अर्जुन ने 34 गेंदों पर नाबाद 66 रन और मुशीर ने 38 गेंदों पर नाबाद 54 रन बनाए।

### अर्जुन और मुशीर के बीच 68 गेंद पर 116 रनों की साझेदारी

अर्जुन और मुशीर के बीच 68 गेंद पर 116 रनों की साझेदारी हुई। इससे आर्क्स अंधेरी ने 9 विकेट और 37 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया और एक बड़ी जीत हासिल की। अर्जुन ने अपनी पारी में 4 चौके और 5 छक्के लगाए। मुशीर ने 7 चौके और एक छक्का लगाया। आर्क्स अंधेरी अंक तालिका में दूसरे नंबर पर है। उसने 4 में से 3 मैच में जीत दर्ज की है। नॉर्थ मुंबई पैंथर्स ने 4 मैच में 4 जीत के साथ अंतिम-4 में जगह सुनिश्चित कर ली है।

### सूर्यकुमार फिर गरजे, 200 के स्ट्राइक रेट से ठोके 72 रन

ट्रायम्फ्स नाइट्स एमएनई के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सोमवार (9 जून) को एमएससी मराठा रॉयल्स के खिलाफ 36 गेंद पर 13 चौके और 1 छक्के की मदद से नाबाद 72 रन बनाए।

## 20 साल में पहली बार हुए ऐतिहासिक चुनाव में दर्ज की जीत

# 2030 तक रियल मैड्रिड के प्रेसिडेंट बने रहेंगे पेरेज

**मैड्रिड।** फ्लोरेंटिनो पेरेज 2030 तक रियल मैड्रिड के प्रेसिडेंट बने रहेंगे। दो दशकों में पहली बार हुए चुनाव में पेरेज ने शानदार जीत हासिल करते हुए अपनी कुर्सी बचाए रखी है। क्लब के इलेक्टोरल बोर्ड द्वारा सोमवार सुबह जारी आधिकारिक डेटा के मुताबिक, 79 साल के पेरेज ने कुल गिने गए वोटों में से 65 प्रतिशत वोट हासिल करके शानदार जीत हासिल की। पेरेज की उम्मीदवारी को क्लब के मेंबर-ओनर्स (सोसियोस) से 21,741 वोट मिले। पेरेज के चैलेंजर, 37 साल के रिन्यूएबल एनर्जी एंटरप्रेन्योर एनरिक रिक्वेल्मे को 11,814 वोट मिले, जो वोटर्स का 35 प्रतिशत है।

रियल मैड्रिड के इलेक्टोरल बोर्ड ने घोषणा करते हुए बताया कि 100 प्रतिशत इन-पर्सन और मेल-इन वोटों की गिनती के साथ, मिस्टर फ्लोरेंटिनो पेरेज की टीम ने रियल मैड्रिड के प्रेसिडेंट और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चुनाव जीत लिए हैं। पेरेज को 21,741 वोट मिले, जो कुल वोटों का 65 प्रतिशत है। वहीं, एनरिक रिक्वेल्मे की टीम को 11,814 वोट मिले, जो 35 प्रतिशत वोटों के बराबर हैं।

रविवार को रियल मैड्रिड सिटी बास्केटबॉल पवेलियन में इन-पर्सन और मेल-इन बैलेट के जरिए कुल 33,555 सदस्यों ने वोटिंग की।



दोबारा से प्रेसिडेंट चुने जाने के बाद पेरेज ने अपने भाषण में कहा, 'हम चुनाव जीत गए हैं और खिताब जीतते रहने के लिए काम करते रहेंगे। हम सभी पोलिंग स्टेशन पर जीते हैं और रियल मैड्रिड के चुनावों के इतिहास में दूसरा सबसे अच्छा नतीजा हासिल किया है। यह एक बहुत बढ़िया नतीजा है। 'फ्लोरेंटिनो पेरेज की जीत के बाद अब रियल मैड्रिड में बड़े बदलाव की तैयारी है। उनकी जीत का मतलब है कि सोमवार को जोस मोरिन्हो को क्लब का नया मैनेजर आधिकारिक रूप से घोषित किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, मोरिन्हो को टीम से जोड़ने के लिए रियल मैड्रिड पुर्तगाली क्लब बेनफिका को 1.5 करोड़ यूरो (15 मिलियन यूरो) की रिलीज फीस का भुगतान करेगा। अपने चुनाव अभियान के दौरान, पेरेज ने मोरिन्हो को वापस लाने का वादा किया था, जिनके रियल मैड्रिड में तीन वर्षों में क्लब ने एक ला लीगा टाइटल, एक कोपा डेल रे और एक स्पैनिश सुपर कप जीता।

# नेमार इंजरी से रिकवर कर रहे हैं: सीबीएफ

**न्यू जर्सी।** ब्राजील के स्टार फॉरवर्ड नेमार की इंजरी फीफा विश्व कप 2026 से पहले टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता है। हालांकि, ब्राजीलियन फुटबॉल कन्फेडरेशन (सीबीएफ) ने कहा है कि नेमार इंजरी से रिकवरी की पूरी कोशिश कर रहे हैं और इसका परिणाम भी दिख रहा है। सीबीएफ ने नेमार के बारे में अपडेट देते हुए बताया कि स्टार फॉरवर्ड के दाहिने पैर में ग्रेड टू पिंडली की चोट से उनकी रिकवरी का पता लगाने के लिए एमआरआई स्कैन किया गया। 34 साल के नेमार की रिकवरी उम्मीद



के मुताबिक है। वह एक खास योजना के तहत इलाज लेते रहेंगे। शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, 'सीबीएफ ने यह नहीं बताया कि वह खेलने के लिए कब तक उपलब्ध होंगे। 'स्थानीय मीडिया के मुताबिक वह कम से कम दूसरे ग्रुप मैच तक उपलब्ध नहीं रहेंगे।

नेमार, ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल किए हैं। इंजरी की वजह से अक्टूबर 2023 के बाद से वह राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेले हैं। हाल में उन्हें अपने क्लब सैंटोस के लिए खेलते हुए मई इंजरी हुई थी। स्टार खिलाड़ी की पिंडली में चोट लगी थी। ब्राजील अपने वर्ल्ड कप कैंपेन की शुरुआत शनिवार को मोरक्को के खिलाफ करेगा। इसके बाद उसका सामना हैती और स्कॉटलैंड से होगा। नेमार शुरुआती दो मैचों से बाहर रह सकते हैं। ब्राजील अगले साल रिकॉर्ड 23वीं बार फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगा। ब्राजील एकमात्र ऐसी टीम है जिसने विश्व कप के हर एडिशन में हिस्सा लिया है।

FIFA World Cup

# 22 संस्करण में केवल 6 मेजबानों ने जीते हैं फुटबॉल वर्ल्ड कप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप वर्ल्ड कप का पहली बार आयोजन 1930 में हुआ था और अब तक के 22 संस्करण हुए हैं और सिर्फ छह देशों ने अपनी मेजबानी में यह खिताब जीता है। इसमें मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना भी शामिल है। अपनी मेजबानी में पहली बार फीफा वर्ल्ड कप उरुग्वे ने जीता था।

उसने फाइनल में अर्जेंटीना को हराकर 1930 का वर्ल्ड कप जीता था।1934 में अगले वर्ल्ड कप में भी मेजबान ने ही खिताब जीता। इटली ने जीत दर्ज की थी। इसे आज भी इतिहास का टूर्नामेंट का सबसे भ्रष्ट संस्करण माना जाता है। उस समय के इतालवी प्रधानमंत्री बेनिटो मुसोलिनी ने इसमें खुलकर दखल दिया था। इसके बाद1966 तक किसी मेजबान देश ने वर्ल्ड कप नहीं जीता। 1966 इंग्लैंड ने अपनी मेजबनी में आज तक अपना एकमात्र खिताब जीता। 1970 के दशक में दो मेजबान देशों ने अपनी सरजमीं पर टूर्नामेंट जीता।

**चार दशक का सूखा अब खत्म हो सकता है-** 1974 में पश्चिम जर्मनी और 1978 में अर्जेंटीना ने खिताब जीता। 1998 में फ्रांस अपने देश में वर्ल्ड कप जीतने वाला आखिरी देश बना। लगभग चार दशक का सूखा अब खत्म हो सकता है। 2026 और 2030 के वर्ल्ड कप को 9 देश मिलकर मेजबानी करेंगे। ऐसे में मेजबान देश के टूर्नामेंट जीतने की संभावना बढ़ सकती है। हालांकि, एक बात का ध्यान रखना होगा कि कोई देश अब सह-मेजबान के तौर पर टूर्नामेंट जीत सकता है।



### अपनी मेजबानी में फुटबॉल विश्व कप जीतने वाले देश

- **उरुग्वे (1930):** मोंटेवीडियो के एस्टाडियो सेंटेनारियो में फाइनल में अर्जेंटीना को हराकर पहला विश्व कप जीता।
- **इटली (1934):** रोम में चेकोस्लोवाकिया को हराकर अपना पहला खिताब जीता।
- **इंग्लैंड (1966):** वेम्बली स्टेडियम में फाइनल में पश्चिम जर्मनी को हराने के बाद आज तक का अपना एकमात्र विश्व कप जीता।
- **पश्चिम जर्मनी (1974):** म्यूनिख फाइनल में नीदरलैंड को हराकर अपना दूसरा खिताब हासिल किया।
- **अर्जेंटीना (1978):** ब्यूनस आयर्स के एस्टाडियो मोन्यूमेंटल में एक्सट्रा टाइम में नीदरलैंड को हराकर अपना पहला विश्व कप जीता।
- **फ्रांस (1998):** सेंट-डेनिस में स्टेड डी फ्रांस में फाइनल में ब्राजील को हराकर खिताब जीती।

# रांची के लिए नन एसी बस का किराया 350, एसी बस के लिए 425

## पलामू जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने बढ़े हुए किराए की नई लिस्ट की जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने बढ़े हुए किराए का नया लिस्ट जारी कर दिया है। इसकी जानकारी देते हुए पलामू जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बढ़े हुए किराया का लिस्ट पलामू के उपायुक्त व सदर एसडीएम को उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि 11 जून से किराया वसूल किए जाएंगे।
एसोसिएशन के सचिव सत्येंद्र सिंह उर्फ मंगल सिंह ने बताया डालटनगंज से रांची का किराया 300 की जगह अब 350, रूपए व एसी बस का कराया 425 रूपए लिए जाएंगे। चंदवा के लिए 160 की जगह अब 185, लातेहार 112 की जगह अब 130, मनिका 70 की जगह अब 80, सतबरवा 50 की जगह अब 58 रूपए वसूल किए जाएंगे। इसी तरह डालटनगंज से लेस्लीगंज 32 की जगह अब 37, पांकी 80 की जगह अब 92, लोहरसी 93 की जगह अब 107, बहेरा 96 की जगह अब 110 रूपए वसूल किए जाएंगे। इसी तरह डालटनगंज से पाटन 50 की जगह 58, नावाजयपुर 70 की जगह 80, किसुनपुर 52 की जगह 60, मनातू 105 की जगह 120, चक 122 की जगह 140, बगेईया 80 की जगह 92 रूपए किराया वसूल किए जाएंगे। इसी तरह डालटनगंज से छतरपुर 80 की जगह 92, जपला 131की जगह 150, हैदरनगर 142 की जगह 163, हरिहरगंज 122 की जगह 140, अम्बा 135 की जगह 155, औरंगाबाद 170 की जगह 195, डेहरी 215 की जगह 248, सासाराम 245 की जगह 282 रूपए किराया वसूल किए जाएंगे। इसी तरह डालटनगंज से कुटमु 35 की जगह 40, बरवाडीह 52 की जगह 60 डालटनगंज से मंडल 105 की जगह 121, बेतला 45 की जगह 52, छिपादोहर 70 की जगह 80, गारु 100 की जगह 115, महुंआडांड 182 की जगह 210, चटकपुर 200 की जगह 230, नेतरहाट 250 की जगह 287 रूपए भाड़ा लिए जाएंगे।
इसी तरह डालटनगंज से पंड़वा 30 अब 35 रेहला 61 अब 71 गढ़वा 84 अब 96, पांडू 101 अब 116, कजरू 108 अब 124, उंटारी 122 अब 140, नगर 150 अब 172 रूपए लिए जाएंगे। डालटनगंज से नगर भाया शाहपुर 133 अब 153, भवनाथपुर 184 अब 212, डालटनगंज से खरौंधी 227 अब 261, डालटनगंज से खरौंधी भाया शाहपुर 210 अब 242, केतार 212 अब 244, केतार भाया शाहपुर 194 अब 223, पाचाडुमर 220 अब 253, डालटनगंज से पाचाडुमर भाया शाहपुर 201 अब 231, करीवाडीह 238 अब 274 रूपए लिए जाएंगे। इसी तरह डालटनगंज से गढ़वा भाया शाहपुर 61 अब 71, बेलहारा 131अब 151, बेलहरा से गढ़वा 84 अब 97, जपला 32 अब 37, उँटारी 56 अब 65, गढ़वा से पांडू 70 अब 80, कजरू 80 अब 92, डालटनगंज से पिपरा 131 अब 150 रूपए वसूल किए जाएंगे।
इसी तरह डालटनगंज से पटना 350 अब 400, डालटनगंज से रांची (वातानुकूलित) 350 अब 425, डालटनगंज से लातेहार 150 अब 185 रूपए लगेंगे। पलामू जिला ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिन जगहों का किराया अंकित नहीं किया गया है वहां पुराने किराया में 15 से 20 प्रतिशत बढ़ा कर राशि लिया जाएगा ।

# जनता दरबार में डीसी ने सुनीं 100 से अधिक शिकायतें, कई मामलों का मौके पर हुआ समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे 100 से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान पेंशन, राशन कार्ड, फोस्टर केयर, धान भुगतान, आवास, बिजली, पेयजल, भूमि विवाद समेत विभिन्न मामलों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर आवेदकों को राहत प्रदान की गई जनता दरबार में गादी श्रीरामपुर निवासी गुलबी देवी ने पिछले आठ माह से विधवा पेंशन बंद रहने की शिकायत दर्ज कराई। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सामाजिक सुरक्षा विभाग को पेंशन पुनः चालू कराने तथा लंबित राशि का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जमुआ प्रखंड की सविता देवी ने पति द्वारा दूसरी शादी किए जाने और राशन कार्ड से नाम हटाए जाने की शिकायत की। उन्होंने नया राशन कार्ड बनवाने की मांग रखी। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, जमुआ को मामले की जांच कर प्राथमिकता के आधार पर नया राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया एक अन्य मामले में पिता विहीन बच्ची अनविया अहमद को फोस्टर केयर योजना से जोड़ने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया, ताकि उसे योजना का लाभ मिल सके वहीं पिंडातांड निवासी संतोष कुमार वर्मा ने धान अधिप्राप्ति की राशि का भुगतान नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई। उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा भुगतान में विलंब के कारणों की जानकारी देने का निर्देश दिया जनता दरबार में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि, खाद्यान्न, म्यूटेशन, जमाबंदी, जमीनी विवाद, पारिवारिक कलह और मारपीट से संबंधित मामलों की भी सुनवाई की गई। उपायुक्त ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जनता दरबार शासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहा है जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़, डीसी ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश 100 से अधिक शिकायतों पर सुनवाई, कई मामलों का मौके पर निपटारा पेंशन, राशन कार्ड और धान भुगतान के मामलों में डीसी ने लिया त्वरित संज्ञान।

# केदारनाथ यात्रा पर निकले युवक की गोली मारकर हत्या

## करसो पुल के पास अपराधियों का तांडव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग/बरही।** बरही थाना क्षेत्र के करसो पुल के समीप अपराधियों ने ओकनी निवासी विक्की सोनी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विक्की सोनी केदारनाथ यात्रा पर जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान करसो पुल के पास घात लगाए अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ-साथ आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल हत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है और अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उपायुक्त ने किया माल्यार्पण

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्वतंत्रता संग्राम, आदिवासी समाज की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उनकी प्रतिमा पर उपायुक्त हेमन्त सती ने माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन साहस, स्वाभिमान और बलिदान का प्रतीक है। 'उलगुलान' आंदोलन के माध्यम से अन्याय, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध जो अलख उन्होंने जगाई थी,वह आज भी जनजातीय समाज और सम्पूर्ण भारतवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस दौरान उप विकास आयुक्त रिया सिंह, नगर आयुक्त श्री ओम प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान अन्याय और शोषण के विरुद्ध : हृदयानंद मिश्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला राजीव गांधी विचार समिति के तत्वावधान में धरती आबा, अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक गोपाल सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हृदयानंद मिश्र, एडवोकेट, अध्यक्ष, झारखंड प्रदेश राजीव गांधी विचार समिति एवं सदस्य, हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड सरकार उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्य सचिव जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक एवं चेयरमैन, झारखंड प्रदेश कांग्रेस शिक्षा विभाग के श्याम नारायण सिंह उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं राजीव गांधी विचार समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात श्रद्धा-सुमन सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हृदयानंद मिश्र ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाली चेतना का नाम हैं। उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यवाद और शोषण के विरुद्ध आदिवासी समाज को संगठित कर स्वाभिमान और अधिकारों की लड़ाई का नेतृत्व किया। बिरसा मुंडा का जीवन हमें अन्याय, उत्पीड़न और असमानता के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। आज आवश्यकता है कि उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाया जाए और सामाजिक न्याय, समानता तथा भाईचारे के मूल्यों को मजबूत किया जाए। झारखंड की पहचान और गौरव के रूप में बिरसा मुंडा सदैव आने वाली पीढ़ियों के प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उनका बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। विशिष्ट अतिथि बिट्टू पाठक ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने अपने संघर्ष से यह सिद्ध किया कि संगठित जनशक्ति किसी भी अन्यायपूर्ण व्यवस्था को चुनौती दे सकती है। उनका जीवन संघर्ष, साहस और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा है। विशिष्ट अतिथि श्याम नारायण सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अल्पायु में ही जो वैचारिक और सामाजिक क्रांति का सूत्रपात किया, वह भारतीय इतिहास में अद्वितीय है। उनका संघर्ष वंचितों और शोषितों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित था। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख लोग हृदयानन्द मिश्रा श्याम नारायण सिंह जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक समीम अहमद राईन ईश्वरी प्रसाद सिंह राजकुमार सिंह सचितानन्द मिश्रा सुमन तिर्की सीटू पाठक अजय साहू सुरेश पाठक जतरु उरांव गिरजा राम विद्या सिंह चेरो मुंन्द्रिका तिवारी सन्नू खान खुर्शीद आलम बालेसवसर भगत मनीषा कुमारी हेमनती लकड़ा आदि उपस्थित थे।

# अनिल चौरसिया की 14वीं पुण्यतिथि 16 को

## कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** डालटनगंज- भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रहे अनिल चौरसिया की 14वीं पुण्यतिथि 16 मई को मनाई जाएगी। उक्त निर्णय डालटनगंज के विधायक आलोक कुमार चौरसिया के शाहपुर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में ली गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में स्व.अनिल चौरसिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने उनके व्यक्तित्व, सामाजिक योगदान व जनसेवा के प्रति समर्पण को स्मरण किया। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित बनाने को लेकर पार्टी नेताओं ने अपने- अपने सुझाव दिए। विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि स्व अनिल चौरसिया का जीवन समाज सेवा, जनकल्याण व मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उनके आदर्श व विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि 16 जून को आयोजित होने वाली 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। उन्होंने डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, समर्थकों व आमजन से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया। बैठक का का संचालन पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी ने किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष भीष्म चौरसिया, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य विकास चौरसिया, मंजू देवी, बबलू चौरसिया, शशिभूषण पांडेय, प्रेमलाल चौधरी सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एनपीसीआई महत्वपूर्ण सुझावों के साथ नागरिकों को कर रहा सशक्त

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डिजिटल भुगतान ने भारत भर में लाखों उपयोगकर्ताओं के लिए रोज़मर्रा के लेनदेन को तेज़, आसान और अधिक सुलभ बना दिया है। जैसे-जैसे यह सुविधा बढ़ रही है, उपयोगकर्ताओं के लिए जागरूक और सतर्क रहना महत्वपूर्ण है। सुरक्षित भुगतान के तरीके अपनाना आसान है और यह सुरक्षित डिजिटल अनुभव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एनपीसीआई नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल भुगतान के लिए 5 महत्वपूर्ण सुझावों के साथ सशक्त बनाता है जिनमें भुगतान करने से पहले हमेशा जांच करें, केवल विश्वसनीय भुगतान ऐप्स और वेबसाइटों का ही उपयोग करें, अपना पिन या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें, किसी भी भुगतान में जल्दबाज़ी न करें और भुगतान अलर्ट चालू रखें और उन्हें नियमित रूप से जांचते रहें जैसे सुझाव शामिल है। कुछ सतर्क आदतें अपनाकर हर उपयोगकर्ता अपनी डिजिटल सुरक्षा पर नियंत्रण रख सकता है। जागरूकता और जिम्मेदार उपयोग के साथ, डिजिटल भुगतान रोज़मर्रा की जिंदगी का एक भरोसेमंद और सशक्त हिस्सा बने रह सकते हैं। किसी भी संदिग्ध नंबर की रिपोर्ट राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करके या दूरसंचार विभाग के वेबसाइट के माध्यम से करें। संदेशों को सुरक्षित रखें, स्क्रीनशॉट लें और सभी बातचीत का रिकॉर्ड रखें। यह जानकारी आवश्यकता पड़ने पर रिपोर्ट दर्ज कराने में अधिकारियों की मदद कर सकती है।

# जनप्रतिरोध की धारा और रामेश्वर प्रशांत विषय पर व्याख्यान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** जनवादी लेखक संघ जिला इकाई द्वारा राजकीय कृत मध्य विद्यालय बारो में कविवर रामेश्वर प्रशांत के सातवें स्मृति दिवस पर 'जनप्रतिरोध की धारा और रामेश्वर प्रशांत ' विषय पर व्याख्यान सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लखनऊ से पधारे लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार कौशल किशोर थे, जिन्हें जलेस के बिहार राज्य सचिव कुमार विनीताभ, कवि-आलोचक डॉ0 रामाज्ञा राय 'शशिधर' (बी0 एच0 यू0, बनारस), बरौनी नगर के वार्ड पार्षद अशोक ठाकुर ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जलेस के जिला उपाध्यक्ष डॉ0 चन्द्रशेखर चौरसिया ने की तथा उप सचिव डॉ निरंजन कुमार ने संचालन किया। रामेश्वर प्रशांत के साथ की अपनी यादों को साझा करते हुए कौशल किशोर ने कहा कि जनप्रतिरोध की धारा अपने समय-समाज के परिप्रेक्ष्य में परिभाषित होती है। कबीर अपने समय की अग्रमामी चेतना के रचनाकार हैं तो प्रशांत जी अपने समय के अग्रणी साहित्यकार हैं। उनका जीवन राजनीति और साहित्य के सहमेल से बना है। उनकी कविताओं की निर्मिति इसी से हुई है। सत्तर के दशक में कविता की जमीन बदलती है। जहाँ धूमिल, रघुवीर सहाय व्यवस्था की आलोचना करते हैं। वहीं प्रशांत जी कविता में इसके आगे सर्वहारा के पक्ष में बदलाव की बात करते हैं। इसी मकसद के लिए उन्होंने अपने जीवन को समर्पित कर दिया। ये वैचारिक कवि हैं। इनकी कविता में उसका स्थूल नहीं, सृजनात्मक रूप सामने आता है।कवि-आलोचक डॉ रामाज्ञा राय 'शशिधर' ने रामेश्वर प्रशांत को याद करते हुए कहा कि हमारे बनने में प्रशांत जी की भूमिका है। उन्होंने कविता में कभी रोने-धोने का काम नहीं किया बल्कि संघर्ष के द्वारा उम्मीद की लौ को हमेशा जलाए रखा। वे 70 के दशक के अग्रणी कवि हैं। उन्होंने कविता के विभिन्न रूपों में रचना की। कला के प्रति सजगता देखने को मिलती है। भले ही उनकी कर्मभूमि बेगूसराय जनपद रही हो लेकिन वैचारिक परिप्रेक्ष्य वैश्विक था। पाब्लो नेरुदा पर जब लिखते हैं तो भारत में अभिव्यक्ति पर बढ़ते संकट को भी लाते हैं।

# नमन दिवस पर बिरसा मुंडा युवा प्रशिक्षण केंद्र में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड-एसबीआई ग्राम सेवा परियोजना के तहत एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से ऐडेंट संस्था द्वारा चुकुरु गांव में स्थापित बिरसा मुंडा युवा प्रशिक्षण केंद्र में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के नमन दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। नमन दिवस पर पलामू प्रमंडल के रम्यभूमि त्रिबल सैन्यपरिवार कल्याण फाउंडेशन के पूर्व सैनिकों, आईडेंट टीम के सदस्यों व स्थानीय युवाओं ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। पूर्व सैनिकों ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, साहस व समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है। युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के लिए आगे आना चाहिए। बताते चलें कि केंद्र भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में स्थापित किया गया है। आदिवासी युवाओं को निशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण व थ्योरी कक्षाओं के माध्यम से रक्षा सेवाओं के लिए सर्वांगीण तैयारी प्रदान कराता है।
केंद्र में युवाओं को सेना, अर्धसैनिक बलों, पुलिस व अन्य सुरक्षा सेवाओं में भर्ती हेतु आवश्यक फिटनेस, अनुशासन, मार्गदर्शन और परीक्षा-उन्मुख प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है। यह पहल पलामू जिले के आदिवासी एवं ग्रामीण युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बनकर उभर रही है। इस अवसर पर रम्यभूमि त्रिबल सैन्यपरिवार कल्याण फाउंडेशन के सदस्य पूर्व सैनिक सुनील कुमार सिंह, विकास तिवारी, नवल किशोर पांडेय, पंकज तिवारी, जितेंद्र तिवारी व सेवारत सैनिक शशिकांत ओझा, टीम आईटेंट के नीतीश कुमार सिंह, डॉ सुनील कुमार, अभिषेक आनंद सहित कई सहयोगी सदस्य, छात्र- छात्राएं व ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# अंडर-18 एशिया कप की गोल्ड और कांस्य पदक विजेता बालक-बालिका टीम का स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**खूंटी।** अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम ने कोरिया को तीन शून्य से हराकर कांस्य पदक जीता और उस टीम में खूंटी की बेटी श्रुति कुमारी शामिल थी। वहीं भारतीय हॉकी टीम के अंडर-18 एशिया कप में गनालोया और ऑस्केया गांव के दो बेटों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिया। हॉकी के बालक और बालिका दोनों टीमों को जिला प्रशासन ने बुके, शॉल और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। हॉकी खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में जिले के उपायुक्त मो. जावेद हुसैन, पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग, डीडीसी प्रवीण कुमार प्रकाश समेत खेल पदाधिकारी, खूंटी जिला हॉकी एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव, हॉकी ओलंपिक संघ समेत खेल से जुड़े अन्य पदाधिकारी और खिलाड़ियों के कोच, अभिभावक समेत बड़ी संख्या में जिलावासी उपस्थित थे। सम्मान समारोह में उपस्थित हॉकी कोचों ने हॉकी नर्सरी की अपनी स्मृतियों को साझा किया और बताया कि शुरुवाती दिनों में हॉकी किट बॉल की कमी के बावजूद लगातार मैदान पर प्रैक्टिस से खिलाड़ियों में खेल क्षमता का विकास हुआ। लगातार खुले मैदान एवं एस्ट्रो टर्फ में प्रैक्टिस की बदौलत खूंटी, सिमडेगा और रांची के खिलाड़ियों को अंडर-18 के भारतीय टीम में जगह मिली। एक साथ अंडर 18 के बालक बालिका टीम ने स्वर्ण पदक और कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। यह खूंटी समेत राज्य और देश के लिए गौरव का पल है। जिले के उपविकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश ने सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाईयां दी और कहा कि खूंटी जिले का नाम शुरू से ही हॉकी से जुड़ा था है जयपाल सिंह मुंडा की कप्तानी में देश ने ओलंपिक में स्वर्ण पदक हासिल किया था। बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए यहां के बच्चे सीनियर टीम में भी अपनी जगह बनाकर देश का नाम रोशन करेंगे। जिले के पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने चक दे इंडिया फिल्म का उदाहरण देते हुए खिलाड़ियों को विपक्ष की टीम के नकारात्मक अटैकिंग से बचने की सलाह दी। साथ ही कहा कि लगातार मेहनत और लगन के बल पर ही राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय और ओलंपिक टीम में अपनी जगह बना सकते हैं। जिले के उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने हॉकी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शारीरिक फिटनेस पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। शारीरिक फिटनेस से ही खेल क्षमता में लगातार सुधार होता रहेगा। उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ी विराट कोहली के फिटनेस का उदाहरण दिया और बताया कि बढ़ती उम्र के बावजूद फिटनेस के कारण खिलाड़ी लंबे समय तक सफल बने रह सकते हैं।

# जमशेदपुर के रसीले आम का स्वाद अब पहुंचा लंदन

## डेढ़ टन आमों की पहली अंतरराष्ट्रीय खेप रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। जिले में उत्पादित रसीले आम अब देश की सीमाएं पार कर अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच रहे हैं। एग्रीकल्चर एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी के सहयोग से जिले से करीब डेढ़ टन आमों की पहली अंतरराष्ट्रीय खेप यूनाइटेड किंगडम के लंदन के लिए रवाना की गई। समाहरणालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त राजीव रंजन ने आमों से लदे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले के किसानों की उपज का वैश्विक बाजार तक पहुंचना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिससे किसानों को बेहतर बाजार और उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, वैज्ञानिक खेती और निर्यात मानकों का पालन कर जिले के अन्य कृषि उत्पादों को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं एपीडा के डायरेक्टर शशिकांत मंडल ने कहा कि झारखंड के आमों की गुणवत्ता और स्वाद को अंतरराष्ट्रीय बाजार में अच्छी पहचान मिल रही है। यह पहल किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ राज्य के कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। जिले से आमों के निर्यात की यह पहली खेप किसानों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने वाली है और आने वाले समय में कृषि निर्यात को और विस्तार मिलने की उम्मीद है।

# जनता दरबार में भूमि विवाद का छाया रहा मामला

**लोहरदगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं पुलिस-जनता संवाद को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को कुडू थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसपी सादिक अनवर रिजवी, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सीओ सह बीडीओ संतोष उरांव, थाना प्रभारी अजित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जनता दरबार में भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, भरण-पोषण, अनुकंपा नियुक्ति समेत विभिन्न मामलों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। सर्वाधिक मामले जमीन विवाद से संबंधित रहे। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों के त्वरित निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एसपी सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि प्रशासन जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अधिकांश भूमि विवाद पारिवारिक प्रकृति के हैं, जिन्हें आपसी समझदारी से सुलझाया जा सकता है।

# आम्रलिका महोत्सव : किसानों, स्वयं सहायता समूहों एवं आम उत्पादकों को मिला बड़ा मंच

## बोकारो की पहचान आम, कृषि एवं बागवानी उत्पादों का हब बनाने की दिशा में जिला प्रशासन





तस्वीर : डीडीसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित आम्रलिका आम महोत्सव-2026 में जिले के जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, किसानों, स्वयं सहायता समूहों की दीदियों एवं आम उत्पादकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम उत्पादकों को विपणन का बेहतर मंच उपलब्ध कराना तथा जिले में बागवानी आधारित आजीविका को बढ़ावा देना है।

**किसानों के चेहरे की खुशी ही कार्यक्रम की वास्तविक सफलता : उपायुक्त**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि आम्रलिका आम महोत्सव स्वाद, सुगंध और संस्कृति का संगम है। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम की सफलता केवल उत्पादों की बिक्री से नहीं आंकी जाती, बल्कि इसमें भाग लेने वाले किसानों और आयोजन से जुड़े लोगों के चेहरे पर दिखने वाली खुशी और संतोष ही इसकी वास्तविक सफलता का पैमाना है।

**बिरसा हरित ग्राम योजना से जुड़े हजारों किसान**

उपायुक्त ने कहा कि कोविड-19 के बाद राज्य सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री की प्रेरणा से बिरसा हरित ग्राम योजना को अभियान के रूप में आगे बढ़ाया गया। आज जिले में लगभग 4,500 एकड़ से अधिक क्षेत्र में बागवानी विकसित की गई है तथा लगभग 5,500 किसान इससे जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि शुरूआत में लोगों की रुचि कम थी, लेकिन आज किसान एक-दूसरे को देखकर इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**झारखंड के आम को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की जरूरत**

उपायुक्त ने कहा कि भारत विश्व के कुल आम उत्पादन का लगभग 40 प्रतिशत उत्पादन करता है। झारखंड की प्राकृतिक हरियाली, संस्कृति और मिठास को आम के साथ जोड़कर ब्रांडिंग की जाए तो राज्य के आम को देशभर में नई पहचान मिल सकती है। उन्होंने लक्ष्य रखा कि आने वाले वर्षों में बोकारो के आम की मांग पूरे देश में हो और यहां के किसान सीधे बड़े बाजारों से जुड़ें।

**युवाओं को एग्रो-बेस्ड स्टार्टअप की ओर बढ़ने की अपील**

उपायुक्त ने युवाओं से कृषि एवं बागवानी आधारित उद्योगों में संभावनाएं तलाशने की अपील की। उन्होंने कहा कि आम आधारित प्रसंस्करण इकाइयों, मूल्य संवर्धन तथा एग्रो-बेस्ड उद्योगों के माध्यम से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकते हैं। उन्होंने डीएमएफटी एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से आम उत्पादों पर आधारित महिला समूहों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया।

**बोकारो की नई पहचान बने कृषि और बागवानी**

उपायुक्त ने कहा कि बोकारो केवल इस्पात, उद्योग और खनिजों के लिए ही नहीं, बल्कि कृषि, बागवानी और स्थानीय उत्पादों के लिए भी जाना जाए। उन्होंने जिलेवासियों से स्थानीय किसानों द्वारा उत्पादित आम खरीदने तथा बोकारो के आम को राज्य और देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**हर पंचायत में ऐसे आयोजन होने चाहिए : जिला परिषद अध्यक्ष**

मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा कि आम फलों का राजा है और इसकी बागवानी किसानों के लिए आय का अच्छा स्रोत बन रही है। उन्होंने कहा कि जिले की स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और किसान इस क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने प्रत्येक पंचायत स्तर पर ऐसे आयोजनों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया ताकि किसानों और महिला समूहों को अधिक अवसर मिल सकें।

**बिरसा हरित ग्राम योजना ने बदली किसानों की**

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि आम्रलिका आम महोत्सव का मुख्य उद्देश्य किसानों को एक साझा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने उत्पादों का विपणन कर अधिक लाभ अर्जित कर सकें। उन्होंने बताया कि बिरसा हरित ग्राम योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत भूमिहीन, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग एवं अन्य जरूरतमंद किसानों को फलदार पौधे उपलब्ध कराए जाते हैं। पौधों के रखरखाव, सिंचाई, तकनीकी मार्गदर्शन तथा अन्य आवश्यक सहायता भी योजना के अंतर्गत दी जाती है।

**4,500 एकड़ बंजर भूमि को बनाया गया हरित क्षेत्र**

उप विकास आयुक्त ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक जिले में लगभग 4,500 एकड़ बंजर भूमि को हरित क्षेत्र में परिवर्तित किया गया है। योजना के तहत किसानों को फल उत्पादन के साथ-साथ अंतरवर्ती खेती (इंटरक्रॉपिंग) का भी लाभ मिल रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है।

**इस वर्ष 50 टन से अधिक आम उत्पादन**

उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष अब तक जिले में 50 टन से अधिक आम का उत्पादन दर्ज किया गया है। जिले के नौ प्रखंडों से लाभुकों ने महोत्सव में भाग लिया है। मल्लिका, आम्रपाली और लंगड़ा जैसी प्रमुख किस्मों के आम प्रदर्शित एवं विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक आम खरीदने और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने में सहयोग की अपील की, ताकि किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिल सके।

**किसानों और महिला समूहों के उत्साह ने बढ़ाई महोत्सव की शोभा**

महोत्सव में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए किसानों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं आम उत्पादकों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन दिया तथा किसानों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, एआरएम विनीत कुमार,एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, एएसपी वेदान्त शंकर आदि ने भी संबोधित किया।

# हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम में 62 मामलों पर हुई सुनवाई

## उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा - निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं (लोक संवाद) कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की। कार्यक्रम के दौरान प्राप्त 62 आवेदनों पर विस्तार से विचार करते हुए उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मामलों के शीघ्र निष्पादन पर बल दिया।

**समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश**

सुनवाई के दौरान बिजली, आपूर्ति, भू-अर्जन, ग्रामीण विकास विभाग,खेल, एवं विभिन्न अंचल कार्यालयों से संबंधित मामलों को प्रमुखता से लिया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए तथा आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

**संवाद और समाधान की प्रभावी व्यवस्था**

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के प्रति पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी निष्पादन प्रशासन की जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यक्रम लोगों को अपनी बात सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करते हैं तथा शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास को मजबूत करते हैं।

**प्रखंड एवं अंचल स्तर पर भी हुई सुनवाई**

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी लोक संवाद का आयोजन किया गया। वहां प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों द्वारा सुनवाई की गई। कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि अन्य मामलों में आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत हेमलता बून, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महिला का पर्स छीनकर भाग रहे दो झपटमार गिरफ्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद में सरायढेला पुलिस ने झपटमारी की एक घटना का त्वरित खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपराधी के पास से मोटरसाइकिल, लूटे गए पर्स और उसमें रखा रुपया और दो मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। मंगलवार को इस संबंध जानकारी देते डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर प्रकाश सोय ने बताया कि रविवार 8 जून 2026 को शाम करीब 4 बजकर 40 मिनट पर सरायढेला थाना प्रभारी मंजीत कुमार को सूचना मिली कि बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक एक महिला का लेडीज पर्स छीनकर फरार हो रहे हैं। पीड़िता जोशना देवी, जो राजगंज थाना क्षेत्र के बगदाहा गांव की रहने वाली हैं, अपने ससुराल से राजगंज लौट रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उनका पर्स झपट लिया और भाग निकले। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने गश्ती पदाधिकारी सब इंस्पेक्टर रजनीश कुमार को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया।

# अवैध खनन के खिलाफ उठी आवाज तो चली गोली एवं बम, पुलिस गाड़ी में तोड़फोड़, तीन हिरासत में



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाघमारा अनुमंडल के चिटाही-बहीयरडीह क्षेत्र में अवैध कोयला खनन को लेकर जबरदस्त बवाल हो गया। बंद खदान में चल रहे कथित अवैध खनन के विरोध में पहुंचे ग्रामीणों पर गोलीबारी, बमबाजी और पत्थरबाजी किए जाने का आरोप लगा है। घटना में आधा दर्जन से अधिक महिला-पुरुष घायल हो गए, जबकि पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया।ग्रामीणों का आरोप है कि बहीयरडीह की बंद खदान से लंबे समय से प्रतिदिन ट्रकों के जरिए अवैध कोयले की निकासी की जा रही थी। खनन के दौरान क्षेत्र की जोरिया (जलधारा) को करकट, सीमेंट और बालू डालकर बंद कर दिया गया, जिससे जोगिडीह और बहीयरडीह के हजारों घरों में पानी का संकट गहरा गया। इस समस्या को लेकर ग्रामीण कई बार धरना, प्रदर्शन और सड़क जाम कर चुके थे।बताया जाता है कि हाल ही में बीसीसीएल और सीआईएसएफ ने कार्रवाई करते हुए लगभग 40 टन कोयला जब्त किया था, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि बंद की गई जोरिया को अब तक नहीं खोला गया। इसी मांग को लेकर रविवार को सैकड़ों ग्रामीण खदान के पास पहुंचे और जलधारा को खोलने का प्रयास करने लगे।ग्रामीणों के अनुसार, इसी दौरान अवैध खनन से जुड़े लोगों ने उन पर हमला कर दिया। गोलीबारी, बमबाजी और पत्थरबाजी में कई लोग घायल हो गए। घायलों में गुड़िया देवी समेत कई महिला-पुरुष शामिल बताए जा रहे हैं .घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नाराजगी जताई। आरोप है कि गुस्साए लोगों ने बरोरा थाना की एक पुलिस गाड़ी को निशाना बनाया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।स्थिति बिगड़ने की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करने का प्रयास किया। बाद में पीड़ित ग्रामीण शिकायत दर्ज कराने सोनारडीह ओपी पहुंचे, जहां पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी बहस हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत महिला समिति द्वारा पौधारोपण



**तेतुलमारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रज्वला महिला समिति, सिजुआ द्वारा सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के समीप नवनिर्मित प्रज्वला महिला समिति क्लब के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सर्वप्रथम पर्यावरण की संरक्षण के लिए शपथ लिया गया। इसके बाद फलदार वृक्षों का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रज्वला महिला समिति के अध्यक्षा शर्मिष्ठा चक्रवर्ती ने कहा कि हमारी प्रज्वला महिला समिति, सिजुआ क्षेत्र के द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया गया है। उन्होंने जनमानस से प्रार्थना की कि अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाए, जिससे जलवायु परिवर्तन के संकट से बचा जा सके साथ ही साथ उन्होंने पत्रकार भाईयों को भी प्रोत्साहित कर सभी को प्रेरित किया और सभी पत्रकार बंधुओं ने भी पौधारोपण किया। इस पुनीत अवसर पर बोन्नोश्री नंदा, अपर्णा चौधरी, रेखा कुमार, रोशनी अंसारी, रीना मित्रा आदि उपस्थित थी।

### भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को नया मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण/पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, नियोजन पदाधिकारी प्रत्युष शेखर, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के त्याग, संघर्ष एवं राष्ट्रहित में दिए गए उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया। अधिकारियों ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका जीवन समाज को न्याय, समानता और स्वाभिमान के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों एवं दिखाए गए मार्ग पर चलने तथा समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

### सदर अस्पताल में एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड व आधुनिक लॉन्ड्री का उद्घाटन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सदर अस्पताल में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने फिता काटकर एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, डेंटल एक्स-रे व आधुनिक लॉन्ड्री मशीन का उद्घाटन किया। उद्घाटन करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का सपना है कि राज्य के हर व्यक्ति को निःशुल्क या न्यूनतम दर पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा मिले। इस कड़ी में बंधन बैंक ने सीएसआर से सदर अस्पताल को एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, डेंटल एक्स-रे व आधुनिक लॉन्ड्री मशीन प्रदान किए हैं। अब यहां आने वाले आम जनों को न्यूनतम दर पर उत्कृष्ट सेवा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में हर व्यवस्था सुदृढ़ हो जाने से एक ही छत के नीचे 2477 लोगों का इलाज संभव हो सकेगा। उपायुक्त ने कहा कि सदर अस्पताल ने विगत एक वर्ष में अप्रत्याशित उपलब्धि हासिल की है। प्रतिदिन 600 से 700 लोग ओपीडी में आते हैं। अस्पताल में आधुनिक उपकरणों एवं चिकित्सकों की बेहतरीन टीम के कारण जटिल से जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं। इस अस्पताल में गरीब लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ भी मिलता है। इसके कारण धनबाद जिले के अलावा पड़ोसी जिले से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं।

# चैंबर का प्रतिनिधिमंडल विभिन्न समस्याओं को लेकर बीएसएल नगर सेवा के मुख्य महाप्रबंधक से मिला



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंडल ने बोकारो इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार को एक विस्तृत सुझाव पत्र सौंप कर बोकारो इस्पात नगर के समग्र विकास, व्यापारिक गतिविधियों के संवर्धन तथा नागरिक सुविधाओं से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है। अध्यक्ष मनोज चौधरी एवं महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि सिटी सेंटर स्थित व्यावसायिक एवं आवासीय भूखंडों के लीज नवीकरण के लिए निर्धारित लैंड एंड बिल्डिंग चार्ज तथा सर्विस चार्ज में अत्यधिक वृद्धि (लगभग 100 गुना,446 गुना एवं357 गुना तक) किए जाने के कारण नगर में विकास संबंधी गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। इस विषय पर झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा भी आदेश पारित किया जा चुका है। प्रतिनिधिमंडल ने नगर के संतुलित एवं दीर्घकालिक विकास को ध्यान में रखते हुए न्यायालय के आदेश के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। व्यापारिक गतिविधियों के संबंध में प्रबंधन द्वारा निर्धारित अत्यधिक शुल्क एवं विभिन्न प्रतिबंधों पर भी चिंता व्यक्त की गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक आर्थिक वातावरण में ऐसी व्यवस्थाएं स्थानीय व्यापार एवं निवेश को प्रभावित कर रही हैं तथा कई व्यवसायी अन्यत्र स्थानांतरण पर विचार कर रहे हैं। इसलिए इन नियमों एवं शुल्कों की पुनर्समीक्षा कर उन्हें व्यावहारिक एवं व्यापार-अनुकूल बनाया जाना चाहिए। महामंत्री ने मांग किया कि नगर के प्रमुख क्षेत्रों में समय-समय पर उत्पन्न होने वाली बिजली एवं पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग की गई। सिटी सेंटर के ब्लॉक बी, सी एवं इ में विद्युत पैनल जर्जर हो चुके हैं।इनको तत्काल बदलने की आवश्यकता है।

# झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग की टीम ने की मो. दिलशाद अंसारी के परिजनों से मुलाकात

## गहराई से जांच कर पूरे हत्याकांड का खुलासा करने की बात कही



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान (मंत्री दर्जा), सदस्य बरकत अली एवं रंजीत मल्लिक की तीन सदस्य टीम ने आज धनबाद जिले का दौरा किया। टीम सबसे पहले बोर्रागढ ओपी पहुंची। जहां स्व. मो. दिलशाद अंसारी के परिजनों से मुलाकात कर हत्याकांड पर दुख जताया और परिजनों को सांत्वना दी। इसके बाद टीम ने स्थानीय लोगों से मृत्यू की घटना की पूरी जानकारी ली। इसके बाद टीम सर्किट हाउस पहुंची। सर्किट हाउस में सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव तथा अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर माननीय अध्यक्ष का स्वागत किया। टीम ने सिटी एसपी एवं अनुमंडल दंडाधिकारी से हत्याकांड को लेकर विस्तृत चर्चा की। तत्पश्चात पत्रकार वार्ता का आयोजन कर माननीय अध्यक्ष ने मीडिया को बताया कि हत्याकांड के बाद इस कांड को संज्ञान में लेते हुए पहले 2 जून को आयोग की तरफ से धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर पूरे घटना की जानकारी मांगी और आज तीन सदस्यीय अल्पसंख्यक आयोग की टीम धनबाद का विशेष दौरा कर स्व. मो. दिलशाद अंसारी के परिजनों से मुलाकात की। हत्याकांड को लेकर स्थानीय लोगों से घटना के संबंध में विस्तार पूर्वक पूछताछ की। वहीं पुलिस से जांच की प्रगति पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिस तरह से इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है उससे यह आशंका है कि हत्याकांड में चार से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं। इसलिए उन्होंने पुलिस से हत्याकांड की गहराई से जांच करने की बात कही। साथ में गिरफ्तार महिला व लड़के को रिमांड पर लेकर गहराई से पूछताछ करने का भी सुझाव दिया। अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने कहा कि हत्याकांड का कारण प्रेम पसंग नहीं हो सकता। इसलिए हत्याकांड के मुख्य कारण का खुलासा होना अति आवश्यक है। खुलासा होने पर हत्याकांड में शामिल अन्य चेहरे भी सामने लाया जाए। आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने पुलिस से हत्याकांड का जल्द से जल्द उद्बेदन कर, मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर, हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की।

# पीएमकेवीवाई के तहत प्रशिक्षित 32 युवाओं को मिले रोजगार के अवसर



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईआईटी आईएसएम के खनन अभियंत्रण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत चलाए जा रहे असिस्टेंट माइन सर्वेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। जॉब फेयर-2026 के दौरान आयोजित पहले चरण के प्लेसमेंट ड्राइव में 32 प्रशिक्षुओं को विभिन्न कंपनियों से नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यह प्लेसमेंट ड्राइव पीएमकेवीवाई 4.0 के अधिकृत प्रशिक्षण साझेदार शिवम सर्वेईंग सिस्टम और जीएस इंटीग्रेटेड रिसोर्सेज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ना और उद्योगों की जरूरत के अनुसार कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराना है। आईआईटी (आईएसएम) के खनन अभियंत्रण विभाग द्वारा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सहयोग से पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खनन क्षेत्र से जुड़ी आधुनिक तकनीकी दक्षताओं से लैस कर उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। वर्तमान में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 95 अभ्यर्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम 15 जून 2026 को पूरा होगा। प्रशिक्षण पूरा होने से पहले ही 32 अभ्यर्थियों का चयन होना इस कार्यक्रम की गुणवत्ता और उद्योग जगत में प्रशिक्षित युवाओं की बढ़ती मांग को दशार्ता है। इस अवसर पर खनन अभियंत्रण विभाग के असिस्टेंट माइन सर्वेयर कोर्स के समन्वयक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि आईआईटी (आईएसएम) धनबाद कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, उद्यमिता और स्टार्टअप के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में भी मदद कर रहा है। शिवम सर्वेईंग सिस्टम और जीएस इंटीग्रेटेड रिसोर्सेज के प्रतिनिधियों ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शेष प्रशिक्षुओं को भी रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आगामी चरणों में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किए जाएंगे। यह पहल शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग जगत और सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय का उदाहरण है, जो देश के लिए कुशल और रोजगारोन्मुख मानव संसाधन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com